
* ओड़िशा संस्करण
18 जनवरी, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 89

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही




## राम मंदिर
प्राण प्रतिष्ठा काउंटडाउन
05 दिन शेष







# अयोध्या से पुरी तक भक्तों में जोश



रामलला की इस मूर्ति को कराया गया मंदिर परिसर भ्रमण।

देश ही नहीं, विश्व में रामलला की चर्चा हो रही है। पूरा देश इस समय भक्ति के सागर में डुबकी लगा रहा है। सभी को 22 जनवरी के रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का इंतजार है। देश में बुधवार का दिन खास रहा। अयोध्या से पुरी तक भक्तों में जोश रहा। एक ओर अयोध्या में जहां रामलला की मूर्ति का मंदिर भ्रमण कराया गया, वहीं दूसरी ओर पुरी में जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर का उद्घाटन हुआ।



जगन्नाथ पुरी कॉरिडोर का भव्य दर्शन।

### हेमंत सरकार के चार साल

# बालू की शुरू होगी होम डिलीवरी, बनेगा पोर्टल



- कृषि पशुपालन सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बतायी विभाग की चार वर्षों की उपलब्धियां
- खान एवं भूतत्व विभाग के बारे में भी बताया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एवं कृषि मंत्री के दिशा निर्देश पर कृषि एवं पशुपालन विभाग ने बेहतर कार्य किया है। झारखंड पूरे देश में पहला ऐसा प्रदेश है, जिसने बीज वितरण में ब्लॉक चेन प्रणाली लागू की है। हमारे इस प्रयास की पूरे विश्व में चर्चा हुई है। सुखाड़ के बावजूद इस वर्ष 1.30 लाख क्विंटल बीज का वितरण वेब पोर्टल के माध्यम से किया गया है। विभागीय सचिव बुधवार को सूचना भवन में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

खान एवं भूतत्व विभाग की जानकारी देते हुए अबू बकर सिद्दिकी ने बताया कि राज्य में झारखंड खनिज विकास निगम द्वारा तेलंगाना राज्य की तर्ज पर सैंड टैक्सी पोर्टल को मार्च 2024 तक लागू किया जायेगा। पोर्टल पर पंजीकृत ट्रैक्टर वाहनों के मालिकों / नागरिकों और उपभोक्ताओं को बालू का ऑर्डर देने के 48 घंटे के अंदर बालू गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जायेगा। वर्तमान में 14 खनिज ब्लॉकों को नीलामी के लिए तैयार किया गया है।

(शेष पेज 04 पर)


### धनबाद के बड़े कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापा

# 2 करोड़ से अधिक नकदी और निवेश के कागजात मिले

- झारखंड और छत्तीसगढ़ में 40 ठिकानों पर एक साथ छापा
- भारी नगदी और निवेश के कागजात मिलने की सूचना
- मैकलुस्कीगंज में भी छापामारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/धनबाद/महुदा।** झारखंड और छत्तीसगढ़ के करीब 40 ठिकानों पर आयकर ने छापा मारा है। झारखंड में धनबाद और बोकारो में कई बड़े कोयला कारोबारियों के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापा की सूचना है। झारखंड में जिनके यहां छेपामारी चल रही है, उनमें दीपक पोद्दार, अनिल गोयल, सुशील अग्रवाल, नीतिन अग्रवाल और साबिर आलम के नाम शामिल हैं। ये सभी धनबाद के बड़े कोयला कारोबारी हैं। जानकारी के मुताबिक, कोयला कारोबारी अनिल गोयल के दामाद रायपुर में रहते हैं। उनके यहां भी आयकर की टीम ने रेड की है। उधर, मैकलुस्कीगंज में एक होटल




में भी आयकर टीम की छापामारी की गयी है। इन सभी लोगों पर टैक्स चोरी का आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयकर टीम को भारी मात्रा में नकदी और निवेश के कागजात मिले हैं। खबर लिखे जाने तक दो करोड़ रुपये से अधिक की नकदी मिल चुकी थी। नोटी की गिनती जारी थी। विभाग की ओर से आधिकारिक बयान नहीं आया था। बुधवार की अहले सुबह आयकर विभाग की टीम धनबाद के कोयला कारोबारी अनिल गोयल, होटल और कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार, कोयला कारोबारी राणा जनार्दन सिंह सहित कई स्थानों पर रेड करने पहुंची। जिन कोल कारोबारियों के कार्यालय में टीम गयी, वहां पर उनके स्टॉफ के अलावा कोई नहीं मिला। आइटी विभाग की टीम अलग-अलग टीम बना कर एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर छापामारी कर रही है। इसमें पुराना बाजार टिकिया पाड़ा में रहनेवाले कोल कारोबारी अनिल गोयल के आवास, कार्यालय, उसके भाई के होटल के अलावा कई स्थानों पर आइटी की छापामारी चल रही है। जबकि दीपक पोद्दार के जोड़ाफाटक स्थित घर, गोविंदपुर स्थित वेडलॉक होटल, उसके गोदाम, फैक्ट्री में छापामारी चल रही है। जनार्दन सिंह के शास्त्री नगर स्थित घर पर छापामारी चल रही है। उधर, बोकारो में भी इनकम टैक्स की टीम पहुंची है। बोकारो औद्योगिक क्षेत्र फेज वन पर स्थित बसुधा उद्योगके यहां छापा मारा। मैकलुस्कीगंज स्थित जिरो माईल रिसोर्ट में संचालित वेडलाक ग्रीन के ऑफिस सह रिसोर्ट में बुधवार को इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट का रेड पड़ा अधिकारी कोयला के स्टॉक और इससे संबंधित दस्तावेजों की जांच करने में जुटे हैं।

# गुमला के डीइओ घूस लेते गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

गुमला। रांची एसीबी की टीम ने गुमला के जिला शिक्षा पदाधिकारी और उनके कंप्यूटर ऑपरेटर को एक लाख रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय गुमला से दोनों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक माघी बालिका उच्च विद्यालय की शिक्षिका कुंती कुमारी से घूस की मांग की गयी थी। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर ने 12 मई 2023 को माघी बालिका उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया था। 9 दिसंबर 2023 के समर्पित निरीक्षण प्रतिवेदन में शिक्षिका के विरुद्ध कई आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी। कुंती कुमारी ने 12 दिसंबर को बचाव स्पष्टीकरण समर्पित किया एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी से उनके कार्यालय में मिल कर दोषमुक्त करने का आग्रह किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर ने कुंती कुमारी को दोषमुक्त करने के एवज में एक लाख रुपये की मांग की। पीड़िता रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहती थी। इसके बाद मामले की शिकायत एसीबी से की गयी। एसीबी ने मामले की जांच की, तो जिला गुमला के शिक्षा पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अनूप किंडो पर आरोपों को सत्य पाया।

## न्यूज रील्स

### मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला, एक की मौत

इम्फाल। मणिपुर के मोरेह इलाके में बुधवार की सुबह उग्रवादियों के हमले में इंडियन रिजर्व बटालियन के जवान वांगखेम सोमरजीत की मौत हो गयी। इसके अलावा एक और जवान घायल हो गया। हमलावर कुकी समुदाय के बताये गये हैं।

### नगालैंड पहुंची राहुल गांधी की यात्रा

कोहिमा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के चौथे दिन की शुरुआत राहुल गांधी नगालैंड के झुनहाबोटो से की। उन्होंने लोगों से कहा कि मैं शर्मिंदा हूं कि प्रधानमंत्री मोदी ने 9 साल पहले नगालैंड के लोगों से नगा संधि को लेकर एक वादा किया था, लेकिन इसे लेकर कुछ नहीं किया। अगर आपके पास किसी चीज का हल नहीं है, तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए।

### इडी ने कैबिनेट सचिव को लिखा पत्र, कहा

# निदेशालय को पूछताछ के लिए किसी से पूछने की जरूरत नहीं

- वंदना डाडेल ने पिछले दिनों इडी को लिखा था पत्र, जिसका मिला जवाब

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि मनी लांड्रिंग मामले में राज्य के किसी भी अधिकारी से जानकारी मांगने और समन जारी करने का कारण पूछने का राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है। इडी अमूमन भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करती है। जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं है। इडी ने पिछले दिनों डाडेल द्वारा लिखे गये पत्र का जवाब दिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों कैबिनेट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें कहा गया है कि राज्य का कोई अधिकारी या कर्मी इडी के समन पर सीधे पेश नहीं होंगे। उन्हें पहले विभागीय प्रमुख को जानकारी देगी होगी। विभागीय प्रमुख मंत्रिमंडल समन्वय एवं निगरानी विभाग को जानकारी देंगे। वहां से मामले के बारे में आगे निर्देश दिया जायेगा। इडी ने साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को समन किया था। डाडेल ने इडी को पत्र लिख कर इन दोनों को समन करने के बारे में स्पष्ट करने के लिए कहा था।

### राज्यपाल ने कहा, आखिर क्यों बिगड़ेंगे हालात




रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राज्य में आखिर क्यों लॉ एंड ऑर्डर पर असर पड़ेगा। इडी अपना काम कर रही है। सीएम हेमंत सोरेन को सही जवाब इडी को देना है। इसमें लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात कहां है। कोई कानून से ऊपर नहीं है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात ही नहीं है। राज्यपाल बुधवार को इक्फाई विवि के दीक्षांत समारोह के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। एक सवाल पर राज्यपाल ने कहा कि आखिर पब्लिक क्यों गुस्सा होगी। उसे गुस्सा होने की जरूरत क्या है। ऐसा सवाल ही नहीं उठता है। लोकतंत्र में इन सब बातों की कोई जगह नहीं है। यहां तक कि प्रधानमंत्री ने भी जांच एजेंसियों (एसआइटी) को सवालों के जवाब दिये हैं। अगर आपको जननेता बनना है, तो आपको जवाब देना ही होगा।

### प्रेस सलाहकार ने 22 जनवरी के बाद पूछताछ करने के लिए लिखा पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू ने इडी को लिख कर कहा है कि उनकी पत्नी बीमार है, इसलिए पूछताछ के लिए उन्हें 22 जनवरी के बाद का समय दिया जाये। गौरतलब है कि इडी ने प्रेस सलाहकार से पूछताछ के लिए 16 जनवरी को तलब किया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। 3 जनवरी को उनके ठिकानों पर छापामारी हुई थी, जिसके बाद इडी टीम ने उन्हें समन किया था।

### इजहार अंसारी छह दिन की इडी रिमांड पर

रांची (आजाद सिपाही)। आइएएस पूजा सिंघल के करीबी इजहार अंसारी को इडी ने छह दिनों की रिमांड पर ले लिया है। 16 जनवरी को इडी ने इजहार को गिरफ्तार किया था। बुधवार को उसे पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया। इडी ने अदालत से मांग की थी कि उसे इजहार से कुछ पूछताछ करनी है। इसके लिए उसे रिमांड पर लेने की अनुमति दी जाये। अदालत ने इडी की अर्जी स्वीकार करते हुए रिमांड की मंजूरी दे दी।






सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो |



## श्री अयोध्या धाम और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष शृंखला : 7

# बाबरी विध्वंस के गवाह रहे हैं बाबूलाल मरांडी

- जब विवादित ढांचा टूटा, तब लग गया अब यहां मंदिर ही बनेगा
- दिन-रात, गांव, नगर और टोला में राम मंदिर के प्रचार में लगे थे बाबूलाल
- घर-घर बताया- कैसे रामलला के जन्मस्थान पर ताला लगा हुआ है

**आजाद सिपाही विशेष**

देश के पवित्रतम नगर श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, करोड़ों सनातनियों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। उत्साह, उमंग और उल्लास के इस दौर में कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो पूरे राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे और अपनी पूरी क्षमता के साथ इसमें भूमिका निभायी। इन लोगों की यादें आज इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इन्हें जान कर ही पता चलता है कि इस मंदिर के लिए कितने लोगों ने संघर्ष किया। क्या-क्या त्याग नहीं किया! ऐसे ही कुछ अग्रिम पंक्ति के लोगों में शुमार है झारखंड प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का नाम, जो युवावस्था में ही इस आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़ गये थे। अब जब राम मंदिर का सपना साकार होनेवाला है और पूरा देश राममय हो चुका है, बाबूलाल मरांडी ने राम मंदिर आंदोलन की अपनी यादों की गठरी को साझा किया। उनकी इस गठरी में समर्पण है, निष्ठा है, संकल्प है और सब कुछ न्योछावर करने का जज्बा है। इस गठरी से निकाल कर बाबूलाल जी ने जो कुछ बताया, उसे सुन कर रोंगटे खड़े हो गये, शरीर में झुरझुरी सी पैदा हो गयी कि राम मंदिर के लिए लोगों ने कितने तरह के और कैसे-कैसे काम किये। यह मंदिर केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि उन त्यागों-बलिदानों का जीता-जागता प्रमाण भी है, जिसके उद्घाटन से पूरे देश में एक रोमांच सा पसर गया है। बाबूलाल मरांडी की यादों की इस गठरी को अपने पाठकों के सामने लाने के लिए उनसे विस्तार से बातचीत की **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह ने।**



राकेश सिंह

### 1980 में ही राम मंदिर आंदोलन में जुड़ गये थे बाबूलाल

**जैसे-जैसे** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन 22 जनवरी नजदीक आ रहा है, अंदर से एक अलग सी ऊर्जा का सृजन हो रहा है। एक ऐसी खुशी, हर्ष और उल्लास का बोध हो रहा है, जिसे शब्दों के माध्यम से व्यक्त नहीं किया जा सकता। पांच सौ सालों की लंबी लड़ाई के बाद आज भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। पांच सौ वर्ष पहले बाबर के प्रमुख सेनापति मीरबांकी ने राम मंदिर को ध्वस्त कर बाबरी मस्जिद का निर्माण करवाया था। उस दौरान हजारों की संख्या में राम भक्तों के खून से अयोध्या की धरती लाल हुई थी। जब से रामजन्म भूमि पर विवादित ढांचा का निर्माण हुआ, उसके बाद 76 बार युद्ध हुए। असंख्य राम भक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया, लेकिन अब उसका सुखद परिणाम सामने आने वाला है। 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होने वाला है, जब भगवान राम के बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। मेरे लिए यह दिन बहुत मायनों में विशेष है। आज मेरा मन यह कहते हुए प्रफुल्लित भी है और गर्व की भी अनुभूति हो रही है कि मैं भी राम मंदिर आंदोलन का हिस्सा रहा हूं। 1980 से 90 तक मैं विश्व हिंदू परिषद से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा रहा। वह जो काल खंड रहा, वह एक प्रकार से हिंदू जागरण का काल खंड रहा। जब एकात्मता रथ यात्रा निकली, तब मैं पूरी तरह सक्रिय रूप से उस रथ यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल रहा। उन दिनों की याद आज भी मेरे दिलोदिमाग में उसी तरह जीवंत है कि कैसे लोग पूरे उत्साह के साथ इस रथ यात्रा से जुड़े। जन समर्थन इतना कि उसकी भव्यता देखने लायक थी। यह रथ यात्रा हिंदुओं को जागृत करने, एकजुट करने के ध्येय से निकाली गयी थी।

**उस वक्त भी कांग्रेस का विरोध चरम पर था :** लेकिन उस वक्त भी कांग्रेस का रवैया वैसा ही था, जैसा आज है। वह हमेशा हिंदू जागरण के विरोध में ही रही है। उस वक्त भी कांग्रेस पार्टी के लोग एकात्मता रथ यात्रा की आलोचना करते थे। कहते थे कि विश्व हिंदू परिषद वाले गंगा जल को बेच रहे हैं। लेकिन लोगों में इस रथ यात्रा को लेकर इतना उत्साह था, श्रद्धा थी कि वह देखते बनता था। 'गंगा मैया की जय' के नारों से वातावरण गूंज जाता। कहते-कहते बाबूलाल मरांडी पुरानी यादों में डूब जाते हैं।

### गाय-गंगा और गीता का संदेश लेकर हिंदुओं को जोड़ा, बताया रामलला किस अवस्था में हैं

उस वक्त मैं गिरिडीह के कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। गिरिडीह कार्यालय का काम मेरे जिम्मे था। उस दौरान हिंदू जागरण में मेरी भूमिका को भी सराहा गया। मैंने काफी मेहनत की थी। वह दौर याद करता हूं तो एक सुकून मिलता है कि मैं भगवान श्रीराम के कार्य में सम्मलित रहा, क्योंकि हम लोग तो उनकी ही सेना हैं। हमें जो मार्गदर्शन प्राप्त होते, वह उनके की प्रताप से प्राप्त होते, भले माध्यम कोई और होता। दिन-रात हम लोग गांव-गांव जाकर हिंदुओं को जोड़ने का काम करते। गाय, गंगा, गीता का संदेश लेकर लोगों के द्वार जाते। जब राम मंदिर आंदोलन चरम पर था, तो हमारी भूमिका बहुत बढ़ गयी थी। उस दौरान कई राम-जानकी रथ यात्रा निकली। झारखंड में भी निकली। मैं संथाल में था। वहां का कार्य मैं देख रहा था।



### राम रथ को लेकर गांव-गांव भ्रमण करते थे

उस दौर में हम रथ को लेकर गांव-गांव भ्रमण करते थे। उस वक्त जिस तरीके से लोग हमारा स्वागत करते, उसकी अनुभूति कल्पना से परे थी। हम लोग कोई बड़े नेता नहीं थे, हम लोग तो विश्व हिंदू परिषद के साधारण कार्यकर्ता थे। रथ यात्रा लेकर अगर हम देर रात 12 बजे, एक बजे भी पहुंचते, तो लोग हमारा इंतजार करते थे। उनकी श्रद्धा देखते ही बनती थी। पूरा गांव एकजुट हो जाता। हम राम का संदेश लेकर निकले थे, राम मंदिर के बारे में बताते। उस दौरान तो सोशल मीडिया का जमाना नहीं था। हमें टास्क मिला था कि घर-घर जाकर राम मंदिर के बारे में बताना है। राम जी की अयोध्या में क्या स्थिति थी, उससे लोगों को जागरूक करना था। अयोध्या में कैसे भगवान राम एक तरह से कैदखाने में हैं, उनके जन्मस्थान पर ताला लगा हुआ है, उससे लोगों को अवगत करवाना था। समझा जा सकता है कि कितने राम भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी, इससे भारत के कई हिस्सों में लोग अनभिज्ञ थे। जब लोगों को जानकारी प्राप्त होती, तो उनकी आखें खुलतीं, वे रोते और जन जागरण का हिस्सा बनते।

### जब पहली बार रामलला का दर्शन किया बाबूलाल मरांडी ने और आंखें डबडबा गयीं

जब मैं अयोध्या गया था, तो भगवान राम के जन्मस्थान के बाहर ताला लगा हुआ था। हमें बाहर से दर्शन करने पड़ते थे। उस दौरान विश्व हिंदू परिषद का प्रशिक्षण शिविर लगा था। उसी में मैंने भाग लिया था और रामलला के दर्शन किये थे। मुझे बड़ा आश्चर्य लगा और बहुत दुख हुआ कि करोड़ों की आस्था वाले राम, भारत देश में, वह भी अयोध्या में कैद हैं। उनके जन्मस्थान पर ताले लगे हैं। बड़ा जी घबराता यह दृश्य देख कर। गुस्सा भी आता, लेकिन पता था भवान राम एक दिन कैद से बाहर जरूर आयेंगे। हमें जो राम का कार्य मिला है, उसे ईमानदारी से करते जाना है। राह कठिन है, लेकिन राम जी की सेना हर कठिन राह को चुनौती के रूप में लेती है और सफल होती है।



### जब कमरा नंबर सात में आडवाणी को तत्कालीन डीआइजी रामेश्वर उरांव ने किया था गिरफ्तार

रात के अंधेरे में लालकृष्ण आडवाणी की गिरफ्तारी के लिए लगाये गये तत्कालीन डीआइजी रामेश्वर उरांव और डीएम आरके सिंह कमरा नंबर सात में पहुंचे। दरवाजे को खटखटाने से गहरी नींद में सो रहे आडवाणी जी की नींद टूट जाती है। जब वह दरवाजा खोलते हैं, तो दोनों अधिकारी उन्हें गिरफ्तार होने की जानकारी देते हैं। इस पर लालकृष्ण आडवाणी हंसते हुए कहते हैं, विनाश काले विपरीत बुद्धि। 23 अक्टूबर की सुबह एक हेलीकॉप्टर पटेल मैदान में उतरा। उसके बाद लालकृष्ण आडवाणी को एक काले रंग की एंबेसडर में बैठा कर सर्किट हाउस से पटेल मैदान के लिए ले जाया गया। तब तक आडवाणी जी की गिरफ्तारी की खबर फैल गयी थी। आडवाणी जी को जब गिरफ्तार करके मसानजोर लाया गया, तब दुमका के जितने भी बड़े नेता थे, सुबह-सुबह पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। एक मैं ही बचा था। मैं संगठन मंत्री था। जब तक आडवाणी जी मसानजोर में नजरबंद रहे, तब तक हम लोगों ने आंदोलन किया। सत्याग्रह किया। रोज गिरफ्तारी होती। वह समय बहुत ही स्ट्रगल वाला था। रोज लोगों को इकट्ठा करना, आंदोलन करना। शुरू में लोगों को डर लगता था, लेकिन बाद में माहौल कुछ ऐसा बना कि लोग इस अभियान में जोर-शोर से भाग लेने लगे। वहां एक कॉलेज का लॉज था। वहां मेरी अच्छी जान-पहचान थी। मैं जाता रहता था। मैंने कॉलेज के लड़कों से बात की। कहा कि देखो गिरफ्तारियां तो हो रही हैं। लेकिन जहां आडवाणी जी हैं, वहां जाकर गिरफ्तारी देनी है। प्रशासन हर जगह मुस्तैद। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी। कैसे जाया जाये। फिर मैंने कहा कि नाव से जाओ। यही एक रास्ता है। मुझे लगा कि पुलिस का ध्यान इस रास्ते पर नहीं होगा। इसलिए यह प्लान बनाया। उसके बाद नाव ठीक की गयी। नाव से ठीक जहां आडवाणी जी को रखा गया था, उस गेस्ट हाउस के नीचे समर्थक पहुंच गये। उसके बाद सभी गेस्ट हाउस में घुसे, जिंदाबाद के नारे लगे, उसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### राम मंदिर का शिला ले जानेवाले ड्राइवर ने जब बाबूलाल से गांजा और चिलम मांगी

देखिए, हिंदुओं का यह संघर्ष 1528 में ही शुरू हो गया था, जब मीरबांकी ने अयोध्या में भगवान राम के जन्मस्थान पर ?बाबरी मस्जिद का निर्माण करवाया। इस लंबे संघर्ष में 9 नवंबर की तारीख बेहद महत्वपूर्ण है। इसके दो विशेष कारण हैं। पहला 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास हुआ, दूसरा 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट का वह ऐतिहासिक निर्णय आया, जिसने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। शिला पूजन के दौरान भी मैंने प्रत्यक्ष भूमिका निभायी। वह दौर भी क्या दौर था। बिहार में श्रीराम अंकित शिला बनी थी। उस शिला को लेकर हमें अयोध्या जाना था। मेरे साथ एक हरि जी थे, जो प्रचारक थे गोड्डा जिला के। हम दोनों लोग एक बड़े ट्रक में शिलाओं को लेकर अपने निर्धारित स्थान की ओर बढ़ चले। हम गोड्डा से साहिबगंज की ओर बढ़े। सड़क भी बहुत खराब थी। एक समय ऐसा आया कि ड्राइवर ने ट्रक चलाने से मना कर दिया। रात के 10 बजे थे। ड्राइवर ने कहा कि सड़क कहां है, आप जबरदस्ती जंगल की ओर गाड़ी ले जा रहे हैं। मैं नहीं जाऊंगा। मैंने ड्राइवर को कहा कि भैया ऐसा है, हम लोग इतनी शिला लेकर जा रहे हैं। कहीं कोई हमला कर देगा, तो मुश्किल हो जायेगी। लेकिन ड्राइवर जो था, वह समझने को तैयार नहीं था। कह रहा था कि नहीं, यहां कोई रोड ही नहीं है। बात ड्राइवर की सही भी थी। वास्तव में रोड नजर नहीं आ रहा था। मतलब रास्ता था, पिच गायब थी। ड्राइवर स्टीयरिंग छोड़ कर बैठ गया कि नहीं भैया हम नहीं जायेंगे। हम लोगों ने भी ड्राइवर साहब को मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हाथ जोड़े कि भाई चलो, यहां रुकना सही नहीं है। पता चला तुम भी मारे गये और हम लोगों को मरवा दोगे। भय तो था, इतनी रात थी और सुनसान मार्ग था। अंत में ड्राइवर माना। लेकिन एक शर्त रखी कि थोड़ा सा गांजा पिला दीजिये, तो जायेंगे। हम तो ठहरे विश्व हिंदू परिषद के प्रचारक। पता ही नहीं था कि यह सब कहां मिलता है। और तो और, जंगल में कैसे इसके लिए चिलम की व्यवस्था करवायें। गनीमत से जहां पर गाड़ी रुकी थी, वहां से तीन किलोमीटर की दूरी पर एक ठाकुर गुमटी थी। मैंने गोड्डा जिला के प्रचारक हरिजी की ओर देखा। पूछा क्या किया जाये। कहां मिलेगा। शिला भी लेकर जाना जरूरी है। कैसे होगा। अब तो ड्राइवर साहब के लिए व्यवस्था करनी ही पड़ेगी। तब हरिजी बढ़ चले ड्राइवर के लिए चिलम-गांजा ढूंढ़ने। बड़ी मशक्कत के बाद व्यवस्था हुई। फिर ड्राइवर ने चिलम से दो-तीन शॉट मारा और ट्रक चलाने के लिए तैयार हुआ। उसके बाद हम लोग आखिरकार साहिबगंज पहुंचे। उस शिला को हमें गांव-गांव पहुंचाना था। फिर शिला को पूजित कर के अयोध्या भेजने का कार्य हमें मिला था। इस मुहिम में प्रत्यक्ष तौर पर मैं जुड़ा रहा।

### मेरे सामने ही टूटा था विवादित ढांचा, विश्वास हो गया, अब यहां बनेगा तो राम मंदिर ही




6 दिसंबर 1992 को जब विवादित ढांचे को तोड़ा गया, उस वक्त मैं वहीं मौजूद था। उस वक्त लालकृष्ण अडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, उमा भारती और भी कई साधु-संत भी मौजूद थे। भीड़ बहुत थी। जब लोगों ने ढांचा तोड़ना शुरू किया, तब मंच से आडवाणी जी, जोशी जी ने लोगों को समझाना शुरू किया, लेकिन माहौल ऐसा बना कि कौन मानेगा। उसके बाद ढांचा टूटा। पांच-छह घंटे लगे टूटने में। मैंने यह सब अपनी आंखों से देखा। जब ढांचा टूट रहा था, तब मुझे लगा कि कहीं उसका मलबा लोगों के ऊपर ही नहीं गिर जाये, या जब ढांचा ढहे, तो लोगों को कहीं नुकसान न हो जाये। लेकिन भगवान राम की कृपा थी। किसी को कुछ हुआ नहीं। जब ढांचा टूटा, तब लगा कि इस स्थान पर बनेगा तो राम मंदिर ही बनेगा। मेरा यही मानना है कि अगर उस दिन कार सेवकों ने वह विवादित ढांचा तोड़ा नहीं होता, तो आज राम मंदिर बनने में और समय लग जाता। ढांचा टूटा, तो मैंने कहा कि चलो एक काम तो पूरा हुआ। अब मंदिर बनाना बाकी है। वह भी किसी दिन बन ही जायेगा। सुकून मिला कि जिस काम में हम लोग दिन-रात लगे हुए थे, वह अब सार्थक रूप लेने लगा था। उस दिन हर हिंदू के दिल में एक उत्साह था, जज्बा था। मेरे अंदर भी वही उत्साह और जज्बा था। हम लोग जब इस अभियान से जुड़े थे, तब कहते थे कि 'बच्चा-बच्चा राम का, जन्मभूमि के काम का'। 'सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनायेंगे'। जब ढांचा टूटा, तो उसके बाद हम लोग वहां से चले गये। सबको कहा गया कि आप लोग अपने-अपने घर चले जाइये। हम लोग काफी संख्या में झारखंड से गये थे। झारखंड ही नहीं, पूरे देश से लोग वहां गये थे। मैं संथाल में रहता था, वहीं से गया था।

### चप्पा-चप्पा था बंद, नाव के रास्ते समर्थकों को पहुंचा दिया मसानजोर गेस्ट हाउस

1990 में लालकृष्ण आडवाणी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का एक संकल्प लेकर गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या के लिए 25 सितंबर को रथयात्रा की शुरुआत की। तय किया गया कि 30 अक्टूबर तक रथयात्रा अयोध्या पहुंचेगी। सोमनाथ से दिल्ली होते हुए रथयात्रा बिहार में प्रवेश कर गयी। धनबाद, रांची, हजारीबाग होते हुए पटना पहुंची। पटना का गांधी मैदान आडवाणी को सुनने के लिए आये करीब तीन लाख लोगों का गवाह बना। 'सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनायेंगे' के नारे खूब लगे। उसके बाद 22 अक्टूबर 1990 को रथयात्रा समस्तीपुर जिले में पहुंची थी। उस समय मैं भाजपा में आ चुका था। मैं दुमका में रहा करता था। संघ कार्यालय में मैं रहा करता था, चूंकि उस समय वहां भाजपा का ऑफिस नहीं था। 22 अक्टूबर 1990 को लालकृष्ण आडवाणी हाजीपुर के रास्ते रथयात्रा को लेकर कोठिया होते हुए समस्तीपुर जिले में प्रवेश कर रहे थे। इसी कोठिया में लालकृष्ण आडवाणी की गिरफ्तारी को लेकर प्रशासन ने योजना बनायी थी। लेकिन रथयात्रा के साथ राम भक्तों की भीड़ 'जय श्री राम' के नारों के साथ आगे बढ़ रही थी। जगह-जगह लोग रथ पर फूलों की बरसात कर रहे थे। यह देख प्रशासन ने लालकृष्ण आडवाणी को गिरफ्तार करने की रणनीति बदल दी। इसके बाद रथयात्रा धीरे-धीरे समस्तीपुर पहुंच गयी। इसके अगले दिन यानी 23 अक्टूबर को लालकृष्ण आडवाणी पटेल मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित करनेवाले थे। 22 अक्टूबर को लालकृष्ण आडवाणी रथ यात्रा के साथ समस्तीपुर स्थित सर्किट हाउस करीब रात के 11 बजे पहुंचे थे। प्रशासन ने उन्हें कमरा नंबर सात एलॉट किया था। उसमें लालकृष्ण आडवाणी आराम करने चले गये। लालकृष्ण आडवाणी के समस्तीपुर पहुंचते ही पूरे जिले को प्रशासन ने हाइ अलर्ट कर दिया था।

### मुलायम सिंह की चुनौती को स्वीकारा था रामभक्तों ने



बाबूलाल मरांडी कहते हैं। जब राम मंदिर का आंदोलन चरम पर था, उस समय उत्तरप्रदेश में मुलायम सिंह यादव की सरकार थी। मुलायम सिंह ने यह मुनानी पिटवा दी थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। उन्होंने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल लगा दिये थे। किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं थी। रामभक्तों ने इसे चुनौती के रूप में लिया और मुलायम सिंह सरकार के प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर वे पहुंचे गये विवादित स्थल पर और फहरा दिया भगवा झंडा।

### आदिवासी परिवारों ने भी राम मंदिर निर्माण के लिए 500-500 रुपये का सहयोग दिया

22 जनवरी के दिन जब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी, उस दिन करोड़ों सनातनियों का सपना पूरा होगा। जब मैं राम मंदिर आंदोलन से जुड़ा था, मंदिर के बारे में बताया करता था, तब लोगों को लगता नहीं था कि राम मंदिर का निर्माण हो पायेगा। वह बड़ा ही कठिन दौर था। मेरे जैसे व्यक्ति के मन में भी कभी-कभी यह भय सताता कि क्या सच में राम मंदिर का सपना साकार हो पायेगा। लेकिन मेरा यही मानना था कि जब राम के काम में कूद पड़े हैं, तब पूरी निष्ठा के साथ कार्य में लग जाओ। भगवान राम स्वयं मार्ग प्रशस्त करेंगे। आज अयोध्या में जब भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, तब मुझे वह दौर याद आता है कि कितनी तपस्या की गयी है यह दिन लाने के लिए। 1990 का गोलीकांड, राम भक्तों का बलिदान, अयोध्या की गलियां लाल, सरयू नदी का विद्रूप दृश्य, कोठारी बंधुओं का बलिदान, क्या नहीं देखा है अयोध्या ने। 500 सालों के लंबे इंतजार के बाद आज रामलला को उनका स्थान मिलने जा रहा है। मुझे गर्व होता है कि मैं भी राम मंदिर अभियान का एक छोटा सा हिस्सा रहा हूं। मेरा मन झूम रहा है। मैं बहुत खुश हूं। आज अयोध्या के राम मंदिर से जो अक्षत घर-घर बांटा जा रहा है, तब वही दौर याद आता है, जब मैं भी घर-घर जाया करता था। आज लोग जागरूक हैं। उनमें उत्साह है। पूरा माहौल राममय हो चुका है। हर कोई नम आखों से अक्षत ग्रहण कर रहा है। खुशी से झूम रहा है। हमारे आदिवासी समाज के लोग भी इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। वे भी मंदिर के नाम पर दान कर रहे हैं। यहां एक घटना का जिक्र करना जरूरी है। वैसे तो राम मंदिर निर्माण के लिए सहयोग लेना विश्व हिंदू परिषद की ओर से किया जा रहा था, लेकिन हम भी इस कार्य से जुड़ गये थे। हम लोग इस क्रम में कांके गये थे। वहां एक ट्राइबल परिवार था। हमको नहीं लगा कि ये लोग सहयोग देंगे। लेकिन जितने भी आदिवासी घरों में हम लोग गये, सबने 500-500 रुपये दिये। कह रहे थे अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन रहा है, तो हम कैसे पीछे रहें। यह हमारा सौभाग्य है कि हम लोग भी इस अभियान से जुड़े, क्योंकि प्रभु राम तो सबके हैं। यह दृश्य देख कर मुझे लगा कि क्या लीला है राम की। वह सभी के दिलों में बसते हैं। मैं भी 22 जनवरी को रांची में मंदिर जाऊंगा। पूजा अर्चना करूंगा। लोगों के बीच रहूंगा। राम धुन सुनूंगा। दिया जलाऊंगा। भगवान राम के आगमन का स्वागत करूंगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.2 °c | 10.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |




# विकसित भारत संकल्प यात्रा में दो महीने में 15 करोड़ प्रतिभागी

**कई राज्यों में भारी भीड़ उमड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ने केवल दो महीनों में भारत को वशीभूत कर दिया है, जिसमें 15 करोड़ से अधिक उत्साही प्रतिभागी शामिल हुए हैं। लोगों की यह विशाल भागीदारी एक उन्नतिशील और समावेशी भारत की दिशा में संगठित मार्ग बनाने के लिए यात्रा की तीव्रता के बारे में बहुत कुछ बताती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य पूरे देश में सरकारी योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों में अभियान शुरू होने के बाद लोगों की भागीदारी संख्या में तेजी से वृद्धि हुई। जहां चौथे सप्ताह के अंत में 13 दिसंबर, 2023 को यात्रा 2.06 करोड़ लोगों तक पहुंची थी, वहीं पांचवें सप्ताह के अंत में 22 दिसंबर, 2023 को यह संख्या बढ़कर पांच करोड़ हो गयी। अगले चार हफ्तों में यात्रा में 10 करोड़ लोग शामिल हुए, जिससे इसने 15 करोड़ प्रतिभागियों का आंकड़ा पार कर लिया। 17 जनवरी तक विकसित भारत संकल्प यात्रा डैशबोर्ड में 15.34 करोड़ प्रतिभागियों ने 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और 9541 शहरी स्थानों को कवर किया।




**स्वास्थ्य शिविरों में चार करोड़ से अधिक लोगों की जांच की गयी:** 17 जनवरी 2024 तक स्वास्थ्य शिविरों में चार करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है। 'माय भारत' पर 38 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हैं। सभी के लिए सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए दो करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड जारी किये गये हैं। यात्रा ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को कवर किया है। 11 करोड़ से अधिक लोगों ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है।

## जनभागीदारी: हर कदम एक साथ

यात्रा 'जन भागीदारी' की भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी इस यात्रा का उद्देश्य शहरों और गांवों में घूमने वाली आइइसी वैन के माध्यम से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाना है। इन वैनों के माध्यम से यह समुदायों को सरकारी योजनाओं, टिकाऊ खेती और किफायती स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और वित्तीय स्वतंत्रता के बारे में जानकारी प्रदान करती है।

## वास्तविक असर, गांव दर गांव

यात्रा के असर से कोई इंकार नहीं कर सकता। एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों ने आयुष्मान कार्डों के लिए एक सौ प्रतिशत परिपूर्णता हासिल की है, जिससे लाखों लोग स्वास्थ्य देखभाल पहुंच के साथ सशक्त हुए हैं। 'हर घर जल' योजना के माध्यम से स्वच्छ पानी अब 79 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक पहुंच रहा है, जबकि 1.38 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में एक सौ प्रतिशत भूमि रिकॉर्ड डिजिटलीकरण से पारदर्शिता और सुरक्षा की सुविधा मिली है। इसके अलावा 17 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों ने ओडीएफ प्लस अनुपालन हासिल कर लिया है, जो स्वच्छ जीवन का प्रमाण है।

## आंकड़ों से परे एक साझा सपना

यात्रा की सच्ची सफलता एक सामूहिक सपने को प्रज्ज्वलित करने में निहित है, एक ऐसे भारत का सपना, जहां प्रगति हर दरवाजे तक पहुंचती है, जहां समृद्धि सभी के लिए साझा होती है और जहां विकास सशक्त जीवन में परिवर्तित होता है। प्रत्येक ग्राम पंचायत, प्रत्येक नामांकित लाभार्थी और ली गयी प्रत्येक प्रतिज्ञा के साथ यह यात्रा भारत को इस सपने को साकार करने के एक कदम और करीब ले जाती है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता, आर्थिक लाभ, मान-सम्मान की वृद्धि होगी।

**वृष** वृष-लाभ के एकाधिक अवसर प्राप्त होंगे। शारीरिक स्वास्थ्य प्रायः उत्तम रहेगा।

**मिथुन** बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। नौकरी-पेशा से जुड़े लोगों को उच्चाधिकारियों का समर्थन मिलेगा।

**कर्क** दैनन्दिन जीवन की नियमितता बनाये रखें, समस्याओं के समाधान के मार्ग प्रशस्त होगा।

**सिंह** कर्मशक्ति का विकास, शत्रुविजय, शैक्षणिक सफलता मिलेगी। राजनीतिक व्यक्तियों का प्रभाव बढ़ेगा।

**कन्या** आर्थिक दृष्टि से समय अनुकूल चल रहा है, परिश्रम से इच्छित सफलता मिल सकती है।

**तुला** अनेक महत्वपूर्ण काम जो काफी दिनों लम्बित हड़े थे, अप्रत्याशित ढंग से अनुकूल स्थिति में आ जायेंगे।

**वृश्चिक** रोजगार-व्यापार सभी क्षेत्रों में सफलता के अवसर मिलेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**धनु** विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। पारिवारिक दायित्व पूरे होंगें।

**मकर** नवीन व्यापारिक योजना सफल होगी। नये लोगों से सम्पर्क होगा। घर मांगलिक कार्य का सम्पादन होगा।

**कुंभ** विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में प्रयासों के अनुरूप ही सफलता मिलेगी।

**मीन** भौतिक सुख-साधनों की वृद्धि होगी, नौकरी में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

### मिलन समारोह : इंडी गठबंधन दल के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली

# धमकी से कोई डरनेवाला नहीं, भ्रष्ट लोगों की जगह होटवार जेल में : बाबूलाल मरांडी

**प्रदेश अध्यक्ष ने 2024 में एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का किया आह्वान**

**गढ़वा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने थामा भाजपा का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के कुनबे में लगातार इजाफा हो रहा है। बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, गारू प्रखंड पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी, मनिका के पूर्व प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी और गढ़वा जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद तूफानी के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह सहित कई पदाधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण राम ने किया। इस अवसर पर लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, भगत दयानंद यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक हीरा राम तूफानी भी उपस्थित थे।



मिलन समारोह कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आज इंडी एलायंस को जनता नकार चुकी है। राज्य सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। चारों तरफ लूट मची है। खान, खनिज, बालू पत्थर, कोयला, जमीन की लूट हो रही है। बिचौलिए दलाल सत्ता के संरक्षण में फल फूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इडी की कार्रवाई से मुख्यमंत्री बच रहे। अब तो वे कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश हो जहां भारत की संसद से पारित कानून लागू नहीं होता। उन्होंने वैसे पदाधिकारियों पर भी निशाना साधा जो कैबिनेट के लिए ऐसे प्रस्ताव तैयार करते हैं जो संविधान विरोधी हों। उन्होंने कहा कि भागने, डराने से कानून नहीं डरता है। भ्रष्ट लोगों को कानून के हाथों आना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा। इसे राज्य की जनता से कुछ भी लेना देना नहीं। झामुमो, कांग्रेस, राजद को केवल परिवार और पैसे की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है और जो विकास दिखता है वह भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चावल भी लूट रही। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है और जल्द निजात चाहती है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों देश का भविष्य सुरक्षित देख रही है। जनता मोदी के साथ खड़ी है। उन्होंने 2024 में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए पूरी तरह जुट जाने का आह्वान किया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां देश और राज्य का भला नहीं कर सकती। ये भ्रष्टाचार के लिए सत्ता चाहती हैं, विकास के लिए नहीं। उन्होंने देश और राज्य में फिर से भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया। मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि बड़ी उम्मीद से झामुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार बनाने के लिए जी जान से मेहनत किया था लेकिन सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। हेमंत सरकार में राज्य को बेरोजगारी, अशांति और भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं मिला। शिल्पा कुमारी ने कहा कि राज्य की प्रगति भाजपा ही कर सकती है। आज देश में नरेंद्र मोदी जैसे नेता की ही आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यों को आगे बढ़ने के लिए भाजपा की सदस्यता ली हूं। गायत्री देवी ने कहा कि राज्य बाबूलाल मरांडी के हाथों में आगे बढ़ेगा। विकास करेगा। अरविंद कुमार तूफानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब कोई काम की पार्टी नहीं रही। इससे देश और राज्य का भला नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आदिवासी, दलित, पिछड़ों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती है। इनकी भलाई के लिए कांग्रेस ने कभी कुछ नहीं किया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में रंजीत प्रसाद, सागर यादव, उषा देवी, महेंद्र लोहरा, साजिद अंसारी, मुरारी ठाकुर, कलाम अंसारी, कामेश्वर यादव, जमुना शर्मा, अमरेंद्र यादव, उपेंद्र उरांव, उपेंद्र सिंह, कृष्णा यादव, प्रमोद प्रसाद, त्रिपुरारी सिंह, राजू प्रसाद, अंकित मिश्र, धर्मेंद्र पांडेय, विजय मेहता, जितेंद्र पासवान, बंधु राम, रवि गोंड सहित अन्य शामिल हुए।

### बाबूलाल मरांडी ने अपनी टीम की घोषणा की

# 44 पदाधिकारियों के नाम घोषित

**टीम में 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 10 मंत्री बनाये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपनी नयी टीम की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के करीब साढ़े 6 महीने बाद बाबूलाल मरांडी ने अपनी कार्यसमिति की घोषणा की है। बाबूलाल की नयी टीम में 44 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 10 मंत्री, दो कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी, 2 सह मीडिया प्रभारी, 2 आइटी संयोजक, एक सोशल मीडिया प्रभारी और 9 प्रदेश प्रवक्ता रखे गये हैं। बाबूलाल की नयी कार्यसमिति में अधिकांश पुराने चेहरे हैं, लेकिन कुछ नये नेताओं को भी जगह दी गयी है।

**प्रदेश उपाध्यक्ष**

नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बडकुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर।

**प्रदेश महामंत्री**

आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, कर्मवीर सिंह (संगठन)

**प्रदेश मंत्री**

गणेश मिश्रा, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्रा, दिलीप वर्मा, मनोज वाजपेयी, सीमा पासवान।

**प्रदेश प्रवक्ता**

प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षाडंगी, रमाकांत महतो, अरुण उरांव, जेबी तुबिद, अमित मंडल, विनय सिंह, अविनेश कुमार।

**प्रदेश कोषाध्यक्ष**

दीपक बंका, मनीष जायसवाल

प्रदेश कार्यालय मंत्री- हेमंत दास

**प्रदेश मीडिया प्रभारी**

शिवपूजन पाठक

**प्रदेश सह मीडिया** प्रभारी

योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक

**प्रदेश आइटी संयोजक**

विवेक विकास, अमर झा

**प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी**

राहुल अवस्थी।

# ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास से मिला प्रतिनिधिमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित आवास पर झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास से मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर अभिवादन किया। सर्वप्रथम राज्यपाल श्री रघुवर दास ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों से कुशल क्षेम पूछा।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने उन्हें समाज की स्थिति और भावनाओं से अवगत कराया और जानकारी दी कि वे स्वयं 30 जनवरी से रामगढ़ में 72 घंटे का भूख हड़ताल करने जा रहे हैं। राज्य में 40 प्रतिशत आबादी वाले वैश्य समाज की अनदेखी की जा रही है। हमारी मांगों को दरकिनार किया जा रहा है। इसलिए यह भूख हड़ताल किया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव उपेंद्र प्रसाद, इंदुभूषण गुप्ता, संगठन महासचिव रोहित शारदा, संगठन सचिव अनिल वैश्य, बोकारो जिला अध्यक्ष राजकुमार मंडल एवं पंकज साहू शामिल थे।

## राज्यपाल रघुवर दास का एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास के मुंबई से रांची आने पर बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया । स्वागत करने वालों में हेमंत दास, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, वरुण साहू, रिद्धि राज, रोमित नारायण सिंह, उमेश यादव, शुभम कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, अभिषेक कुमार, संजीव चौधरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# राम के नाम पर ठगी: गृह मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में लोग उत्साहित हैं। इस खुशनुमा माहौल के बीच सोशल मीडिया पर राम के नाम पर ठगी गैंग सक्रिय हो गया है। अब तक ठगी के कई रूप सामने आ चुके हैं। लेकिन अब ठगी करनेवाले गिरोह ने ठगी का नया फार्मूला तैयार कर लिया है। देश में ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जहां पर अयोध्या, श्रीराम के मंदिर और उनकी प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाये जा रहे हैं और इन अकाउंट के जरिए लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। फर्जी क्यूआर कोड शेयर करके भी दर्शन कराने के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। राम मंदिर के उद्घाटन के पहले ही जालसाजों ने उनके नाम पर धोखाधड़ी शुरू कर दी है। श्रीराम के वीवीआइपी दर्शन कराने का झांसा देकर जालसाज राम जन्म भूमि गृह संपर्क अभियान नामक एप्लीकेशन (एपीके) डाउनलोड करने के बाद बैंक खातों को खाली कर रहे हैं। गृह मंत्रालय ने देश भर में एडवाइजरी जारी की है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा निर्णायक भूमिका निभायेगी : आलमगीर आलम

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पाकुड़ विधायक आलमगीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूरे देश के लिए निर्णायक भूमिका निभायेगी। मंत्री श्री आलम बुधवार को पाकुड़ परिसदन में मीडिया से रूबरू होने के दौरान कहा कि राहुल गांधी का मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो ने यात्रा असम होते हुए बंगाल, बिहार का कुछ भाग के बाद मुर्शिदाबाद होकर झारखंड में एंट्री करेगी। मुर्शिदाबाद जिला का भाग साहिबगंज और पाकुड़ जिला को टच करता है। साहिबगंज या धुलियान होते हुए पाकुड़ न्याय यात्रा पहुंचेगी। राहुल संथाल विद्रोह के नायक सिदो-कान्हू चांद, भैरव की पावन जन्मभूमि भोगनाडीह पहुंचकर वहां उन्हें नमन करेंगे और उनके परिजनों से मिलकर आगे अपनी न्याय यात्रा को बढ़ायेंगे। मंत्री श्री आलम ने बताया कि राहुल जी का झारखंड में रूट चार्ट एक दो दिनों में आ जायेगा। पाकुड़ विधानसभा में उनकी यात्रा होगी। दूसरे चरण की शुरू हुई, न्याय यात्रा से राहुल गरीब, मजदूर, बेरोजगार छात्र से मिलकर उनकी बातों को और उनकी समस्याओं को सुनेंगे जानेंगे। 15 राज्य और 100 जिला के साथ 115 संसदीय क्षेत्र में उनकी न्याय यात्रा निश्चित रूप से पूरे देश के लिए निर्णायक भूमिका निभायेगी। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को संविधान में दी गयी हक और हकूक से आज लोगों को वंचित कर दिया गया है। आज भाजपा देश के लोगों को बीच आजादी के बाद कांग्रेस द्वारा देश में स्थापित कल-कारखाना अस्पताल, एयरपोर्ट को आज भाजपा बेचने का काम कर रही है। जो आज रिपोर्ट भी दिखाया जा रहा है जो लोग बड़े और अमीर है और अमीर होते जा रहे हैं। गरीब दिनों दिन और गरीब होते जा रहे हैं। मणिपुर में दंगा और महिलाओं के साथ हुए अत्याचार पर आज भाजपा चुप क्यों साधी हुई है। आज हमारे नेता राहुल जी देश की आर्थिक, सामाजिक विचारों को लेकर जनता के बीच में आ रहे हैं और यह आने वाले समय में उनकी यह न्याय यात्रा पूरे देश में निर्णायक भूमिका के रूप में देखी जायेगी।



## पाकुड़ में विकास योजनाओं में सात प्रतिशत कमीशन, कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे : मंत्री

पाकुड़ (आजाद सिपाही)। सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री सह पाकुड़ के स्थानीय विधायक आलमगीर आलम ने कहा कि विकास योजनाओं के नाम पर पाकुड़ में 7% कमीशन खोरी वसूलने की बात कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। योजनाओं के नाम पर 7% कमीशन की वसूली की बात मैंने कभी ना तो बर्दाश्त किया है और नहीं करेंगे। मंत्री श्री आलम बुधवार को पाकुड़ दौरा के दौरान परिसदन में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मुझे पाकुड़ के संवेदकों के द्वारा संज्ञान में यह बात कल ही दी गयी है कि वर्तमान समय में 7% योजनाओं के नाम पर कमीशन में बढ़ोतरी की गयी है यह कभी भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आज इस मामले पर जिला प्रशासन के अधिकारी के साथ बैठक कर इस पर विराम लगाने का काम होगा। मंत्री ने कहा कि पाकुड़ में डीएमएफटी फंड से स्वीकृत योजनाओं की आवश्यकता अनुसार स्वीकृति दी जाती है। वैसे जगह जहां सड़क पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के लिए आवश्यक है वहां उन योजनाओं की जरूरत होती है, उसे चयन कर स्वीकृति दे जाती है।

# हेमंत को इडी समन के विरोध में साहिबगंज बंद

सुनील कुमार गौतम

**साहिबगंज।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी के लगातार समन के विरोध में बुधवार को झामुमो का बंद असरदार रहा। झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सुबह 8 बजे शहर के ग्रीन होटल चौक पर बांस-बल्ला लगा कर एनएच-80 जाम कर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नाराबाजी की। इस दौरान सुबह से ही शहर की ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। वहीं कार्यकर्ताओं ने इक्का-दुक्का खुली हुई दुकानों को घूम-घूम कर बंद कराया। जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार जनता के हित में कार्य कर रहे हैं। विपक्षी भाजपा घबरा कर केंद्रीय एजेंसियों का सहारा लेकर उन्हें लगातार परेशान कर रही है। जिसे झामुमो कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। मौके पर नगर सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव, जिला परिषद सांसद प्रतिनिधि राजू अंसारी, कामरान अहमद, गोपाल यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## मकर संक्रांति के महत्व को बच्चों ने किया साझा




**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में मकर संक्रांति के महत्व को बच्चों ने साझा किया। इस अवसर पर भारत के राज्यों में मकर संक्रांति के विविध नामों और अनूठे ढंग से मनाने की झांकी को नृत्य कला में कृतिका देवनाथ और उनके समूह ने प्रस्तुत किया। मकर संक्रांति के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व को कक्षा नवमी की रोशनी कुमारी ने अपने भाषण में प्रस्तुत किया। अंग्रेजी भाषण में कक्षा नवमी की छात्रा पल्लवी कुमारी ने आदित्य एल वन और सूर्य से जुड़ी अनेक जानकारियां दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा छोड़े गये भारत के कोरोनग्राफ यान का मॉडल तैयार उज्जवल, इकजोत और आर्यन ने इस यान और सूर्य से जुड़ी अनेक जानकारियां साझा की। आदित्य एल वन और मकर संक्रांति से जुड़े पोस्टर अरात्रिका सिन्हा, मुसर्रत, आराध्या और अन्वी सेठ ने तैयार किया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कार्यक्रम की खूब सराहना की। उन्होंने कहा मकर संक्रांति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं। इस दिन सूर्य उत्तर दिशा की ओर अग्रसर होता है। इसी कारण इस पर्व को 'उतरायण' भी कहते है। इस पर्व में मुख्य रूप से सूर्य की आराधना की जाती है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विज्ञान विभाग की मौसुमी मल्लिक, मनोज सिंह, आनंदी प्रसाद, संगीता जेठवा, नीतिका सिंह, शुभश्री रथ, लक्ष्मी कुमारी और सभी शिक्षकों को धन्यवाद कहा। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि विद्यालय के शिक्षक समय-समय पर ऐसे ही ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का सफल आयोजन करते रहेंगे।

## ओलंपियाड का होगा आयोजन 21 को

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बच्चों में बौद्धिक शक्ति की विकास और प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से कोडरमा में मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के द्वारा बच्चों के लिए टैलेंट हंट ओलिंपियाड का आयोजन 21 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें मात्र 25 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क देकर बच्चे इस ओलंपियाड में शामिल हो सकते हैं। ओलंपियाड में अलग-अलग कैटेगरी के विजेता बच्चों को पुरस्कार के रूप में स्पोर्ट्स साइकिल देकर पुरस्कृत किया जायेगा। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया ने बताया कि टैलेंट हंट ओलिंपियाड अलग-अलग वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। जिसमें एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए ऑब्जेक्टिव क्वेश्चन पूछे जायेंगे। वहीं कक्षा एक से लेकर 5 तक के बच्चों के लिए मल्टीपल चॉइस क्वेश्चन पूछे जायेंगे। इस प्रतियोगिता में वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार स्वरूप स्पोर्ट्स साइकिल देकर पुरस्कृत किया जायेगा। ओलंपियाड 21 जनवरी की सुबह 11 बजे से ग्रिजली विद्यालय में आयोजित की गयी है। प्रेरणा शाखा की सचिव सारिका लड्ढा और कोषाध्यक्ष गुंजन अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। रजिस्ट्रेशन फॉर्म पूर्णिमा टॉकीज के नजदीक और तिलैया थाना के समीप स्थित जय मां स्टेशनरी, स्टेशन रोड में दीपक स्टोर और जैन मंदिर गली में आवरण प्रतिष्ठान में उपलब्ध हैं।

## जय श्रीराम के घोष के साथ निकली शोभा यात्रा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सतडीहा पंचायत में विश्व हिंदू परिषद के पंचायत अध्यक्ष रामस्वरूप यादव बजरंग दल संयोजक सत्यम पंडित के नेतृत्व में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। वहीं घर-घर अयोध्या से आये पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और प्रपत्र वितरण किये गये। साथ ही अयोध्या से आये कलश का नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान ढोल बाजे और डीजे की धुन पर राम भक्त थिरकते नजर आये। वहीं पूरा गांव जय श्री राम के नारे से पंचायत राम में हो गया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने गांव के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की और पूरे गांव का भ्रमण किया। विश्व हिंदू परिषद पंचायत के अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने लोगों से अपील की, की 22 जनवरी को पंचायत के हरेक मंदिर में भजन कीर्तन करें तथा अपने घर में भगवा झंडा लगाये साथ ही दीप जलाकर दीपक उत्सव मनाये। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से शिक्षाविद रामकृष्ण गोप, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, विजय यादव, संपत राणा, दशरथ यादव, रामदेव यादव, इंद्रदेव यादव, सुभाष यादव, मनोज यादव, भरत राणा, मंटू पंडित, गोपाल यादव, भागीरथ यादव, नारायण यादव, सरजू यादव, संजय यादव, प्रदीप राणा, राम जी राणा, मनोज दास, नवीन सिंह, बुलाकी यादव, सुरेंद्र सिंह, काली दास, बैजनाथ दास, किशुन दास, महेश कुमार यादव, सहदेव दास सहित सैकड़ो महिला-पुरुष मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** 15 जनवरी से 14 फरवरी तक 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसको लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त ने कहा कि 35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंड के पंचायत और गांवों में जाकर आमजनों तथा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार और सड़क सुरक्षा दल के सदस्य मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट रेल 3.0 के तहत प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रोजेक्ट रेल 3.0 के तहत कोडरमा जिले के सभी विद्यालयों में प्री-बोर्ड परीक्षा का आयोजित हुआ। प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत 10वीं के छात्र-छात्राओं का अंग्रेजी और 12वीं के छात्र-छात्राओं का विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय से अर्थशास्त्र विषय का परीक्षा लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस प्री-बोर्ड परीक्षा में जिले के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुये। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैटर्न मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया।

# गैरमजरूआ जमीन पर चल रहे अवैध निर्माण पर प्रशासन ने की कार्रवाई

### बीस एकड़ से अधिक सरकारी जमीन पर हो रहा था अवैध निर्माण

- उपायुक्त ने तीन दंडाधिकारीयों समेत सौ की संख्या में पुलिस बल को किया था प्रतिनियुक्ति
- सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण पर जारी रहेगी कार्रवाईः उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**






**हजारीबाग।** सदर अंचल अंतर्गत मौजा-नवडीहा, थाना संख्या-162, खाता संख्या-47, प्लॉट संख्या-970, रकवा-14.18 एकड़ तथा प्लॉट संख्या-1092, रकवा-6.90 एकड़ गैरमजरूआ खास और प्रतिबंधित सूची के अंतर्गत सरकारी भूमि पर 20-25 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किये जाने की सूचना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने संज्ञान लेते हुए सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण और उसे अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तीन दंडाधिकारीयों जिसमें सीओ सदर शशि भूषण सिंह, सीओ इचाक मनोज कुमार महथा और सीओ कटकमसांडी अनिल कुमार सहित 100 की संख्या में जिसमें 60 पुरुष और 40 महिला सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर कार्रवाई को अंजाम देने का निर्देश दिया था। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों ने आज पूरे दल बल के साथ यह कार्रवाई सुबह 9 बजे से प्रारंभ की जिसे 2 बजे तक अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी भी इस अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में शामिल थे। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण करने वालों पर जिला प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगी। हालांकि इसका विरोध भी देखने को मिला और विरोध कर रही महिलाओं ने इस पर वर्षों से कब्जा होने की बात कही है।

# एनटीपीसी की केरेडारी कोल परियोजना में फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**केरेडारी।** एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खनन परियोजना में मंगलवार की रात अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाने की कोशिश की है। इसमें एनटीपीसी अधिकारियों पर गोलियां चलायी गयी और खनन कार्य में लगे मशीनों को नुकसान पहुंचाया गया। घटना मंगलवार की रात करीब 9 बजे की बतायी जा रही है घटना की सुचना मिलने पर एसपी अरविंद कुमार सिंह और एसडीपीओ अनुज उरांव घटनास्थल पर पहुंचे और माइंस को दुबारा चालू कराया। विदित हो की एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना बिजली का सर्वोत्तम स्त्रोत प्रदान करके राष्ट्र के साथ-साथ राज्य की प्रगति और विकास की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। एनटीपीसी स्वास्थ्य, रोजगार उन्ननुख प्रशिक्षण और युवाओं में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं को लागू करके समाज की बेहतरी, परियोजना प्रभावित लोगों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करता है। प्रगति और विकास के प्रति एनटीपीसी की प्रतिबद्धता है, एनटीपीसी ने केरेडारी और बड़कागांव ब्लॉक के स्थानीय समुदाय के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। व्यक्तिगत हित में कुछ उपद्रवियों द्वारा किया गया। यह संवेदनहीन हमला, एनटीपीसी द्वारा शुरू किये गये विकास के सकारात्मक पथ को अवरोध करने के लिए खतरा है। पिछले एक साल में यह दूसरी जघन्य घटना है, कुछ माह पहले बड़कागांव में एमडीओ रित्विक कंपनी के एक अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। एनटीपीसी के अधिकारी और उससे जुड़ी एजेंसियां जिन्होंने खुद को क्षेत्र के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया है, अब भय और अनिश्चितता के माहौल में काम करने को मजबूर हैं। इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि एनटीपीसी के प्रयास पूरी तरह से सामुदायिक कल्याण पर केंद्रित हैं और उनकी परियोजनाएं स्थानीय आबादी के लिए सुअवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण रही हैं। एनटीपीसी अपने आस-पास के सभी समुदाय की भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है और प्रगितशील हजारीबाग इस निंदनीय कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करने की मांग करती है।

## विधायक ने किया विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुइयो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चाहरदीवारी और उन्नयन कार्य का विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद अंतगर्त एक करोड 16 लाख रुपये की लागत से एमएस राहुल ऋषि कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण कार्य कराया जायेगा। मौके पर उपप्रमुख सूरजी देवी, प्रधानाध्यापक हीरालाल राणा, उपमुखिया मंजु देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद मौजूद थे। विधायक अमित यादव ने कहा की विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य होने से गांव के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल विद्यालय में बन पायेगा। बच्चों को विद्यालय में उत्तम शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधा और संसाधन मिलेगी। विधायक ने कहा कि मैं जनहितैषी कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहूंगा, पूरे क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। दिन प्रतिदिन बरकट्ठा विधानसभा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कार्य करा रहे संवेदक को कहा कि विकास योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चारदीवारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये तथा निर्माण कार्य समय से पूरा करें। इस अवसर पर एई सुरेन्द्र तिवारी, जेई अभिजीत कुमार, अभिकर्ता बालेश्वर महतो, शिक्षक फैयाजुल रहमान, रीतलाल प्रसाद, सीआरपी फलजीत राणा, उत्तीम महतो, राजेश प्रसाद, विजय प्रसाद, सहदेव यादव, धर्मेंद्र प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसपी से मिला कांग्रेस का शिष्टमंडल



**हजारीबाग। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में हजारीबाग नवनियुक्त आरक्षी अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की और नये साल की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने हजारीबाग शहर में नशा का व्यापार जिस तेजी से अपना पांव पसार रहा है और आपने अभी त्वरित कार्रवाई करते हुए नशा के व्यापारी को पकड़ा उसके लिए कांग्रेस परिवार ने साधुवाद दिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने शहर के ट्रेफिक व्यवस्था पर भी ध्यान आकृष्ट किया। इस प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, अशोक देव, नरेश गुप्ता, कृष्णा किशोर प्रसाद, गुड्डू सिंह उपस्थित रहे।**

# जोभिया घाटी में भाजपा का कार्यकर्ता वन भोज समारोह

- भाजपा विश्व की है सबसे बड़ी अनुशासित पार्टीः जयंत सिन्हा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बड़कागांव।** प्रखंड के जोभिया घाटी मे भजपा का विधान सभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता और संचालन भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष खेमलाल महतो और केरेडारी के प्रखंड अध्यक्ष कर्मचारी साव ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा जिला मंत्री पुष्पा तिर्की के नेतृत्व मे मुखिया मालती देवीसमेत सैकड़ों महिलाये भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत का सपना पूरा कर रहे हैं। मोदी जी कश्मीर मे 370 धारा हटाया। 500 वर्षो का वनवास पूरा हुआ अर्थात राम मंदिर बना। हर घरों में गैस चूल्हा, आयुष्मान कार्ड, बना। हर घरों का विकास करना हैं। जब हर घर विकसित होगा, तब भारत बिकसित होगा। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल में राम मंदिर बनकर तैयार हुआ यह हमारी जीत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा अनुशासित पार्टी है। पार्टी के हर कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक पार्टी के लिए काम करते हैं। मोदी जी के नेतृत्व मे देश बदला हैं। महिलाओं को 33प्रतिशत आरक्षण मिला।

पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि ब्लॉक मे भष्टाचार्र चरम पर हैं। हम सभी 22 जनवरी को हमसब दीपावली मनाये। आनेवाला लोस चुनाव मे पूर्ण बहुमत से जिताये। रामगढ़ जिला के किसान प्रकोष्ठ के प्रभारी राजू साव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में झारखंड में फिर से सरकार बनेगी। सम्मेलन में पुष्पक तिर्की और गारसुला के मुखिया मालती देवी के नेतृत्व में जन समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सांसद जयंत सिन्हा को सौंपा गया। पूर्व 20 सूत्री के प्रदेश अध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक लोकनाथ महतो, बालेश्वर कुमार राजेश गुप्ता, रफीक अंसारी, रामपति राम, टुकेश्वर प्रसाद, महामंत्री इंद्रभूषण राम, बद्रीनारायण सिंह, मनीष पांडेय, शिवशंकर उर्फ शिबू, श्रीकांत निराला, रामपति राम, भौमिक चंद्र, जुगनू सिह, नरसिंह प्रसाद, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, लालमणि महतो, मोहन साव, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मंत्री बिनोद महतो, मोहन महतो, सचिदानंद पांडेय, भगीरथ ठाकुर, मनोज प्रभाकर, सत्यजीत विद्या अलंकार, नरेश साव, शिवशंकर उर्फ शिबू, सुरेश महतो, विनय कुमार, बिनोद तुरी, नंदकिशोर मेहता, उदय मेहता, शामिल थे। इसके पूर्व बड़कागांव के करणपुरा कॉलेज में स्मार्ट क्लास को संबोधित किया। वहीं सांढ़ पंडरी पोखर का उद्घाटन किया।

## कर्पूरी ठाकुर की जयंती को लेकर बैठक



**इचाक (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय नाई महासभा के बैनर तले नाई समाज की बैठक हदारी में हुई। अध्यक्षता जमशेदपुर के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने किया। संचालन विक्रम शर्मा ने किया। बैठक में आगामी 30 जनवरी को हदारी मैदान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष स्व बिशेश्वर ठाकुर के निधन पर शोक सभा आयोजन किया गया। जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए संतोष कुमार ठाकुर को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया गया। सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जन-जन के नेता जननायक कपूर्री ठाकुर एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। जिन्होंने ईमानदारी पूर्वक मुख्यमंत्री का दायित्व निभाया। गरीबों को शिक्षा का अधिकार, आरक्षण का लाभ दिलाया है। कलाकार धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि नाई सेन समाज के पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा, कलाकार भिखारी ठाकुर समेत कई महान लोगों ने अपने कुशल नेतृत्व के कारण समाज को आगे बढ़ाया है। बैठक में प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, सचिव विक्रम ठाकुर, सहसचिव मनोज ठाकुर, गोपाल ठाकुर, महेश वैध, भरत ठाकुर, सुखदेव ठाकुर, बिंदेश्वर शर्मा, तेजनारायण ठाकुर, खेमलाल ठाकुर, पप्पू ठाकुर, राजू ठाकुर, उमेश ठाकुर, चंदन ठाकुर, बसंत ठाकुर, झरी ठाकुर, रंजीत ठाकुर, दीपू ठाकुर, सुरेश ठाकुर, द्वारका ठाकुर समेत कई लोग शामिल थे।

## टाटीझरिया में निकली शोभा यात्रा



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** अयोध्या जाने का न्योता बांटने के उद्देश्य से खंभवा और बांडीह के रामभक्त बुधवार को शोभा यात्रा निकाले। शोभा यात्रा खंभवा देवी मंदिर से पूजा-अर्चना, आरती करने के बाद निकाली गयी। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे के साथ यात्रा में चल रहे थे। देवी मंदिर से खंभवा शिवमंदिर होते हुए बांडीह होते हुए खंभवा सूर्यमंदिर तक जाने के बाद वहां भी प्रसाद वितरण के बाद यात्रा समाप्त की गयी। इस क्रम में रामभक्त गांव की गलियों से गुजरते हुए मेरे झोपड़ी में राम आयेंगे के गीतों पर झूमते चल रहे थे। सभी के हाथों में भगवा झंडा, माथे पर पट्टी बांधे चल रहे थे। सूर्यमंड परिसर में ही सबों को अयोध्या पूजित अक्षत हाथ में दिया गया। यात्रा में मिथिलेश कुमार पाठक, कैलाशपति सिंह, ब्रजनंदन पाठक, इंद्रदेव यादव, प्रकाश प्रजापति, अंजेश यादव, प्रदीप सिंह, अरुण सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, गणेश गोप, दिना गोप, ब्रजकिशोर सिंह, रवि सिंह, अनिल मंडल, त्रिभुवन महतो, जीतन महतो, हरी प्रजापति, प्रमोद यादव, नागेश्वर यादव, साइनाथ साव, प्रिंस सिंह, बलदेव महतो, दिगंबर कुशवाहा, अनिता देवी, परवीन बॉबी, उर्मिला देवी, सुमिता, कौशल्या, सरिता, पार्वती देवी समेत सैकड़ों भक्त शामिल थे। वहीं घुघलिया से भी रामभक्तों द्वारा जुलूस निकाला गया। वे बाबा बालकनाथ मंदिर तक आये और वहां से पुनः वापस घुघलीया गये।


### पेज-01 का शेष...


## बालू की शुरू होगी.....

**कृषि एवं पशुपाल विभाग पर क्या कहाः**

विभागीय सचिव ने बताया कि कृषि ऋण माफी योजना के तहत स्टैंडर्ड केसीसी में अब तक 8 लाख ऋणी किसान को शामिल किया गया है। अब तक 4 लाख 62 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से 1858.3 करोड़ रुपये का वितरण किया गया है। दूध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूध का संग्रहण 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ा कर 2.5 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है। जबकि, किसानों को तीन रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा रही है। करीब 38 हजार किसान इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में अब तक कुल 45 लाख 45 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें अब तक 13 लाख 94 हजार से ज्यादा सत्यापित लाभुकों को 478 करोड़ रुपये वितरित किये गये हैं। राज्य में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले 438 नोडल लैंप्स- पैक्स को 8.8 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री पशुधन योजना में अब तक 10 लाख से ज्यादा लाभुकों को अनुदान की राशि दी गयी है। राज्य में 5454 तालाब का जीर्णोद्धार और 8081 परकोलेशन टैंक के साथ 3513 डीप बोरिंग की गयी हैं, जबकि, 17320 पंपसेट का वितरण किया गया है। 1784 किसानों और स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर और पावर ट्रिलर वितरित किये गये हैं। किसानों के सहयोग के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर के साथ किसान हेल्पलाइन की शुरुआत की गयी है। राज्य में 25 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण पूरा करने की पहल की जा रही है। मछली उत्पादन में 3.30 लाख टन के लक्ष्य के विरुद्ध 2.95 लाख टन उत्पादन हुआ है, जबकि 2018-19 में यह उत्पादन 2 लाख टन से कम था। बंद पड़ी कोयला खदानों में केज कल्चर की शुरुआत की गयी है। राज्य के 2.5 लाख किसान कृषि उपज व्यापार के लिए ई-नेम पोर्टल पर पंजीकृत किये जा चुके हैं और उनकी उपज को खेत से ही बेचने की सुविधा विकसित की ग्सश्र है। 236 वेटनरी एंबुलेंस के लिए जीवीके ग्रीन सर्विसेज के साथ एमओयू बहुत जल्द किया जायेगा। राज्य में 40 पाठशाला संचालित की जा रही है और नयी पाठशाला के संचालन के लिए संस्थाओं का चयन प्रक्रिया में है। पलामू में गौ मुक्तिधाम का शिलान्यास किया गया है। जल्द ही अन्य जिलों में काम शुरू किया जायेगा। अगले पांच वर्षों में प्रत्येक जिला में एफपीओ गठन का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें कार्यशील पूंजी के लिए अनुदान का प्रावधान किया जा रहा है।

- केसीसी से 6 लाख 30 हजार नये किसान जोड़े गये
- राज्य की 14 खनिज ब्लॉक नीलामी के लिए तैयार

**खान एवं भूतत्व विभाग पर क्या कहाः**

सचिव ने कहा कि डीएमएफटी फंड में कुल 11 हजार 960 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 5978 करोड़ रुपये विभिन्न विकास योजनाओं पर व्यय किये गये हैं। 2023-24 में कुल तीन कोयला खदानों की नीलामी की गयी है। साथ ही गैर कोयला खदानों में अभी तक कुल 10 खनिज ब्लॉक खदानें नीलाम की जा चुकी हैं, जिसमें लौह, स्वर्ण, चूना पत्थर और बॉक्साइट आदि की खदान हैं। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए माइंस सर्विलांस सिस्टम फॉर माइनर मिनरल लागू किया जा रहा है, जो सेटेलाइट आधारित है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में गोड्डा और पाकुड़ में एमएसएस और जेएसएससी के सहयोग से लागू किया जा रहा है।

- उपायुक्त के माध्यम से होगी 351 बालू घाटों की नीलामी

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल



भदानीनगर (आजाद सिपाही)। भदानीनगर बनगड्डा फोर लेन स्थित सड़क दुर्घटना में एक बच्चे, पुरुष सहित एक महिला घायल मिली। जानकारी अनुसार ट्रेकर जो भुरकुंडा से स्वारी लेकर रामगढ़ की और जा रहे थे। इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही एक हाइवा गाड़ी ने उन्हें चकमा दिया। जिसके चपेटे में आकर ट्रेकर अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। दुर्घटना में अशोक बेदिया, सोनाली कुमारी, रानो देवी घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय लोगों द्वारा रोड एंबुलेंस की मदद से रामगढ़ सदर में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर द्वारा घायलों का इलाज किया जा रहा। वहीं सूचना मिलते ही भदानीनगर घटनास्थल पहुंचकर ट्रेकर को भदानीनगर थाने में लाया गया और आगे की जांच पड़ताल जारी है।

## यूनिवर्सल स्कूल के स्थापना दिवस में शामिल होंगे विधायक जयप्रकाश भाई पटेल

कुजू (आजाद सिपाही)। यूनिवर्सल प्लानेट पब्लिक स्कूल करमा में आगामी 26 जनवरी को स्कूल का 10वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल रवि कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के स्थापना दिवस और गणतंत्र दिवस मे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रहा है।

## अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ का वनभोज समारोह सह चुनाव संपन्न



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रिभर साइड भुरकुंडा स्थित दोमुहानी नदी तट स्थित राम-जानकी मंदिर प्रांगण में बुधवार को अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ पतरातू प्रखंड कमेटी का वनभोज समारोह सह चुनाव संपन्न हो गया। इसकी अध्यक्षता तरुण वर्मा और संचालन उदय स्वर्णकार ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी, उपाध्यक्ष हेमंत वर्मा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, अखिलेश सोनी उपस्थित थें। समारोह में शिक्षा, एकजुटता व समाज के उत्थान पर बल दिया गया। साथ ही स्वर्णकार समाज के लोगों से एक-दूसरे के सुख-दुख में हर संभव सहयोग करने की बात कही गयी। मौके पर मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जोहरी ने कहा की समाज के उत्थान के लिए एकजुटता जरूरी है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर देते समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर एक-दूसरे के सुख-दुख में संघ के लोगों से सहयोग करने की बात कही। समारोह में पतरातू प्रखंड कमेटी गठन को लेकर चुनाव किया गया। जिसमें नरेश सोनी को निर्विरोध पतरातू प्रखं का अध्यक्ष चुना गया। वहीं चुनाव प्रक्रिया के तहत मनोज सोनी को प्रखंड सचिव और विजय वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर अतिथियों ने सम्मानित करते हुए आशा व्यक्त की है कि ये सभी अपने दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ को और ऊंचाईयों तक ले जायेंगे। मौके पर पवन सोनी, लक्षण स्वर्णकार, अशोक सोनी, सुरेश सोनी, सूरज सोनी, मिथलेश सोनी, अनिल सोनी, कैलाश प्रसाद सोनी, धर्मेंद्र प्रसाद, विजय सोनी, मनोज सोनी सहित समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रकाशोत्सव पर श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा में टेका मत्था



हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)। खालसा पंथ के संस्थापक व सिक्खों के दशवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का पावन प्रकाशोत्सव केदली कला गुरुद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा में मत्था टेका और अरदास किया। इसके पूर्व पिछले चार दिनों से चल रही प्रभातफेरी कल सम्पन्न हो गयी, तत्पश्चात रात्रि के दीवान में श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद देर रात तक कीर्तन दरबार सजाया गया। इस निमित्त आगामी रविवार को एक भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा सोमवार को विशेष दीवान का आयोजन होगा। इस विशेष दीवान में जम्मू-कश्मीर से आये हुए रागी भाई रणधीर सिंह जी अपने सहयोगियों के साथ कीर्तन तथा ज्ञानी हरविंदर सिंह जी अपने कथा वाचन से संगत को निहाल करेंगे।

## पीआरपी, बीएपी ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। पीआरपी, बीएपी महंगाई के अनुरूप मानदेय वृद्धि, क्षेत्र भम्रण भत्ता में वृद्धि, जेएसएलपीएस के एचआर पॉलिसी से जोड़कर इसका लाभ देने संबंधित मांगों को लेकर मंगलवार को पूरे प्रदेश के पीआरपी, बीएपी ने काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज किया। वहीं बुधवार को ट्विटर कंपेनिंग के माध्यम से भी विरोध दर्ज की। 18 जनवरी 2024 को हेहल स्थित जेएसएलपीएस राज्य कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। इसके बाद भी सरकार, विभाग के द्वारा मांगो पर कोई सकारात्मक पहलू पर कार्य नहीं होगा तो संघ अपनी विरोध दर्ज करने के लिए ठोस कदम उठाने को बाध्य होगी। विरोध करने वालों में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष नारायण महतो, सचिव मुस्तकीम राजा, कोषाध्यक्ष ऋचा देवी, सविता देवी, कार्तिक कुमार, दीपक कुमार, नूरी सहित अन्य शामिल है।

## भुरकुंडा में मना श्री गुरु गोबिंद सिंह की 357वीं जयंती



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहे गुरू जी की खालसा, वाहे गुरू जी के फतेह आदि जयकारों से बुधवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का क्षेत्र गूंजता रहा। अवसर रहा श्री गुरु गोबिंद सिंह का 357वां जयंती पर आयोजित प्रकाशोत्सव पर्व का। इस अवसर पर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेन रोड भुरकुंडा के तत्वावधान में श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का 357वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। इस दौरान सबद-कीर्तन, सुखमनी साहेब का पाठ सहित कई धार्मिक अनुष्ठान और भव्य लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने गुरू का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, परमजीत सिंह धामी, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, रिन्कु धामी, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रित सिंह, संदीप सिंह, गुसदीप सिंह रंधावा, सोनू सिंह, पीयूष सिंह, अंग्रेज सिंह, यशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, उषा कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर, अमरजीत कौर, दलविन्दर कौर रिंकी कौर, राज कौर, हरभजन कौर, शीतल कौर, अमृता कौर, सविन्दर कौर, राजरानी कौर, रतन कौर, करम कौर, कमलेश कौर, पूनम कौर आदि शामिल थे।

# विस्थापितों के मुद्दे पर कांग्रेस ने सिरका कोलियरी को कराया बंद

**जिला प्रशासन, जीएम और आंदोलनकारी के बीच हुई वार्ता**

**पूर्व विधायक ममता देवी को माइंस में घुसने से रोका, बताया बाहरी नेता**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। पांच वर्षों के बाद सिरका कोलियरी में मीनिंग शुरू हुई तो राजनीति भी बड़े पैमाने पर हो रही है। इस कोलियरी में अपना दबदबा बनाने के लिए कांग्रेस और आजसू पार्टी के नेताओं ने पूरी ताकत छोड़ दी है। बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने स्थापितों के मुद्दे पर कोलियरी को बंद कर दिया। इस दौरान आजसू के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और उन्होंने इसका पुरजोर विरोध किया। दोनों पार्टियों के समर्थकों के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई और घंटो हो हंगामा चलता रहा। 2 घंटे तक चले संघर्ष के बाद ना तो कांग्रेस पीछे हटी और ना ही आजसू समर्थक पीछे हटे। कोलियरी के नया कांटा घर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान पार्टी के नेताओं और मजदूरों के साथ धरने पर बैठ गये। दूसरी ओर आजसू के समर्थक माइंस के बाहर जमघट लगाकर बैठ गये।



**लाठी, डंडे और हॉकी स्टिक से लैस थे आंदोलनकारी**

कोयलांचल का सबसे महत्वपूर्ण कोलियरी सिरका कोलियरी पांच साल के बाद खुला लेकिन उसमें राजनीतिक रंग शामिल हो गया। बुधवार को जब वहां कांग्रेस ने चक्का जाम का ऐलान किया तो आजसू और कांग्रेस एकदम आमने-सामने दिखे। एक तरफ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान अपने समर्थकों के साथ कोलियरी में घुस गये, तो दूसरी तरफ आजसू के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो अपने समर्थकों के साथ वहां जाद्दो जहद करते दिखे। दोनों और के समर्थक लाठी, डंडे और हॉकी स्टिक के साथ वहां हाई वोल्टेज ड्रामा करते हुए दिखे। सुबह 11:30 बजे से ही एक ऐसी तनाव की स्थिति बनी हुई थी जिसमें यह लग रहा था कि कभी भी खूनी संघर्ष शुरू हो सकता है। बीच-बीच में कई बार हाथापाई और धक्का मुक्ति हुई। कई बार ऐसा लगा कि अब लड़ाई आर पार की हो जायेगी।

**मजदूरों को नहीं मिल रहा न्याय, आजसू नेता सेक रहे अपनी रोटी : कांग्रेस:** धरना पर बैठे कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्हें दैनिक मजदूरी भी नहीं मिल पा रही है। यहां पर आजसू के कुछ नेता अपनी रोटी सेक रहे हैं।

**सीसीएल प्रबंधन लोकल सेल समिति के साथ नहीं है इंवॉल्व : जीएम :** सिरका माइंस में पूरे दिन प्रोडक्शन और लोडिंग बंद रहने के कारण सीसीएल को भारी नुकसान हुआ है। इस मामले में अरगड्डा प्रक्षेत्र के जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने बताया कि लगभग 200 लोगों ने माइंस का कार्य ठप कर दिया था। उनका प्रोडक्शन और डिस्पैच नहीं हो पाया।

**प्रबंधन और सेल समिति का गठबंधन, कांग्रेस की नहीं गली दाल**

सिरका माइंस में इस तनावपूर्ण स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र कुमार पासवान और रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित महतो मौके पर मौजूद रहे। वार्ता के दौरान ऐसा लगा कि प्रबंधन और लोकल सेल समिति का आपस में एक ऐसा गठबंधन है जो कांग्रेस की दाल गलने नहीं देगा।

**कांग्रेस पार्टी कोलियरी में कर रही है रंगदारी**

आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो ने कांग्रेस पर रंगदारी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि यहां मजदूर और विस्थापित पहले से ही एकजुट हैं। उन लोगों को नियमानुसार लोडिंग और काम मिल रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी के कुछ नेता रंगदारी कर कोलियरी को बंद करने की कोशिश कर रहे हैं। अगर जल्द ही वे लोग आंदोलन खत्म नहीं करते हैं तो विस्थापित और मजदूर एकजुट होकर उन्हें सबक सिखायेंगे। इस स्थान पर मजदूर संगठन काफी मजबूत स्थिति में है।

उन्होंने कहा कि इस आंदोलन के मुख्य समस्या यह है कि लोकल नागरिक आपस में बैठकर वार्ता नहीं कर रहे हैं।

# इडी के अधिकारी इजहार अंसारी की फैक्ट्री से ले गये फाइल

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। इडी अधिकारियों ने बोंगाबार स्थित ओम कोक इंडस्ट्रीज में मंगलवार की देर संध्या तक चली छापामारी बाद गत 4 वर्षों का कोयला स्टाक, खरीद-बिक्री संबंधित रजिस्टर अपने साथ ले गये। अधिकारियों ने



जेएसएमडीसी कोल लिंकेज से जुड़े दस्तावेजों की जांचोपरांत उसपर प्लांट प्रबंधक हरिनाथ महतो के हस्ताक्षर लेने के बाद रजिस्टरों को सीज किया। छापेमारी के दौरान इडी अधिकारियों ने हरिनाथ महतो को न तो किसी से बात अथवा मिलने की इजाजत दी। उनका मोबाइल भी ले लिया गया था। प्लांट प्रबंधक हरिनाथ महतो के अनुसार उनके घर से आया नाश्ता भी खाने नहीं दिया। वहीं, दवा की जांच के बाद अधिकारियों ने खाने की अनुमति दी। अधिकारियों द्वारा स्वयं मंगाया गया खाना-पानी उन्हें भी दिया गया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू के सभागार में सभी बीटीटी, सहिया साथी व सहिया के साथ बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी डॉ एसके कांत, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ अजय चौधरी उपस्थित थे। मौके पर चिकित्सकों ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी से 25 फरवरी 2024 तक चलाया जायेगा। सभी सहिया व सेविका अपने-अपने क्षेत्र में कार्य योजना के अनुरूप सभी व्यक्तियों को अपने सामने एल्बेंडाजोल व डीएससी की गोली की खुराक लोगों खिलाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बताया गया कि प्रखंड स्तर पर बीडीओ के साथ ब्लॉक कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन करने और सभी मुखिया के साथ



प्रखंड स्तर पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 1/2 गोली एल्बेंडाजोल 2 वर्ष से ऊपर के सभी व्यक्ति को 1 गोली एल्बेंडाजोल और डीएससी की गोली की खुराक देने व गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा की खुराक नहीं देने की बात बतायी। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रश्मि रोमिला सांगा, एस आलम, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक राहुल कुमार, रवि कुमार पीसीआई के कोऑर्डिनेटर अजीत कुमार समेत सीएचसी के सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## जागरूकता विकास कार्यक्रम और मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। मांडूचट्टी पंचायत सचिवालय में बुधवार को डाक विभाग द्वारा जागरूकता विकास कार्यक्रम सह एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुखिया अनीता देवी दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित झारखंड प्रमंडल के डीडीएमपीएलआई अमित कुमार, डाक अधीक्षक हजारीबाग प्रमंडल आशुतोष सिन्हा, सहायक डाक अधीक्षक रामगढ़ नवीन अग्रवाल समेत विभाग के पदाधिकारियों ने डाक विभाग द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने डाक विभाग की योजना एसबी, आरडी, एसएसए, एमएसएससी, आईपीपीबी अकाउंट, पीएम किसान अकाउंट, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मेला में आधार का नवीनीकरण और सुधार किया गया। इससे पूर्व विभाग के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आया अतिथियों को गंगाजल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाक कर्मी शशि भूषण प्रसाद, विजय कुमार पांडेय, सतीश गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, मुखलाल साहू समेत कई कर्मी मौजूद थे।

# श्री गुरुगोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर गुरुवाणी से गूंजा शहर, सजा दीवान

**गुरुद्वारा साहिब में बंटा लंगर का प्रसाद, संगतों ने टेका मत्था**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी का 357 वां प्रकाशोत्सव मनाया गया। बुधवार को गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाया गया। रानीगंज के हजूरी रागी जत्था भाई रविंद्र सिंह ने जो लड़े दिन के हेत सुरा सोई सुरा सोई, संगत पियो पावल खंडेदार होए जन्म सोहेला..शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगतों को निहाल किया।

साथ ही गुरु गोविंद सिंह जी के इतिहास की जानकारी दी। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने गुरु गोविंद सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला।



गुरुद्वारा साहिब में अखंड पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजा। दीवान समापन के बाद गुरुद्वारा साहिब में संगतों ने अटूट लंगर ग्रहण किया। गुरुद्वारा साहिब में गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव को लेकर रात में भी विशेष दीवान सजाया गया। जिसमें हजूरी रागी दरबार साहिब के भाई करमजीत सिंह शबद कीर्तन कर संगतों को निहाल किया। प्रकाशोत्सव पर हड्डी रोग जांच शिविर लगाया गया।

**ये थे उपस्थित:** प्रकाशोत्सव कार्यक्रम में गुरुद्वारा मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मित प्रधान हैप्पी छाबड़ा, हरपाल सिंह अरोड़ा, कुलजीत सिंह कालरा, पप्पू जस्सल, पुष्पिंदरपाल सिंह छाबड़ा, बंटी चमन, देवेंद्र सिंह अरोड़ा, अजैब सिंह सिंह, विंसी कोहली, रमिंदर सिंह गांधी, इंदरपाल सिंह सैनी, जगजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, कमल जस्सल, मीडिया प्रभारी करमजीत सिंह जग्गी, अजय सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह होरा, जसकीरत सिंह भाटिया, जसकीरत सिंह सैनी, रौनक सिंह, गुरजोत सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, कमलजीत सिंह लांबा, जोगिंदर सिंह जग्गी, राजा कालरा, इंद्रजीत सिंह जस्सल, बलजीत सिंह बेदी, तेजिंदर सिंह सोनी, प्रीतम सिंह, रज्जी गांधी, विनसी कोहली, रवींद्र सिंह, डॉ नरेंद्र सिंह, पलविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, विमला जस्सल, रानी जस्सल, रोमा छाबड़ा, मनप्रीत सैनी, चरणजीत कौर, नवलजीत मल्होत्रा, लवली लांबा, बलविंदर कोर, करमजीत कौर जग्गी, सुखमित कौर, जसमीत कौर सोनी, बबली सोनी, मंजीत अरोड़ा, सुमी जोली, गुरबख्श कौर सैनी, मनप्रीत सैनी, महेंद्र कौर, रंजीत कौर सहित अनेक साध संगत शामिल थे।

## मुखिया ने किया पीसीसी पथ का शिलान्यास



उरीमारी (आजाद सिपाही)। शांति निकेतन विद्यालय बगरैया को जोड़ने वाली पीला क्वार्टर मुख्य सड़क से विद्यालय तक कच्ची सड़क में पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को मुख्य अतिथि उरीमारी पंचायत मुखिया श्रीमति कमला देवी के कर कमलों द्वारा 21 नारियल फोड़ कर किया गया। सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र के सीएसआर मद से बनने वाले पीसीसी पथ का निर्माण कार्य लगभग 15 लाख रुपये के लागत से कराया जाना है। वहीं मुखिया कमला देवी ने कहा कि सड़क बन जाने से विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने जाने में काफी सुविधा होगी और बगरैया गांव आने जाने लोगों को भी सुविधा होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उरीमारी पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, सहायक मैनेजर बालमुकुंद उपाध्याय (सीएसआर), ओवर सीयर संदीप लकड़ा (सीएसआर), चंद्र दीप कुमार चौधरी, कानू मरांडी, पोटंगा पंचायत के पूर्व मुखिया मीना देवी, विस्थापित नेता धर्मदेव करमाली, शांति निकेतन विद्यालय के अभिभावक सुखदेव करमाली, गोपी मांझी, महादेव मांझी, राजेश सोरेन, चेतलाल मांझी, सुषमा श्रीवास्तव, सीतामुनी देवी, फूलमुनी देवी, लालदेव मांझी,सुरजलाल मांझी, विधालय निदेशक-नरेश करमाली, प्रधानाध्यापक - दिनेश करमाली, शिक्षक राजेन्द्र राम, पिंटू कुमार, रंजीत करमाली, बिनोद मांझी, सुशील कुमार, अंजली कुमारी, अर्चना कुमारी, सुरज कुमार, पूनम सरोज किण्डो, संगीता कुमारी, सेवामुनी टुडू, सोनी कुमारी, पुनम भारती, सुमन हांसदा, विकास करमाली, विजय कुमार बास्के, सविता देवी, प्रीति देवी, अवधेश कुमार, शंकर करमाली, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीएवी ने की पतंगबाजी प्रतियोगिता



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर डीएवी बरकाकाना ने पतंगबाजी प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता में वर्ग तृतीया से पंचम तक के बच्चों ने अपना दम दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान छोटे छोटे बच्चों ने स्कूल प्रांगण में मनमोहक और रंगबिरंगे पतंगों को उड़ाकर अपने जौहर का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पतंग उड़ाने वाले बच्चों ने अपने पतंगबाजी हूनर का परिचय देते हुए आसमान से बाते करने जैसे पतंगे उड़ायी। वर्ग चतुर्थ के अर्थ अग्रवाल ने इस प्रतियोगिता में सबसे उंचाई पर पतंग उड़ाकर स्कूल रिकॉर्ड में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ उर्मिला सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आकाश की उड़ान तो बहुत अच्छी लगती है, किंतु इस दरम्यान हमें धरातल का भी ध्यान रखना चाहिए। हम धीरे-धीरे अपनी सांस्कृतिक विरासत का भूलते जा रहे हैं जिसके कारण परंपराएं मृतप्राय हो रही है। ऐसे में व्यक्तित्व का निर्माण करने के लिए इन विरासत और परंपराओं को पूर्णजीवित करना बहुत ही जरूरी है। डॉ सिंह ने बताया कि डीएवी बरकाकाना में मेंहदी, पतंगबाजी, दुर्गा प्रतिमा प्रदर्शनी, रामलीला जैसी परंपरा से जुड़ी हुई प्रतियोगिताएं करायी जाती है क्योंकि कंगूरे से अधिक महत्व उस नीवं के पत्थर पर देना चाहिए जिसपर कंगूरा निर्मित होता है।

## पीवीयूएन स्वर्णरेखा महिला समिति ने बांटे बैग



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू स्थित एसएस जमा दो हाई स्कूल परिसर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच पीठु बैग और वाटर बोतल का वितरण पीवीयूएनल के स्वर्णरेखा महिला समिति के द्वारा किया गया। बताया गया की समिति के अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में करीब आधा दर्जन सदस्य विद्यालय में पहुंच कर कुल 120 बच्चों को सामग्री मुहैया कराया। इस बीच समिति के द्वारा बच्चों को जलपान भी कराया गया। समिति के अध्यक्ष के द्वारा बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। मौके पर अंशु नीलम तिर्की, निर्मल कुमार, सुरेश कुमार, त्रिभुवन कुमार, रेणु कुमारी, अशोक ठाकुर आदि स्कूल के शिक्षक शामिल थे।

## आरवीएम, जेएमएम की बैठक मासिलोंग में संपन्न



टंडवा (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा और जेएमएम के कार्यकर्ताओं की बैठक मासिलोंग गांव में बुधवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता आरवीएम नेता सर्वजीत गंझु, संचालन आरवीएम केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया। बैठक के मुख्य उदेशय बीते मंगलवार की अंचल परिसर में त्रि-पक्षीय वार्ता के बाद समीक्षा की गयी। बैठक में मासिलोंग के सैकड़ो ग्रामीण सभा में शामिल हुये, बैठक में वक्ताओं द्वारा बताया गया की मगध जीएम नृपेंद्र नाथ के द्वारा त्रिपक्षीय वार्ता में रैयतों को नौकरी मुआवजा देने का आश्वाशन दिया तभी ग्रामीणों ने अपने जमीन पर कार्य करने की अनुमति दिया हैं। बैठक में आरवीएम और जेएमएम के कार्यकर्ताओं ने अपने अपने वक्ता में कई बिषयों पर प्रकाश डाला। मौके पर सभा के अंतिम में आवाज दो हम एक है, पूरा नौकरी पूरा दाम नहीं तो होगा जाम, समेत की क्रांतिकारी आवाज में नारे लगाये। इस मौके पर जेएमएम नेता मनोज चंद्रा, जागेश्वर दास, चंद्रदेव साव, तस्दीक अंसारी, डबलू गंझु, प्रदीप गंझु, सुनील कु.भोगता सुजीत भोगता, सुरेश उरांव, रामकुमार टाना भगत, संजीत उरांव.मो अफजल समेत ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## आंदोलनकारी महासभा संघर्ष समिति की बैठक



गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के योगिया बाबा आश्रम परिसर में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा संघर्ष समिति जिला कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता विद्याधर महतो और संचालन भागीरथ महतो ने किया। इस दौरान आंदोलनकारियों के मान सम्मान पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही वनभोज सह मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक अर्जुन राम महतो का स्वागत आंदोलनकारियों द्वारा माला पहनाकर किया गया। मौके पर दुखन महतो, महेश महतो, महानंद महतो, अमूल्य कुमार उपाध्याय, गणेश राम प्रजापति, देवकी प्रसाद, राजाराम महतो, धनीराम महतो, सीता देवी, सुनील महतो, पंचम महतो, अशोक महतो, कुंज लाल राम रविदास, सरजू महतो, मुंदरी देवी, रामलाल महतो, सहित दर्जनों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# किसी यात्री को असुविधा न हो

ठंड के इस मौसम में कोहरे ने जिस तरह से पूरे उत्तर भारत को घेर रखा है, उसका असर हवाई सेवाओं पर भी पड़ रहा है। कोहरे की वजह से फ्लाइट में कुछ घंटों तक की देरी की खबरें आ रही हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दिल्ली एयरपोर्ट पर तो एक यात्री द्वारा पायलट से दुर्व्यवहार की अप्रिय घटना भी हुई। पायलट से दुर्व्यवहार की घटना की ठीक ही चौतरफा निंदा हुई। ऐसे व्यवहार को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। लेकिन इस निंदनीय घटना की वजह से उन तकलीफों और परेशानियों को अनदेखा नहीं किया जा सकता, जिनसे यात्रियों को गुजरना पड़ रहा है। यह सही है कि घने कोहरे के चलते पर्याप्त विजिबिलिटी न होना किसी एयरलाइन कंपनी के हाथ में नहीं होता। लेकिन इन हालात में भी थोड़ी बेहतर सेवा यात्रियों की तकलीफ में काफी कमी ला सकती है। यह भी जरूरी है कि एयरपोर्ट पर और बेहतर तकनीक का इस्तेमाल हो, ताकि हवाई सेवा कोहरे की वजह से बाधित न हो। जब भी किसी वजह से सेवा बाधित होती है, तो यात्रियों को जितनी परेशानी देरी से नहीं होती, उतनी सही सूचना समय पर नहीं मिलने से होती है। यह आम धारणा है कि एयरलाइंस कर्मचारी यात्रियों को पूरी जानकारी नहीं देते। रिफंड की सहज और आसान प्रक्रिया न होना मामले को बदतर बना देता है। मूल समस्या भले कुदरती हो, प्रबंधन से जुड़े मुद्दों के चलते भी अक्सर हालात और बिगड़ जाते हैं। मसलन कई बार ऐसा होता है कि खराब मौसम की वजह से पायलट एयरपोर्ट पर ही फंस जाते हैं और मौसम ठीक होने तक उनके ड्यूटी के घंटे पूरे हो जाते हैं। जाहिर है, मौसम ठीक होने के बावजूद नये क्रू के आने तक फ्लाइट फंसी रहती है। इन्हीं विवादों में पायलटों का रेस्ट टाइम बढ़ाने का मुद्दा भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए के इस हालिया आदेश के लागू होने से समस्या और बढ़ सकती है। लेकिन पायलटों को पर्याप्त आराम मिलना जरूरी है। फ्लाइट की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। इस मसले का यही हल है कि कंपनियां अपने पायलटों की संख्या बढ़ायें। ध्यान रहे, देश में एविएशन सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 15 करोड़ से ज्यादा घरेलू यात्रियों ने हवाई सेवा का इस्तेमाल किया, जबकि 2022 में यह संख्या 12 करोड़ ही थी। सेवा को पैसेंजर फ्रेंडली बनाये रखकर ही आगे इस सेक्टर की और अच्छी ग्रोथ सुनिश्चित की जा सकती है। इन विवादों का अच्छा पक्ष यह है कि डीजीसीए तुरंत हरकत में आया और एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) जारी कर दी। यात्रियों को सही और रियल टाइम जानकारी उपलब्ध कराने और तीन घंटे से ज्यादा देरी पर फ्लाइट कैंसल करने जैसे निर्देश उपयोगी हैं। मगर यह भी देखना होगा कि इन्हें सही ढंग से अमल में लाया जाये। इसके साथ ही यात्रियों के लिए संयम बनाये रखना भी उतना ही जरूरी है।

**दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्य इन दिनों कड़ाके की ठंड और कोहरे के सितम को झेल रहे हैं। कोहरे की वजह से कई फ्लाइट्स रोजाना प्रभावित हो रही हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पारंपरिक रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली एवं कर्नाटक राज्यों से आयकर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या अधिक रहा करती थी, परंतु अब कुछ नये राज्य तेजी से इन राज्यों को पीछे छोड़ने के प्रयास में आगे बढ़ रहे हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारत में आय की असमानता तेजी से कम हो रही है।**

# भारत में कम होती आय की असमानता

**प्रह्लाद सिंह**



**भारत** के बारे में अक्सर यह कहा जाता है कि विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद से भारत के आर्थिक क्षेत्र में 'के' आकार का विकास हो रहा है। आर्थिक दृष्टि से 'के' आकार के विकास से आशय यह है कि देश की अर्थव्यवस्था में गरीब अधिक गरीब हो रहा है और अमीर और अधिक अमीर हो रहा है। हालांकि हाल ही के समय में भारत में आय, बचत, उपभोग एवं खर्च आदि के संबंध में इस प्रकार की नीतियां बनायी जाती रही हैं कि देश के गरीब वर्ग को अधिकतम लाभ मिले। इसके लिए कई विशेष योजनाएं, जैसे, गरीब अन्न कल्याण योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, आवास योजना एवं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना आदि चलायी जा रही हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत सब्सिडी आदि की राशि लाभार्थियों के खातों में सीधे ही हस्तांतरित कर दी जाती है। इससे गरीब वर्ग के लाभार्थियों को सहायता की राशि 100 प्रतिशत तक मिल जाती है और इसमें भ्रष्टाचार की संभावना लगभग शून्य हो जाती है।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा भारत के आयकर विभाग द्वारा जारी किये गये आयकर विवरणियों संबंधी आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करते हुए यह बताया गया है कि भारत में नागरिकों के बीच आय की असमानता कम हो रही है। देश में वित्तीय वर्ष 2014 में व्यक्तिगत आयकर रिटर्न फाइल करने वाली कुल संख्या में 36.3 प्रतिशत संख्या निम्न आय वर्ग की श्रेणी के नागरिकों की थी और यह वर्ग अब वित्तीय वर्ष 2021 में मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गया है तथा इस बीच इस वर्ग की आय 21.1 प्रतिशत बढ़ी है। इस कारण के चलते 3.5 लाख रुपये वार्षिक आय वाले नागरिकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2014 में 31.8 प्रतिशत से घटकर वित्तीय वर्ष 2021 में 15.8 प्रतिशत रह गयी है। इसी प्रकार सबसे अधिक आयकर अदा करने वाले 2.5 प्रतिशत नागरिकों का कुल आय में योगदान 2.81 प्रतिशत से घटाकर 2.28 प्रतिशत हो गया है। अतः देश में मध्यम आय वर्ग के नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। आय कर दाखिल करने वाले नागरिकों की प्रति व्यक्ति औसत आय वित्तीय वर्ष 2014 में 3.1 लाख रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021 में 11.6 लाख रुपये हो गयी है और वित्तीय वर्ष 2022 में यह 12.5 से 13 लाख रुपये के बीच रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

**आयकर विवरणियां फाइल करने में भी महिलाओं की संख्या अब 15 प्रतिशत हो गयी है।**

भारत के आर्थिक विकास में भारतीय महिलाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है। कुल श्रमिक तंत्र में महिलाओं की संख्या 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गयी है। महिलाएं आज कृषि के क्षेत्र में भी अपना योगदान लगातार बढ़ाती जा रही हैं। आयकर विवरणियां फाइल करने में भी महिलाओं की संख्या अब 15 प्रतिशत हो गयी है।

भारत में लगातार तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते आज भारत में दोपहिया वाहनों की तुलना में चार पहिया वाहनों के बिक्री में अधिक वृद्धि दर हासिल हो रही है। वित्तीय वर्ष 2019 में 2.12 करोड़ दोपहिया वाहनो बिक्री हुई थी, जबकि उस वर्ष कृषि क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद में केवल 2.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी और मानसून में भी लगभग 14 प्रतिशत की कमी रही थी। वर्तमान वित्तीय वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री 1.8 करोड़ की रही है। इसके पीछे मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि एक तो मध्यम वर्ग अपने लिए मकानों की खरीद अधिक मात्रा में कर रहा है और दूसरे मध्यम वर्ग आज दोपहिया वाहनों के स्थान पर चार पहिया वाहन खरीदने की ओर आकर्षित हुआ है। इसी प्रकार आज अर्द्धशहरी क्षेत्रों में लगभग दो करोड़ परिवार खाद्य पदार्थों को खरीदने हेतु विभिन्न मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे हैं। अतः आज भारत के मध्यम वर्ग का टेस्ट बदल रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में नागरिकों का उक्त व्यवहार यदि आगे आने वाले समय में भी जारी रहता है, तो एक अनुमान के अनुसार अगले दशक की समाप्ति पर 50 प्रतिशत उत्पादों का उपभोग (लगभग 16 लाख करोड़ रुपये) गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों में से 90 प्रतिशत नागरिको द्वारा किया जाने लगेगा। आज गरीब वर्ग को केंद्र सरकार द्वारा बहुत बड़े स्तर पर मुफ्त अनाज, मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं एवं मकान आदि उपलब्ध कराये जा रहे हैं। अभी तक चार करोड़ परिवारों को रहने के लिए मकान उपलब्ध कराये जा चुके हैं, जिसके कारण इस वर्ग की 8.2 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त उपभोग कर सकने की क्षमता बढ़ी है।

वित्तीय वर्ष 2013-14 से वित्तीय वर्ष 2021-22 के बीच पांच लाख से 10 लाख रुपये की आय वाले वर्ग में आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या 295 प्रतिशत बढ़ी है। इसी प्रकार 10 लाख रुपये से 15 लाख रुपये की आय वाले वर्ग में आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या 291 प्रतिशत बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2022 में सात करोड़ नागरिकों द्वारा आय कर विवरणियां फाइल की गयी थी। यह संख्या वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 7.4 करोड़ हो गयी और अब वित्तीय वर्ष 2024 में 8.5 करोड़ हो जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यह संख्या देश में औपचारिक क्षेत्र में कुल श्रमिकों की संख्या का 37 प्रतिशत है।

पारंपरिक रूप से महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली एवं कर्नाटक राज्यों से आयकर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या अधिक रहा करती थी, परंतु अब कुछ नये राज्य तेजी से इन राज्यों को पीछे छोड़ने के प्रयास में आगे बढ़ रहे हैं। इनमें प्रथम स्थान पर उत्तर प्रदेश राज्य है। इसके बाद आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश एवं हरियाणा राज्य आते हैं। अब इन राज्यों से भी आय कर विवरणियां फाइल करने वाले नागरिकों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है।

व्यक्तिगत आय कर अदा करने वाले नागरिकों के अतिरिक्त सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की इकाइयों में भी लगभग इसी प्रकार के परिवर्तन दिखाई दिये हैं। वित्तीय वर्ष 2014 से वित्तीय वर्ष 2021 के बीच सूक्ष्म आकार की 19.5 प्रतिशत इकाइयों की आय बहुत तेज गति से बढ़ी है और अब सूक्ष्म आकार की ये इकाइयां छोटी, मध्यम एवं बड़ी श्रेणी की इकाइयों में परिवर्तित हो गयी हैं। इन सूक्ष्म इकाइयों में से 4.8 प्रतिशत इकाइयां छोटी श्रेणी की इकाइयों में, 6.1 प्रतिशत इकाईयां मध्यम श्रेणी की इकाइयों में एवं 9.3 प्रतिशत इकाइयां बड़ी श्रेणी की इकाइयों में परिवर्तित हो गयी हैं। विशेष रूप से भारत में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के लागू होने के बाद से सूक्ष्म आकार की इकाइयां छोटे आकार, मध्यम आकार एवं बड़े आकार की इकाइयों में परिवर्तित होती जा रही हैं। हाल ही के समय में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी की इकाइयों को बैंकों द्वारा प्रदान किये गये ऋण की राशि में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखने में आयी है। वित्तीय वर्ष 2023 में उक्त वर्ग की इकाइयों के 2.13 करोड़ खातों में 22.6 लाख करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया था और जो औसत रूप से प्रति ऋण खाता लगभग 10.6 लाख रुपये बैठता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी के बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी नहीं भुला सकता : काले

**लौहनगरी में गरिमामय तरीके से संपन्न हुआ गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व, हजारों श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब में माथा टेककर लिया आशीर्वाद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के तत्वावधान में अत्यंत गरिमामय रूप से नगर कीर्तन सही समय और पूरे मर्यादा से संपन्न हुआ। बुधवार को शहर के कई गणमान्य लोगों ने टेल्को गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु महाराज जी का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर बीजेपी के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता और समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने समस्त भारतवासियों को गुरु महाराज जी के प्रकाश पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि शौर्य, तप, त्याग, वीरता और समर्पण के प्रतीक सिख धर्म के दसवें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोविंद सिंह जी को आज पूरा राष्ट्र उनके तप और बलिदान के लिये कृतज्ञता अर्पित करते है। उनके श्री चरणों में शत् शत् नमन करते है।

उन्होंने जुल्म और प्रताड़ना के खिलाफ डट कर संघर्ष किया और धर्म की लड़ाई में फतेह हासिल की। अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए एक अद्भुत मिशाल कायम करते हुए अपना पूरा परिवार को शहीद करवा दिये। काले ने कहा कि उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना करते हुए ऊंच और नीच की दीवार को सदा के लिये दफ़्न कर दिया। जो उस समय के लिये बहुत बड़ी चुनौती थी। इस अवसर पर काले ने नगर कीर्तन में सेवा करने वाले सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को और उनके सभी पदाधिकारियों, सभी गुरुद्वारा समितियों, स्त्री सत्संग सभा, सिख नौजवान सभा और तमाम संगठनों के प्रति आभार जताया। साथ ही उन्होंने ज़िला प्रशासन और समस्त शहरवासियों को धन्यवाद दी।

# झामुमो ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में श्रद्धालुओं के बीच फल व पानी का किया वितरण



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिखों के दसवें गुरु, खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोविंद सिंह महाराज जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जमशेदपुर नगर सचिव नंदू सरदार की ओर से सेवा शिविर लगाया गया। मौके पर श्रद्धालुओं के बीच फल और पानी का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य मनोज यादव, महावीर मुर्मू, अमित प्रसाद श्रीवास्तव, कृपाल सिंह, परमजीत सिंह पम्मी, रजनी दास, दल गोविंद लोहरा, अमरजीत कौर गिल, मोनिका सिंह, बलजीत सिंह, रंजय सिंह, इमरान खान, रिहान अली, महेश्वर दास ने सेवा कार्य में बढ़-कर कर हिस्सा लिया।

# शहर के कनवाई चालक की ठंड लगने से कानपुर में मौत



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। राहरगोड़ा निवासी कनवाई चालक मुकुंद सिंह का बीते दिनों चेचिस गाड़ी ले जाने के दौरान कानपुर में ठंड लगने से मौत होगाया। बुधवार को पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामवासियों ने मृतक के शव आने के बाद टाटा मोटर्स के चेचिस बुकिंग यार्ड (टेल्को रेस्ट हाउस) में मुआवजा की मांग को लेकर सुबह से शाम तक विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कार्यालय तक खोलने नही दी। अंत में ट्रांसपोर्ट से टाटा मोटर्स कनवाई यूनियन की उपस्थिति में मृतक के परिजन को 3 लाख 50 हजार रुपया मुआवजा दिया गया। मौके पर आंदोलन के दौरान मुख्य रूप से पूर्व पंचायत समिति के विश्वजीत भगत, मुखिया हेमंत खालको, झामुमो मजदूर नेता राजु सामंत, कुसुम पूर्ति, राजेश सिंह, शिवलाल लोहरा, मुन्ना चौधरी, राकेश सिंह, विवेक, जकता सोरेन, विनय सिंह, अनूप और मृतक के परिवार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आवास बोर्ड की जमीन पर कब्जा दिलाने का अभियान



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन ने मियाद पूरी होते ही फिर से आवास बोर्ड के जमीन पर कब्जा दिलाने का अभियान शुरू कर दिया। हालांकि फिर से पूर्व पार्षद रिंकू राय विरोध करने पहुंची। बुधवार को विरोध के दौरान इस बार उनकी एक न चली। पुलिस ने उन्हें और उनके साथ वीरेंद्र सिंह नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 31 के रोड नंबर 13-14 में आवास बोर्ड के जमीन पर वर्षों से आवंटियों को कब्जा दिलाने में आवास बोर्ड विफल हो रही थी। इसके पीछे स्थानीय लोगों का विरोध कारण बन रहा था।जिसके बाद आवंटी हाईकोर्ट की शरण में गए। हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दो बार प्रयास के बाद अंततः बुधवार को फिर से लाव-लश्कर के साथ कब्जा दिलाने के लिए अभियान शुरू कर दिया। मौके पर तीन जेसीबी मशीन के साथ आवास बोर्ड के पदाधिकारी व जिला पुलिस ने अभियान को सफल बनाने में जुट गयी। साथ ही प्रशासन की ओर से चारों तरफ घेराबंदी पर काम जोर-शोर से चलने लगा। वैसे प्रशासनिक सख्ती देख कहीं से भी किसी तरह का विरोध नहीं हुआ।इस पूरे प्रकरण में एक भाजपा नेता ने पूर्व पार्षद रिंकू राय को दोषी ठहराया। उन्होंने पूर्व पार्षद पर पांच साल तक उक्त जमीन के एवज में जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया।

# बच्चों के मन में पढ़ लिख के आगे बढ़ने की ललक, इनके अंदर के मनोयोग को बढ़ाने की जरूरत : किशोर कौशल

**एसएसपी के पहल पर सुदूर ग्रामीण क्षेत्र झांटीझरना उत्क्रमित विद्यालय के बच्चों को लौहनगरी का कराया गया भ्रमण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल के पहल पर पहली वार जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को लौहनगरी जमशेदपुर का भ्रमण कराया गया। बुधवार को गालूडीह थाना अंतर्गत झांटीझरना उत्क्रमित सरकारी विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस मुख्यालय, जुबली पार्क और टाटा जु का भ्रमण कराया गया। मौके पर सरकारी स्कूल की छात्र-छात्राओं ने पुलिस मुख्यालय में एसएसपी किशोर कौशल से मुलाकात कर काफी खुश दिखे। इस अवसर पर एसएसपी ने बच्चों के बीच गर्म कपड़े और चॉकलेट का वितरण कर खुसी जाहिर की। एसएसपी ने बताया बीते दिनों ग्रामीण एसपी, डीएसपी और थाना प्रभारी के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शिविर के माध्यम से गालूडीह थाना अंतर्गत झांटीझरना उत्क्रमित सरकारी विद्यालय में बच्चों के साथ मुलाकात कर उनके हौसला अफजाई की। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जिला पुलिस के पहल पर पहली वार सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को जमशेदपुर घूमाने के लिए लाया गया। उन्होंने बताया बच्चे को घुमाने से उनको सफर का काफी आनंद मिलता है। आज बच्चे सरकारी पुलिस पदाधिकारीओं से मुलाकात की, जुबली पार्क का भ्रमण कर टाटा जु का आनंद उठाया। जमशेदपुर पुलिस आगे भी इस तरह से ग्रामीण बच्चों का मनोयोग बढ़ाते रहेंगे। ताकि उन्हें एक नये उमंग के साथ ज्ञान बढ़ता रहे। एसएसपी ने बताया स्कूल के शिक्षकों ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में मनयोग से बच्चों को पढ़ा रहे हैं। यही कारण है बच्चे काफी जागरूक है। इनसे मुलाकात कर ऐसे लगता है, इनके मन में काफी जिज्ञासा है। पढ़ लिख के आगे बढ़ने का ललक है। इनके अंदर के मनयोग को बढ़ाने की जरूरत है। जिला प्रशासन आगे भी इस तरह से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का मनयोग बढ़ाती रहेगी। उन्होंने कहा, जिला प्रशासन की ओर से यह एक पहली पहल है। आगे भी उग्रवाद प्रभावित सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल प्रबंधन से संपर्क कर शिविर के माध्यम से इस तरह का आयोजन करते रहेंगे।

## मनरेगा में गड़बड़झाला, शिक्षिका को मनरेगा मजदूर बना कर हुई निकासी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से मनरेगा योजना का इन दिनों भवनाथपुर प्रखंड में लुट खसोट मचा हुआ है। मनरेगा योजना में मनरेगा कर्मियों की मिली भगत से बिचौलिये कानून को योजना बनाकर मालामाल हो रहे हैं। प्रखंड के बनसानी पंचायत तथा भवनाथपुर पंचायत में योजना में गड़बड़ झाला किया गया है। मनरेगा कर्मियों तथा बिचौलिया की मिली भगत से फर्जी योजना कर लाखों निकाल लिया, इतना ही नहीं शिक्षिका को मनरेगा मजदूर बनाकर पैसा की निकासी कर लिया। पहले मामले में सबिता देवी पति रामाशंकर मेहता भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव की निवासी है। वर्तमान में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भवनाथपुर में शिक्षिका है। मनरेगा कर्मियों तथा बिचौलिया ने इस शिक्षिका को भी मनरेगा मजदूर बनाकर पैसा निकासी किया। वर्ष 2019-20 में प्रखंड कार्यक्रम परिसर में मनरेगा से वृक्षारोपण कार्य कराया गया था, जिसमें शिक्षिका सबिता देवी को भी मजदूर बनाकर 10 जुलाई 20 से 23 जुलाई 20 तक का हाजरी भरकर पैसा निकासी किया गया। दूसरे मामले में बनसानी पंचायत में मनरेगा योजना से वर्ष 2022-23 में 4.97 लाख का शैलेंद्र पाठक पिता सचितानंद पाठक के खेत में एक एकड़ जमीन पर फलदार वृक्षारोपण कार्य कराया गया, लेकिन मनरेगा कर्मियों तथा बिचौलिया कि मिलिभगत से एक एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण कराने के बजाय करीब एक कठा से भी कम भूमि पर पौधारोपण कर 2.17 लाख रुपये निकासी कर लिया गया। **बीपीओ तहमिद अंसारी** ने कहा शैलेंद्र पाठक के वृक्षारोपण कार्य में गड़बड़ी है, एक एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण नहीं हुआ है। यह हमारे समय का नहीं है। शिक्षिका बनी मनरेगा मजदूर पर कहा यह भी गड़बड़ है। **बीडीओ नंद राम** ने कहा दोनों मामलें हमारे संज्ञान में नहीं था, यदी इस तरह का मामला है, तो जांचोपरांत दोषी पर कार्रवाई किया जायेगा। **शिक्षिका के पति रामाशंकर मेहता** ने कहा, हमारी पत्नी शिक्षिका है। मनरेगा मजदूर बनाकर पैसा निकासी हुआ है सही है, कैसे गलती हुई पता नहीं।

## अलखनाथ ने रामलला मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान



गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री रामलला मंदिर के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने गढ़वा के स्टेशन रोड में स्थित श्री रामलला मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के मठ मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाने के आह्वान पर वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया तथा कचरे को एकत्र कर डस्टबिन में डाला। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि हजारों वर्षों के तपस्या मेहनत और बलिदान के बाद भगवान राम के मंदिर 22 जनवरी को श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी श्रीराम इस देश के कण-कण में हैं, कोई भी काम हमारे राम के बिना अधूरा है। जब राम जी आ रहे हैं, तो मंदिरों में साफ सफाई होनी चाहिए।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संतोष कुमार तथा सड़क सुरक्षा टीम द्वारा रामा साहु+2 स्कूल गढ़वा में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है।

# कृषि मेला का उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना है : उपायुक्त

**रंका प्रखंड परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वाधान में कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रंका।** रंका प्रखंड परिसर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वाधान में बुधवार को कृषि मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गढ़वा जिला उपायुक्त शेखर जमुआर ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काट कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आत्मा के द्वारा अनुमंडल स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य किसानों की आय को बढ़ाना और उन्हें समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि किसानों के पास क्या-क्या संसाधन हैं क्या नहीं है, फसलों में होने वाली बीमारियां और उसका उपचार के बारे में इस मेला के माध्यम से किसानों को जानकारी कृषि वैज्ञानिक देंगे जिसका प्रयोग कर किसान भाई लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने किसानों को खेतों की उर्वराशक्ति बरकरार रखने के लिए रासायनिक खादों के बदले जैविक गोबर खाद प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए सोन-कनहर पाईपलाइन योजना का कार्य युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने रंका उतरी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राहुल तिवारी के द्वारा चना, गेहूं के बीज रंका प्रखंड को नहीं देने पर उठाये गये सवाल का जबाब देते हुए कहा कि इसे देखुंगा। इसके साथ-साथ उपायुक्त ने केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं यथा पेंशन, मनरेगा मजदूरी, पंचायत भवनों में प्रज्ञा केन्द्रों का संचालन करने, छात्रवृत्ति, किसान क्रेडिट कार्ड आदि विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ उठाने का अपील की। इस कार्यक्रम को जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रमिला देवी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगे थे। जिसका निरिक्षण उपायुक्त ने किया और उत्पादन से संबंधित किसानों को पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर बीटीएम त्रिभुवन सिंह, समन्वयक कुणाल सिंह, धर्मेन्द्र कुमार,जितेंद्र कुमार, सुदामा रवि सहित हजारों की संख्या में किसान भाई बहन उपस्थित थे।

## पीएम के नेतृत्व में भारत का सम्मान विश्व में बढ़ा है : रितेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में नव मतदाता सम्मेलन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में 7820078200 पर मिस कॉल कराकर और मैसेज में लिंक के माध्यम से नव मतदाता का रजिस्ट्रेशन कराया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि 25 जनवरी को नव मतदाता सम्मेलन में हजारों युवा शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश का चौतरफा विकास हुआ है नरेंद्र मोदी सरकार में भारत का सम्मान विश्व में बढ़ा है। जिनकी उम्र 18 वर्ष से ज्यादा है नव मतदाता सम्मेलन में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल से बुथ स्तर से युवाओं को शामिल किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी बिपीन तिवारी गोवावल मंडल महामंत्री अनीत, अंकित सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,हजारीबाग**

—:: निविदा रद्द संबंधी सूचना ::—

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District-Hazaribag, different block in Sub Division No.-01; 02 & Barhi from Dt.- **10.02.2024 to 31.05.2024** Under Drinking Water and Sanitation Division, Hazaribag for the year 2023-24; जिसका P.R. No.:-315633 Drinking Water and Sanitation (23-24):D है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

**PR 316283 Drinking Water and Sanitation(23-24).D**

# हाथियों के उत्पात से बेघर हुये परिवारों के बीच सीओ ने बांटी खाद्य सामग्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने बुधवार को अंचल क्षेत्र के बानाजांघ गांव का दौरा कर जंगली हाथियों के उत्पात से बेघर होकर स्कूल में शरण लिए पीड़ित ग्रामीणों से भेंट कर राहत सामग्री का वितरण किया। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने कहा कि जंगली हाथियों के उत्पात से बेघर होकर स्कूल में शरण लिए पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना। साथ ही अपनी ओर से खाद्य सामग्री ब्रेड, बिस्कुट, सब्जी आदि सामान लोगों को उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह जंगली हाथियों के उत्पात से बहेरवा गांव के आदिम जनजाति के सभी घर हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जिसके बाद सभी पीड़ित परिवार बाना जांघ गांव के विद्यालय में शरण लिए हुए हैं। इन सभी लोगों को पहले भी कंबल, चावल सहित अन्य जरूरत के कई सामान दिया गया था। उन्होंने कहा कि बेघर परिवार के लगभग 50 से 60 लोग हैं, इन सभी लोगों को फिलहाल अस्थायी रूप से कोलोदोहर प्राथमिक विद्यालय में रहने की व्यवस्था कर दिया जायेगा, वहां पर रहने के लिए पर्याप्त जगह है। सीओ श्री नायक ने कहा कि सभी परिवार को वन विभाग के द्वारा जैसे ही मुआवजा तथा वन पट्टा मिलता है वैसे ही प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आवास उपलब्ध करा दिया जायेगा। इसके लिए जमीन का सत्यापन किया जा रहा है। उस मौके पर सीआई कपिल देव माझी, कर्मचारी जॉनसन गिध्दी, अंचल गार्ड के जवान मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण गोशाला समिति ने परिसर की दुकानों का किया निरीक्षण

**दुकानदारों के साथ बैठक कर नया किरायानामा किया लागू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति गढ़वा द्वारा गोशाला के व्यवस्थित रूप से संचालन को लेकर लगातार पहल शुरू है। शहर के मुख्य पथ बस पड़ाव के पास स्थित इस श्रीकृष्ण गोशाला में नौ गायों से गोपालन शुरू कर दिया गया है। साथ ही गोशाला परिसर को संरक्षित और सुव्यवस्थित करने की दिशा में भी पहल की जा रही है. इस क्रम में गोशाला समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने गोशाला परिसर का सामूहिक रूप से भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला परिसर में स्थित सभी दुकानों की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद सभी दुकानदारों के साथ बैठक कर उनके साथ किराया के नवीनीकरण के संबंध में जानकारी दी। दुकानदारों के साथ विमर्श के बाद सभी दुकानों का संशोधित किराया तय किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुये गोशाला समिति के सचिव रमेश कुमार दीपक ने बताया कि बस पड़ाव के इर्द-गिर्द मुख्य पथ पर गोशाला की भूमि है। इसपर दुकान रखने वालों के साथ दो दशक से भी पुराना एग्रीमेंट चल रहा था। इसको देखते हुये इसको नये सिरे से एग्रीमेंट किया गया है, इसमें अधंकांश दुकानदारों का सहयोगात्मक व्यवहार है। कुछ दुकानदार अभीतक सहयोग नहीं कर रहे हैं। समिति की बात नहीं मानने पर वैसे दुकानदारों को गोशाला की भूमि से खाली करने के लिये नोटिस दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल गोशाला के संचालन में समिति को काफी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक स्थिति मजबूत होते ही गोशाला की भूमि में नये सिरे से दुकान बनाये जायेंगे। इसमें पूर्व के दुकानदारों को प्राथमिकता देते हुये नये दुकानदारों को बसाया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष विनोद पाठक, कार्यकारिणी सदस्य विजय पांडेय, विजय कुमार केसरी, संतोष कुमार, अवधेश कुशवाहा, ओमप्रकाश केसरी, उमेश अग्रवाल, अनिल सोनी, मनोज पटनायक, प्रवीण जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है : अलखनाथ पांडेय

**80 करोड़ लोगों को मुफ्त का राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर प्रखंड के मधेया पंचायत के हूर गांव में स्थित पंचायत भवन के परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय शामिल हुए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों को बुके देकर और स्वागत गीत के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता पूर्व प्रत्याशी गढ़वा रंका विधानसभा अलखनाथ पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलायें जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के साथ सभी जाति धर्म के लोगों को समान भाव से कई प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसमें 80 करोड़ लोगों को मुफ्त का राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के पैमाने पर गढ़वा अभी भी बहुत पीछे है, गढ़वा को अभी भी 2047 तक विकसित बनने के लिए सभी गढ़वा वासियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। साथ ही सभी लोगों को विकसित भारत 2047 तक लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा देश हित में किये गये कार्यों के बारे में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम के तहत सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी अलखनाथ पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बिस्तार रूप से दिया। उक्त कार्यक्रम में भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जेएसएलपीएस और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित उपस्थित सभी ग्रामीण जनता को शपथ ग्रहण के साथ आंगनवाड़ी सेविकाओं के द्वारा गोद भरायी का कार्यक्रम भी उपस्थित अतिथि गण के हाथों से कराया गया। साथ ही सभी लोगों ने बारी-बारी से केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए अपने अनुभवों के बारे में सभी लोगों से साझा कर केंद्र सरकार की खूब सराहना किया। इस अवसर पर गढ़वा वीडियो कुमार नरेंद्र नारायण, मुखिया बसंत चौबे, धनंजय तिवारी, नरेंद्र तिवारी, मिथिलेश तिवारी मुकेश चौबे,अजय साहू, सत्येंद्र तिवारी, रौशन दुबे सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

**जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग**
**(Email id-dairydevelopmenthzb@gmail.com)**

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों द्वारा लाभुक अंशदान राशि जमा करने हेतु अपील**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–10 रा0 (वि0) दिनांक–14.06.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र की योजना/कार्यक्रमों के लिए हजारीबाग जिला के लाभुकों का चयन जिला स्तरीय समिति से किया गया है। निर्देशानुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु लाभुकों का Escrow/Dedicated Bank Account खोला जाना है।

लक्ष्य के अनुरुप जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा चयनित लाभुकों को एक सप्ताह के अन्दर खाता खोलने का निर्देश है। इस कार्य के लिए बैंक प्रतिनिधि एवं प्रखण्ड स्तरीय पशुचिकित्सा पदाधिकारी / जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग के प्रतिनिधि द्वारा लाभुक के ग्राम स्तर पर खाता खोलने हेतु पहल कर रहें हैं।

**वर्ष 2023–24 में वैसे लाभुकों के खाते में सरकारी अनुदान की राशि DBT की जाएगी जो पहले अपने Escrow/Dedicated Bank Account में अपना लाभुक अंशदान जमा करेंगे।**

**सभी चयनित लाभुकों से अपील है कि Escrow/Dedicated Bank Account में अपना लाभुक अंशदान यथाशीघ्र जमा कर जमा–पर्ची/साक्ष्य, जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग में जमा करेंगे ताकि उनके खाते में सरकारी अनुदान की निर्धारित राशि DBT की जा सके।** चयनित लाभुकों की सूची सभी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास उपलब्ध है। ससमय लाभुकों के द्वारा लाभुक अंशदान पहले नहीं जमा किया जाता है तो सरकारी अनुदान की राशि का DBT सम्भव नहीं है। ऐसी परिस्थिति में प्राप्त आवंटन की राशि का व्ययगत (Lapse) होने की सम्भावना है। यह भी ज्ञातव्य है कि 01 मार्च 2024 से अन्यथा कोई आदेश न हो तो प्राप्त आवंटन का 15 प्रतिशत ही राशि की निकासी कोषागार से अनुमान्य है।

**राज्यादेश के आलोक में, योजना के अनुसार एवं लाभुक वर्ग के अनुसार लाभुक अंशदान का ब्यौरा निम्न प्रकार है।**

**1.दो गाय/भैंस की योजना :–**

| योजना का नाम | ईकाई याजना लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | प्रथम चरण (01 गाय) | | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुदान | लाभुक अंशदान | |
| 02 गाय/भैंस की योजना (90%) | 135050 | 121545 | 13505 | 59753 | 6639 | सड़क दुर्घटना/आपदा/ आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/ दिव्यांग/ परित्यक्त ग्रामीण महिलाओं के लिए। |
| 02 गाय/भैंस की योजना (75%) | 135050 | 101288 | 33762 | 49795 | 16597 | सभी ए.पी.एल./बी.पी.एल. ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/सड़क दुर्घटना/आपदा/ आगलगी/परित्यक्त ग्रामीण महिलाओं को छोड़कर) |

**2. कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत 05 गाय/भैंस की योजना :**

| योजना का नाम | ईकाई याजना लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | प्रथम चरण (03 गाय) | | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुदान | लाभुक अंशदान | |
| 05 गाय/भैंस की योजना (75%) | 337625 | 253219 | 84406 | 148914 | 49637 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| 05 गाय/भैंस की योजना (50%) | 337625 | 168813 | 168813 | 99276 | 99276 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |

**3.कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजनान्तर्गत 10 गाय/भैंस की योजना :–**

| योजना का नाम | ईकाई याजना लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | प्रथम चरण (05 गाय) | | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुदान | लाभुक अंशदान | |
| 10 गाय/भैंस की योजना (75%) | 675250 | 506438 | 168812 | 248971 | 82989 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| 10 गाय/भैंस की योजना (50%) | 675250 | 337625 | 337625 | 165980 | 165980 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |

**4.चैफ कटर का वितरण एवं प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता :–**

| योजना का नाम | अनुदान प्रतिषत | कुल ईकाई लागत | अनुदान | लाभुक अंशदान | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| विद्युत चालित चैफ कटर (1 इकाई) | 90% | 20000 | 18000 | 2000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 20000 | 15000 | 50000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |
| हस्त चालित चैफ कटर (1 इकाई) | 90% | 8000 | 7200 | 800 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 8000 | 6000 | 2000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |
| मिल्किंग मशीन | 90% | 120000 | 108000 | 12000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 120000 | 90000 | 30000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |
| पनीर एवं खोया मेकिंग यूनिट (1 इकाई) | 90% | 100000 | 90000 | 10000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 100000 | 75000 | 25000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट (1 इकाई) | 90% | 25000 | 22500 | 2500 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 25000 | 18750 | 6250 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |
| डीप बोरिंग (1 इकाई) (Boring-4" Dia, Depth up to 400 ft. with casing upto a depth of 40 ft. or as per site Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200 ft. PVC Pipe, Cap & Starter) | 90% | 100000 | 90000 | 10000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 100000 | 75000 | 25000 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |
| काउ मैट (6.5'X4') | 90% | 5200 | 4680 | 520 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए। |
| | 75% | 5200 | 3900 | 1300 | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए। |

नोट :– उपरोक्त योजनाओं में सूचना एवं सहयोग और अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,हजारीबाग

**PR 316311 Animal Husbandry(23-24).D**

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# राज्यों में शिक्षा को लेकर किये जा रहे हैं विशेष कार्य : अब्दुल कादिर



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** साइन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के फाउंडर अब्दुल कादिर व उनके साथ लोहरदगा दौरे पर कुरैश कॉन्फ्रेंस के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष नबी कुरैशी बुधवार को लोहरदगा पहुंचे। लोहरदगा पहुंचने पर उन्होंने कहा कि वो कुरैश कांफ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी के निमंत्रण पर लोहरदगा पहुंचे हैं। इस दौरान साइन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के फाउंडर अब्दुल कादिर ने हाजी अफसर कुरैशी के द्वारा जिले के सेन्हा प्रखंड में निर्माण कराए जा रहे हैं विद्यालय भवन का निरीक्षण किया और आने वाले समय में लोहरदगा में भी साइन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की ब्रांच खोलने तथा संस्था के माध्यम से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की योजना बनाई। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा को लेकर विशेष कार्य किएं जा रहे हैं। जिसके तहत झारखंड में भी रांची और जमशेदपुर में उनकी संस्था शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है अब लोहरदगा में भी जल्द ही शुरू किया जाएगा।

# एक साल पूर्व किया गया बोर नहीं हुआ जलमीनार का निर्माण

**मुखिया और उप मुखिया ने की संवेदक पर कार्रवाई की मांग**

डिम्पल राजा






**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में इनदिनों सरकार के जल जीवन मिशन के तहत हर घर, नल जल योजना निर्माण में लगातार संवेदक की लापरवाही देखी जा रही है। ऐसा ही मामला बंदुआ पंचायत के कई गांव का है जहां पर हर घर, नल जल योजना के तहत जलमिनार निर्माण में संवेदक ने घोर लापरवाही बरती है।

मौके पर बंदुआ पंचायत के मुखिया पति भरदुल सिंह एवं उप मुखिया पति धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि एक वर्ष पूर्व हमारे गांव में सोलर जलमिनार निर्माण के लिए बोर किया गया था। लेकिन सोलर जलमिनार का निर्माण आज तक नहीं किया गया है। जिसके कारण हम लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है जिसकी जानकारी संबंधित ठेकेदार को भी दी गयी थी। वहीं बंदुआ पंचायत के बगडेगवा गांव में मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सोलर जलमिनार का निर्माण होना जरूरी था लेकिन वहां भी एक साल पूर्व ही बोर करके कार्य अधूरा ही छोड़ दिया गया है जहां बच्चों के लिए पानी की समस्या तो है हीं लेकिन वहां के ग्रामीण बताते हैं कि उन्हें अपने लिए भी नदी या दुसरों के घरों से पानी लाकर गुजारा करना पड़ता है। मौके पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से संवेदक के ऊपर कार्रवाई करते हुये अपने गांव में जल्द जलमिनार निर्माण करवाने का मांग किया है। मौके पर ओम प्रकाश यादव, सरजू यादव, अरविंद यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

वहीं इस मामले के विषय में पीएचडी विभाग के जेइ वीरेंद्र सिंह ने कहा कि संबंधित ठेकेदार को ट्रेस कर के जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया जाएगा संवेदक की इस तरह की लापरवाही कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी।

# निर्धनों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा: अनीस अहमद



**कैरो (आजाद सिपाही)।** लगातार तापमान में गिरावट से बढ़ती ठंड और शीतलहरी को देखते हुए अनीस अहमद खान अध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति सह प्रखंड कांग्रेस कमिटी, कैरो के नेतृत्व में पूरे प्रखंड क्षेत्र में गरीबों के मसीहा हम सभी के गार्जियन राज्यसभा सांसद आदरणीय सम्मानित श्री धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से 500 कम्बल का वितरण गरीब,निर्धन,वृद्ध एवं असहाय लोगों के बीच किया जा रहा है जिससे कड़ाके की ठंड में गरीबों को राहत पहुंच रही है। कम्बल पाकर लोग बेहद खुश नजर आ रहे हैं और तहे दिल से दुआ और आशीर्वाद दे रहे हैं। अनीस अहमद खान ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ी धर्म है। जरूरतमंद लोगों को किसी भी एतबार से मदद करने पर अंतरात्मा से सुकून मिलता है। मौके पर प्रखंड महासचिव मुजाहिद अंसारी आदि उपस्थित थें।

# रेलवे अंडर पास मामले को लेकर सांसद मंत्री और डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रेलवे विभाग रांची द्वारा किस्को मोड़ से होकर लोहरदगा – किस्को को जोड़ने वाले पथ के मार्ग को परिवर्तित कर कचहरी मोड़ से रेलवे अंडर ब्रिज का निर्माण कर मार्ग परिवर्तित कर देने के कारण किस्को मोड़ और पतरा टोली के स्थानीय निवासियों काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विभिन्न समस्याओं को ले महिलाओं के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सांसद सुदर्शन भगत, झारखंड के वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक रामेश्वर उरांव को रांची स्थित आवास में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पुराने मार्ग को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिए जाने, देवस्थल में अधूरे छठ घाट को पूरा करने, किस्को मोड़ व आसपास सप्लाई पानी का रिसाव से आवागमन बाधित होने,सड़क खराब होने, देशवाली सरना स्थल का घेराबंदी किए जाने आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ज्ञापन सौंपा। इन बिंदुओं पर सांसद सुदर्शन भगत ने अपनी ओर से पूर्ण सहयोग किए जाने का आशवासन दिया, जबकि मंत्री रामेश्वर उरांव ने पूरा सहयोग करने की सहमति दी। इसके उपरांत सभी लोग रांची डीआरएम कार्यालय जाकर किस्को मोड़ अंडर पास से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल में ज्योति वर्मा, कमला देवी, शांति उरांव, उषा भगत, सुशीला लकड़ा, चंद्रिका यादव, जीतराम भगत, नरेश साहू, बिरसा उरांव आदि शामिल थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनायी गयी



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड में बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में गुरु गोविंद सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवा उरांव जी दीप प्रज्वलन एवम पुष्पार्चन करके की। कार्यक्रम को बढ़ाते हुए जयंती प्रमुख शांति दीदी जी ने उनके जीवनी के बारे में विस्तार पूर्वक बताएं एवं बहन हिमानी, अदिति, आरुषि, अंशु एवम तृषा ने भी उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ आचार्य देवा जी ने उनके बारे में कहा कि हिंदू धर्म की सुरक्षा तथा सामाजिक जागरण के लिए गुरु नानक देव ने सिख पंथ की स्थापना की। वह एक महान योद्धा तो थे ही संगीत साहित्य तथा कला क्षेत्र में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी आज उनके द्वारा जलायी गयी स्वतंत्रता ज्योति तथा अन्याय के विरुध लड़ने की भावना आज भी सब भारतीयों के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में सभी दीदी जी आचार्य जी उपस्थित थे।

# शहीद गणपत राय की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215 वीं जयंती बुधवार को आदर्श ग्राम भौरों में जिला प्रशासन लोहरदगा और शहीद स्मारक समिति द्वारा मनायी गयी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमाँ, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, शहीद स्मारक समिति की अध्यक्ष डॉ वंदना राय व शहीद के परिजनों द्वारा द्वारा शहीद पाण्डेय गणपत राय की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला प्रशासन और शहीद स्मारक समिति के संयुक्त प्रयास से इस कार्यक्रम का आयोजन बहुत बढ़िया तरीके से हुआ है। आज अमर शहीद पाण्डेय गणपत राय की 215 वीं जयंती है और इतने वर्षों बाद भी उनके सम्मान में इतने लोगों का एक स्थान पर इकट्ठा होना उनके प्रति सम्मान व अगाध प्रेम को दशार्ता है। कई वर्षों के शासन के बाद यहां के आंदोलनकारियों के तेवर देख कर ब्रिटिश सरकार को लग गया था कि अब भारत को परतंत्र बना कर रखना आसान कार्य नहीं है। आज हमें शहीद पाण्डेय गणपत राय के बताये रास्तों पर चलने व उनसे प्रेरित होने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि 1857 के विद्रोह में झारखण्ड में विशेषकर इस क्षेत्र से पाण्डेय गणपत राय की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उस समय भी लोग इस क्षेत्र में पर्यावरण के काफी नजदीक थे। अंग्रेजों ने यहां के लोगों को पर्यावरण से अलग करने का प्रयास किया।

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का स्टॉल इस कार्यक्रम में लगाया गया। लोगों का इसका लाभ उठाना चाहिए। पाण्डेय गणपत राय के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि जीवन के कुछ ऐसा करें कि लोग आपसे प्रेरित हों। आपको अपना आदर्श मानें। कार्यक्रम में उपायुक्त लोहरदगा, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा व अन्य पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया।

# अनाथ बच्चों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिप उपाध्यक्ष मिलीं डीसी से

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार उपायुक्त से मिलकर अनाथ बच्चों को सरकारी सुविधा उपलब्ध कराने का लिखित आग्रह किया । ज्ञात हो कि चन्दवा प्रखण्ड के पंचायत हुटाप, हाका गांव में जहां तीन नावालिक बच्चे घर में अकेले रहते हैं और तीन अन्य बच्चे कही बाहर मजदूरी करते है। बच्चे/ बच्चियों का नाम सोनी कुमारी 12 वर्ष, रूबी कुमारी 9 वर्ष, सोनु कुमार लोहरा, बरे लाल लोहरा राजा कुमार है। बच्चें पढ़ना भी चाहते हैं। इनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। एक छोटा बच्चा छः वर्ष का है जो अपनी दीदी के यहां गया था। दो अन्य बच्चे कहां काम करते है यह बच्चियों एवं आसपास के लोग नहीं बता पाये। मौके पर उपाध्यक्ष के द्वारा जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से बात भी की थी और सरकारी लाभ दिलवाने का अनुरोध किया था। उन्होंने अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि सरकारी लाभ में देर होने से इनका बचपन खो सकता है।

अपने पत्र में उन्होंने चन्दवा के ही चटुआग गांव में आदिवासी परिवार के अरबिन्द कुमार उम्र 13 वर्ष और निशा कुमार उम्र 11 वर्ष अनाथ बच्चों का जिक्र किया है। जिनके माता पिता की मृत्यु हा चुकी है। बच्चों की देखरेख उनकी दादी का नाम फुलो मसोमात उम्र 66 वर्ष, पति का नाम स्व० घोघन गंझु के द्वारा किया जाता है। उन्हें भी सरकारी मदद की आवश्यकता है। उपायुक्त से प्राप्त निदेश के आलोक में आज जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार के द्वारा दोनों गांव का भ्रमण किया गया और पीड़ित परिवारों की जानकारी ली गयी। उन्होंने बताया कि बच्चों को सभी प्रकार की सरकारी सहायता मुहैया कराई जायेगी। गांव वालों ने उपाध्यक्ष को इस कार्य के लिए तहे दिल से बधाई दिया है ।

# गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पावरगंज साइडिंग स्थित बाबा गोविंद दास मठ प्रांगण में गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती संपन्न हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम 10:00 बजे से 11:30 बजे तक पाठ (पूजा) अरदास, आरती के कार्यक्रम संपन्न हुए तत्पश्चात कड़ाह प्रसाद एवं लंगर का आयोजन हुआ। इस मौके पर पुरोहित गोपाल पांडे ने शौर्य और साहस के प्रतीक गुरु गोबिंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु गोबिंद सिंह का जन्म पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बिहार के पटना में हुआ। गुरु गोबिंद सिंह एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ एक योद्धा, कवि और दार्शनिक भी थे। वही कवलजीत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्म दिवस को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जाता है। इन्होंने ही गुरु ग्रंथ साहिब को पूर्ण किया। गुरु गोविंद सिंह जी ने देश धर्म के वास्ते अपना पूरा वंश बलिदान दिया एवं मानवता की सेवा का संदेश हम लोगों को देकर गए हैं ,इसी राह पर आज हम सभी को चलने की आवश्यकता है .वही आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव श्रीमती नीरू शांति भगत ने भी कार्यक्रम में आकर माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण किया और साथ ही भंडारा की शुरूआत की और कहा की गुरु गोविंद सिंह जी ने जात-पात से ऊपर उठकर मानवता की सेवा का जो संदेश दिया हैं और समस्त मानव जाति को एक ही समझ ,ना किसी को बड़ा ना किसी को छोटा। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से अविनाश कौर, जितेंद्र सिंह, अमृता कौर, प्रभजोत सिंह, सिमरत कौर, करमन सिंह, संजीव शर्मा, शीतल कौर, सनी सिंह, सुरेंद्र जग्गी, नीलम जग्गी, आशुतोष पाठक, हिमांशु केसरी गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, दीपक शराफ, जयप्रकाश शर्मा, रोहित प्रजापति, सागर वर्मा, आकाश मेहता, संदीप भगत, पंकज विश्वकर्मा, एसके चौहान खोखन दा, पिंकी देवी, विनोद सिंह, मनोज गुप्ता सहित सैकड़ो श्रद्धालु शामिल थे।

# राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ सेवा विभाग ने बच्चों के बीच बांटा गर्म कपड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा विभाग लोहरदगा के तत्वधान में प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल गांव उरु चटकपुर एवं तोडार मैना टोली में छोटे बच्चों को गर्म कपड़े व स्वेटर आदि का वितरण किया गया। वितरण कार्य प्रखंड क्षेत्र के सुदुर्वती ग्रामीण क्षेत्र सेवा कार्य शिवाजी प्रौढ़ व्यवसाय शाखा सेन्हा के सहयोग से गर्म कपड़ा वितरण कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्य में उपस्थित जिला सेवा प्रमुख प्रणव कुमार पाठक ने कहा कि कड़ाके की ठंड में पीड़ित मानवता की सेवा करना ही नारायण की सेवा है। साथ ही कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने भी कहा था की मैं उसी नारायण का सेवक हूं जिसे अज्ञानीजन दरिद्र नारायण कहते हैं। इसी भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक अनगिनत सेवा कार्यों का संचालन करते हैं। उसी के तहत समाज के वंचित बच्चों के बीच यह सेवा कार्य किया गया। इस कार्य में जिला के प्रचारक दीपक कुमार जिला बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र कुमार मंडल सेन्हा खंड के सेवा प्रमुख अवधेश साहू स्वयंसेवक विक्रांत ठाकुर विपुल तमेडा रामस्वरूप महतो, अजय साहू, रामस्वरूप मुंडा, खुशबू असुर, रोशनी, असुर श्याम असुर, राहुल असुर, बलकी मुंडा, फूल दास मुंडा, भुवनेश्वर मुंडा, सुखराम उरांव, बेलमती मुंडा, कृष्ण मुंडा, पार्वती उरांव, आलोक मुंडा, अंकित ठाकुर, दशरथ उरांव, सुधीर उरांव, विवेक विशाल मुंडा, नीरज मुंडा, शिल्पा मुंडा, राजू उरांव, मगही उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बैठक



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें बैठक में आये हुए शांति समिति के सदस्यों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में 22 जनवरी श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर होने वालें उत्सव के बारे जानकारी दी गयी। अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी के द्वारा बताया गया की अनुमंडल पदाधिकारी के आदेशानुसार प्रखंड क्षेत्र में शोभायात्रा अन्य कार्यक्रम आयोजन हेतू विधिवत आदेश निर्गत अनुमंडल पदाधिकारी से सुनिश्चित कराने को लेकर चर्चा की गयी। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिर प्रांगन में क्या क्या कार्यक्रम आयोजन होगा। उसकी जानकारी प्रखंड व पुलिस प्रशासन को अवगत कराने का बात कहीं गयी। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रशासन आपके साथ रहेगी। सोसल मीडिया में आपत्ति जनक पोस्ट करनें वालें पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस मौके पर जिप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, प्रशिक्षु डीएसपी अमीत कुमार सिंह, एसआइ गणेश यादव, उप प्रमुख पौल पन्ना, सेन्हा मुखिया धनबाज उरांव, उगरा पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून, झालजमिरा पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी उरांव, अजय सोनी, त्रिलोकी सिंह, नवीन साहू, रंजीत कुमार साहू, इम्तियाज अंसारी, सगीर अंसारी, हफीज अंसारी, मुनेश्वर साहू, पंकज महतो, रामचंद्र महतो, दचंदन महतो, दशरथ साहू आदि उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को विधायक ने किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**लातेहार।** लातेहार सड़क सुरक्षा सप्ताह 2024 के तहत समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस मौके पर विधायक लातेहार वैद्यनाथ राम ने कहा जीवन बहुत मूल्यवान है।सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए जिम्मेदारीपूर्वक तथा यातायात नियमों का अनुपालन करते हुये वाहन चलायें। दुपहिया वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करें, कार चलाने के समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें।कार्यक्रम के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु पदाधिकारियों, कर्मियों, छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने की शपथ दिलाया। विधायक लातेहार ने सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ रवाना किया। जागरूकता रथ जिले के द्वारा सभी प्रखंडों में जाकर सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए लोगों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों के बारे जानकारी प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता उदय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अब्दुल रउफ अंसारी बनाये गये उर्स कमिटी के मुख्य कन्वेनर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** हजरत बाबा दुखन शाह के सालाना उर्स आगामी 4 से 6 फरवरी को है। जिसको लेकर अंजुमन इस्लामिया की विशेष बैठक सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी की सदारत में हुई। बैठक में मुख्य रूप से अंजुमन इस्लामिया मजलिस ए अम्मा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी, सचिव सफदर आलम, नायब सदर नेहाल कुरैशी, सह सचिव मोजम्मिल अंसारी पूर्व सदर हाजी शकील अहमद, पूर्व सचिव फिरोज राही, कमरूलजमा कुरैशी आदि मौजूद थे।

बैठक में हजरत बाबा दुखन शाह के सालाना उर्स 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात सर्व सहमति से 11 सदस्यीय उर्स कमिटी का गठन किया गया है। जिसमें उर्स कमिटी के मुख्य कन्वेनर के बतौर अब्दुल रउफ अंसारी को जिम्मेवारी दी गयी। साथ ही कन्वेनर के रूप में नेहाल कुरैशी, मोजम्मिल अंसारी, शाहिद अहमद बेलू, मोहम्मद कैश, जफर इमाम, सरवर आलम उर्फ पाले, वासिफ कय्यूम, सरवर खान, कय्यूम खान, अजहर कुरैशी को बनाया गया है। बैठक में मजार कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमें कन्वेनर के रूप में असगर अंसारी को एवं वसीम कुरैशी को नायब कन्वेनर बनाया गया। साथ ही उर्स मेला लगाने की जिम्मेवारी आफताब अंसारी उर्फ राजा को सौंपी गई है। मौके पर सदारत करते हुए हाजी मो. अफसर कुरैशी ने नव मुन्तखब उर्स कमिटी के मुख्य कन्वेनर अब्दुल रउफ अंसारी सहित सभी कन्वेनरों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि यह उर्स कमिटी हर साल की तरह शांति, सद्भाव और सौहार्द के साथ उर्स मुबारक के सभी एरकान को कामयाब करेंगे।

# तीन दिवसीय महायज्ञ संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** करौन्दाजोर गांव के महादेव टगरा में आयोजित तीन दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा,हवन और भंडारे के साथ कार्यक्रम का विधिवत संपन्न हुआ।

प्राण प्रतिष्ठा सहित सभी धार्मिक अनुष्ठान कांशी के जगतगुरु वनांचल पीठाधीश्वर स्वामी दीनदयाल जी महाराज और बनारस के आचार्य सोनू तिवारी, कमलेश तिवारी, रूपेश चौबे व बाला जी तिवारी के द्वारा सम्पन्न करायी गयी। भंडारे में पूर्व स्पीकर दिनेश उरांव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, इंस्पेक्टर एस एन मंडल, अमन यादव, अभिषेक चन्द्र उरांव, लक्ष्मी नारायण यादव, रविन्द्र साहु, वीरेंद्र सिंह, बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के मुकेश श्रीवास्तव, मनीष बाबू, पंकज साहु, समाजसेवी किशोर साहू, बिपीन झा, बाबूलाल खेरवार, मनोहर नायक, पप्पू साहु, योग प्रचारक घनश्याम आर्या, अरविन्द सिंह, नवल ओहदार, विपिन बिहारी ओहदार, सुधीर ओहदार, हेमन्त ओहदार, राधे ओहदार, दीपक अधिकारी सहित हजारों हिन्दू धर्मावलंबी शामिल थे। विपिन बिहारी ओहदार व सुधीर ओहदार के पहल पर मंदिर परिसर में बुध बाजार की शुरूआत की गयी। जिसमे स्थानीय लोगों ने साग सब्जी, होटल सहित कई तरह के दुकान लगा बिक्री और खरीदारी की। बाजार मिलने से स्थानीय छोटे किसानों के चेहरे में काफी खुशी देखी गई।

### उर्दू शिक्षकों की बहाली : गीताश्री उरांव ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

# यह निर्णय उर्दू भाषा के विकास के लिए प्रतिकूल साबित होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री सह कांग्रेस नेत्री गीता श्री उरांव ने उर्दू शिक्षकों की रिक्त पदम को राज्य सरकार द्वारा मरनशील बताए जाने पर खेद प्रकट किया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। पत्र में उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा जारी प्रोन्नति नियमावली -2024 अंतर्गत, बैकलॉग पदों को मरणशील यानि डाईंग कैडर हैं घोषित करते हुए रिक्त पदों को सरेंडर करने का प्रावधान किया गया है।



सरकार के इस निर्णय को गलत मानते हुए उन्होंने कहा कि यह निर्णय स्पष्ट रूप से उर्दू भाषा के स्वतः विकास के प्रतिकूल साबित होगा। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमत्री से अनुरोध किया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा जारी, प्रोन्नति नियमावली-2024 से, उर्दू शिक्षकों के रिक्त पद को सरेंडर करने के प्रावधान को विलोपित किया जाये। उन्होंने यह कदम उठाने हेतु मुख्य्मंत्री से अनुरोध किया कि मुख्य्मंत्री प्रावधान को विलोपित करने हेतु आवश्यक निर्देश दें।

गीता श्री उरांव के इस मांग पर अंजुमन इस्लामिया ट्रस्ट पैगाम में अजब अंजुमन तरक्की उर्दू सहित कई साहित्यिक संगठनों ने समर्थन किया है। बताते चलें कि एकीकृत बिहार राज्य के समय, वर्ष 1986 में उर्दू शिक्षकों के 4401 पदों का सृजन किया गया था । वर्तमान झारखण्ड राज्य में 3712 पद रिक्त है और इन्हीं रिक्त पदों को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार मरनशील घोषित कर दिया है।

## अज्ञात अवैध बालू कारोबारी के खिलाफ मामला दर्ज

**बसिया (आजाद सिपाही)।** जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय के लिखित आवेदन के आधार पर बसिया थाना में अज्ञात अवैध बालू कारोबारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जिला खनन पदाधिकारी ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन के आधार पर कहा कि दिनांक 14 दिसंबर 23 को सशस्त्र बल के साथ बसिया के एसआइ अजय रजक द्वारा बसिया थानांतर्गत ओकबा चौक के पास पहुंचने पर देखा कि करीब ढाई बजे विपरीत दिशा से आ रहे रहे ट्रैक्टर के चालक पुलिस पार्टी के पदाधिकारी और गश्ती दल दल को दूर से देखकर ट्रैक्टर को छोड़कर भाग गया। शक होने पर गश्ती दल के द्वारा ट्रैक्टर के पास पहुंचने पर देखा गया कि उक्त ट्रैक्टर के डाला पर बालू लोड है। ट्रैक्टर को जांच करने पर बालों से संबंधित कोई कागजात नहीं पाया गया आसपास के लोगों से पूछने पर भी ट्रैक्टर के विषय में कुछ नहीं बताया चालक के भाग जाने से स्पष्ट है कि अवैध रूप से बालू का उठाओ परिवहन करने तथा वेद कागजात नहीं रहने के कारण चालक भाग गया। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा 16 जनवरी 24 को बसिया थाना में आवेदन देकर झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2024 के नियम 4 का उल्लंघन समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने कर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। बसिया थाना द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

## मनायी गयी गुरु गोविंद सिंह की जयंती

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के रसायन विज्ञान के शिक्षक ने गुरुगोविंद सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया। विद्यालय में सक्रिय चारों सदनों के सदन प्रमुखों ने भी पुष्पार्चन किया। छात्र अनुज उरांव, करण उरांव, निखिल मुंडा, संदीप उरांव, पॉल जैक्सन केरकेट्टा, अनूप उरांव व अनिश उरांव ने भाषण के रूप में गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनी व कार्यों को बताया। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद, छात्र अनिश उरांव तथा शिवम महली ने सुंदर गीतों के माध्यम से गुरुगोविंद सिंह जी को याद किया। गीतों की प्रस्तुति के समय छात्र आरजू कुमार मुंडा नाल, रोहन कुजूर तबला तथा प्रीतम उरांव डफली पर संगत कर रहे थे। शिक्षक रंजन कुमार पांडेय तथा अमरदीप बक्सराय ने गुरु गोविंद सिंह जी के विराट व्यक्तित्व व राष्ट्र और धर्म के प्रति उनके और उनके परिवार के त्याग और बलिदान की विस्तार से चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन धनंजय कुमार सिंह ने किया।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सभी की सहभागिता जरूरी: डॉ दिनेश उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ओल्मुण्डा पंचायत में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित व शपथ ग्रहण कर किया गया। डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीब, पिछड़े व वंचितों तक सभी सरकारी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और भारत को 2047 डॉ दिनेश उरांवकी गयी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही महत्वकांक्षी पीएम आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा योजना, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान, शौचालय, हर घर नल जल योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव, मंडल उपाध्यक्ष नन्द किशोर सिंह, मुखिया शांति लकड़ा ने भी संबोधित किया। शिविर के दौरान राजस्व विभाग की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



मौके पर पुर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र साहु, युवा उपाध्यक्ष सत्यनारायण भगत, दयानंद गोप, बीइएचओ डॉ अभिनव, पंस सुमराई किण्डो, संत साहु, जेई जीवन एक्का, बजरंग साहु, दानिश अंसारी, खजबुल खान, सहित चिकित्सा, प्रखंड व अंचल कार्यालय के विभिन्न विभाग के कर्मी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अग्निपथ योजना के लिए गुमला पॉलिटेक्निक में हुआ सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरवायु भर्ती योजना के लिए जागरूकता फैलाने और उसकी पंजीकरण प्रक्रिया को समझाने के लिए 10 एयरमैन सेलेक्शन सेंटर पटना ने गुमला पॉलिटेक्निक में एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सार्जेंट प्रदीप सिंह और उनकी टीम के सदस्य सार्जेंट हिमांशु कंडारी और सार्जेंट जीएस नेगी ने अग्निवीरवायु के लिए रजिस्ट्रेशन और चयन परीक्षा में भाग लेने के लिए गुमला पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। एयरमैन सेलेक्शन सेंटर पटना कमान अधिकारी विंग कमांडर ए. प्रदीप रेड्डी ने बताया कि इस जागरूकता अभियान का प्राथमिक उद्देश्य युवा और महत्वाकांक्षी भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवारों को अग्निवीरवायु इंटेक के तहत उपलब्ध अद्वितीय अवसरों के बारे में बताना था। अग्निपथ योजना, एक विशिष्ट पहल है, जिसका उद्देश्य उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करना और उनका पोषण करना है जो भारतीय वायु सेना में सेवा करने की इच्छा रखते हैं। सार्जेंट प्रदीप सिंह और उनकी टीम ने अग्निवीरवायु की पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया और भारतीय वायु सेना में शामिल होने से जुड़े विभिन्न लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। टीम इंटरैक्टिव सत्रों में लगी रही, जिससे छात्रों को प्रश्न पूछने का अवसर प्राप्त हुआ। सार्जेंट प्रदीप सिंह और उनकी टीम ने भारतीय वायु सेना में करियर बनाने के लिए समर्पण, अनुशासन और देशभक्ति की मजबूत भावना के महत्व पर जोर देते हुए प्रेरक भाषण दिये। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य डॉक्टर शिव नारायण साहू एवं लेफि्टनेंट संतोष कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## काली मंदिर में नयी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर स्थित काली मंदिर में स्थित काली प्रतिमा दो माह पूर्व रंग रोगन के दौरान खंडित हो गया था। जिसे अंजनी मिश्रा के प्रयास से नया मूर्ति स्थापित किया गया। जिसका प्राण प्रतिष्ठा बुधवार को आचार्य सूरज बीसी दिनेश्वर होता एवम कामेश्वर होता द्वारा सम्पन्न कार्य गया।मंगलवार को शायदा शिवालय से कलश यात्रा निकाली गई जो कोनबीर होते मंदिर परिसर पहुँचा जहाँ आचार्य सूरज बी सी द्वारा बिधिवत स्थापित किया गया। बुधवार को बिधिवत प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा ,हवन एवम आरती कर प्रतिमा स्थापित किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर सचिवालय के विशेष खनन सचिव एवम जिला के पूर्व उप बिकास आयुक्त हरि कुमार केसरी सुधांशू कुमार होता विश्वम्भर नाथ पांडेय अनिल साहु परमेश्वर साहु अरुण पांडेय गिरजा बीसी राजीव कंठ मनोज ओहदार सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में अलका लांबा और गुलाम अहमद मीर जनसभा को करेंगे संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** भाजपा की तानाशाही की मानसिकता से देश की जनता त्रस्त है। मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से देश का हर नागरिक परेशान है। प्रधानमंत्री को जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। देश की जनता के हितों की रक्षा करने के लिए राहुल गांधी ने सरकार के खिलाफ भारत जोड़ों न्याय यात्रा से सत्याग्रह शुरू किया है। उक्त बातें प्रदेश महिला कांग्रेस की वरीय उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने स्थानीय परिसदन में प्रेस वार्ता कर कही।उन्होंने कहा कि आज देश का हर तबका न्याय यात्रा से जुड़कर कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।और इसका प्रतिफल आगामी लोकसभा व राज्यो में होने वाले विधासभा चुनाव में देखने को मिलेगा।उन्होंने कहा कि एक तरह से लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। मगर सिर्फ इसकी ओपचारिक घोषणाएं बाकी है। अगर पार्टी का निर्णय होगा तो वे भी लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरने के लिए कमर कसकर तैयार है। बॉबी भगत ने कहा कि आगामी 5 फरवरी को लोहरदगा लोक सभा क्षेत्र में उनके नेतृत्व में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा में भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के अलावा राज्य प्रभारी गुलाम अहमद मीर व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी शिरकत करेंगे। महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है।ब ॉबी भगत ने बड़ी संख्या में लोगो से इस जनसभा में सहभागिता निभाने की अपील की है। प्रेस वार्ता के दौरान शांति टोप्पो, मो सादाब, अमित साहू, संगीता उरांव, एरिका टोप्पो, कुंवारी कूजुर, जोगेंद्र भगत, अनूप कुमार, प्रकाश साहू, संतीश उरांव, सौरभ भगत,राहुल उरांव आदि उपस्थित थे।



## लाज़िम अंसारी मुठभेड़ की घटना की जांच एक सामान्य प्रक्रिया: एसपी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लाजिम अंसारी की मुठभेड़ में हुई मौत से संबन्धित मामले की सीआईडी जांच कर रही है। इस मामले में एसपी अभियान मनीष कुमार ने बताया कि किसी भी एनकाउंटर में सीआईडी की जांच एक सामान्य प्रक्रिया होती है, और इसी प्रक्रिया के तहत लाजिम अंसारी के मुठभेड़ वाली घटना की भी जांच चल रही है। उन्होंने यह भी बताया कि लाजिम अंसारी के अतिरिक्त जिले में जितनी भी मुठभेड़ हुई हैं सबों की सीआईडी जांच चाहे तो हो चुकी है या होने वाली है। मनीष कुमार ने कहा कि सीआईडी जांच की प्रक्रिया में रायडीह के थाना प्रभारी और चैनपुर का थाना प्रभारी दोनों परस्पर सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस सामान्य प्रक्रिया से हर मुठभेड़ एनकाउंटर या किसी बड़ी घटना को गुजरना पड़ता है।

# अंजुमन इस्लामिया गुमला के मजलिस ए आमला का हुआ गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अंजुमन इस्लामिया गुमला के कार्यालय जामा मस्जिद थाना रोड गुमला में अंजुमन इस्लामिया के सदर जनाब मुशाहिद आजमी साहब की अध्यक्षता में मजलिस ए आमला का गठन किया गया। एक महत्वपूर्ण बैठक अयोजित कर अंजुमन इस्लामिया से जुड़े गुमला के सभी पंचायतों के अध्यक्ष व सचिव अपने पंचायत के कार्यकारिणी सदस्य साथ आमंत्रित किया गया। उन सबों का नाम अंजुमन रजिस्टर में पंजीकृत किया गया।उक्त बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। अंजुमन इस्लामिया का 2018 का संविधान जाबता में मौजूद खामियों के मद्दे नजर जाब्ता 2018 को रद्द किया गया। अंजुमन इस्लामिया के नया संविधान(जाबता) निर्माण हेतु नई कमेटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।



इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुसाहिद आजमी ने कहा कि कार्यकारी की गठन होने के बाद अंजुमन इस्लामिया को नई ऊर्जा प्रदान हुई है। सेक्रेटरी मकसूद आलम ने कहा कि गुमला की आवाम ने जिस उम्मीद के साथ हम लोगों को अंजुमन इस्लामिया के कुर्सी पर बिठाया है हम सब पूरी ईमानदारी के साथ किसी भी भेदभाव के सभी के साथ तालमेल करते हुए गुमला अंजुमन इस्लामिया को चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र के मुताबिक काम किया जाएगा। सादर मुसाहिद आजमी ने कहा कि गलत तरीके से अंजुमन इस्लामिया के कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वालों पर अंजुमन शक्ति से पेश आएगी शिक्षा पर हमारा खास फोकस रहेगा। मौके पर पठान पंचायत के सदर, शाहिद वारसी, सचिव आजाद खान कार्यकारिणी के तीन सदस्य मो. सरवर आलम, मो. शमीम खान, एवं मो. सफदर अली। जमीयते इसलाहूल ऐराकीन पंचायत के सदर मो. अफसर आलम, सचिव तनवीर नाज, कार्यकारिणी सदस्य अफसर आलम मो. फिरोज आलम, मो. मुख्तार आलम। जमीयत ए इदरिसीया पंचायत के सदर, मो. रिजवान, सचिव मोहम्मद अनवर, कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर अधिवक्ता मो. मुमताज, मो. मुख्तार आलम तथा मो. शोएब आलम। मोमिन अंसारी पंचायत के सदर, मो. शकील अंसारी, सचिव मो. सुहैल अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य मो. आसिफ अंसारी, हाजी मो. सुल्तान अंसारी एवं शाहजहां अंसारी। हमदर्द पंचायत के सदर मो. करीम उर्फ कल्लू, सचिव मो. समीम वारसी, कार्यकारिणी सदस्य सैयद जुन्नु रैंन, मो. नैयर जमील एवं मो. मुस्लिम। कुरैशी पंचायत सदर मो. कमरुद्दीन कुरैशी, सचिव सरफराज कुरैशी, कार्यकारिणी सदस्य मो. नसीम कुरैशी मो. शाहनवाज कुरैशी एवं आमिर दानिश कुरैशी। अखलाकिया पंचायत सदर मो. अजहर रब्बानी, कार्यकारिणी सदस्य मो. अनवर असदकी, मो. मुर्शीद हनीफ एवं मो. साजिद असदकी। सलमानी पंचायत के सदर, मो. ग्यास कार्यकारिणी सदस्य मो. इरफान अली और मोहम्मद नियाज अली, उपस्थित होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### आंगनबाड़ी चयन प्रक्रिया के दौरान हुआ हंगामा, सेविका के चयन को किया गया स्थगित

# वार्ड सदस्य और सहायिका के साथ की गयी मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के कोटामाटी गांव की वार्ड सदस्य प्रभा देवी व आंगनवाड़ी सहायिका पति देवी के साथ मारपीट व छेड़छाड़ करने के मामला कि बुधवार को घाघरा थाना में शिकायत दर्ज कराया गया। दर्ज मामले के अनुसार देवाकी पंचायत के कोटामाटी गांव में आंगनबाड़ी सेविका का चयन होना था। जिसके तहत गांव में बैठक आयोजित की गई थी। इस क्रम में बाल विकास परियोजना कार्यालय के सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया प्रारम्भ हुआ ही था कि गांव के शारुख खान सहित अन्य तीन लोगों ने चयन प्रक्रिया में खलल डालने का काम करने लगे। इसके बाद उपस्थित महिलाओं ने विरोध किया गया तो गांव की वार्ड सदस्य प्रभा देवी व आंगनबाड़ी सहायिका पति देवी के साथ छेड़छाड़ व मारपीट कर जाति सूचक गाली गलौज किया गया। इसके बाद उपस्थित सुपरवाइजर ने घाघरा थाना को घटना की जानकारी दी। जहां पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर मामले को शांत कराया। इस घटना के बाद करीब 100 की संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर घाघरा थाना पहुंचे, और पूरे मामले की लिखित जानकारी थाना में दी गई।




**थाना प्रभारी ने कहा:** इस संबंध में थाना प्रभारी अमित चौधरी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि विवाद के बाद दोनों पक्ष के लोगों ने आवेदन दिया है जांचोपरांत दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सुपरवाइजर ने कहा:** बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर राजेश्वरी देवी से पूछने पर उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया चल रहा था इस क्रम में गांव के ही तीन-चार युवक आए और टंगरा टोली की वार्ड सदस्य व आंगनवाड़ी सहायिका के साथ मारपीट करने लगे मामला बढ़ता देख हम लोगों ने थाना को इसकी सूचना दी और चयन प्रक्रिया को भी स्थगित कर दिया गया है।

# मुखिया को जिले में मिला प्रथम स्थान

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत चयन प्रक्रिया के मापदंड में मुखिया रहीं अव्वल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के द्वारा सफल क्रियान्वयन के लिए घाघरा प्रखंड स्थित चुंदरी पंचायत की मुखिया विनीता कुमारी को प्रथम स्थान के लिए चयन किया गया। जिसकी सूचना मिलते ही मुखिया विनीता कुमारी को बधाइयां मिलने लगी। बताते चलें कि आयोग के द्वारा अक्टूबर माह 2022 से सितंबर 2023 तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत चयन प्रक्रिया के लिए 8 मापदंड बनाया गया था। जिसमें चुंदरी पंचायत की मुखिया ने सभी मापदंडों को बेहतर किया। जिसके बाद आयोग ने प्रथम स्थान के लिए मुखिया विनीता के नाम की घोषणा की है। इस संबंध में पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने बताया कि आगामी 20 जनवरी को रांची में झारखंड सरकार के स्पीकर रवींद्रनाथ महत्व द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



**इन्होंने दी बधाई:** बधाई देने वालों में सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, रामकुमार भगत, जॉर्ज मनी देवी, कनक भगत, आनंद महली, संजय ठाकुर, उप मुखिया अजित मनी, पाठक निलेश मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, प्रोफेसर अवध मनी पाठक, शिवकुमार भगत, अनिरुद्ध चौबे, मुकेश मनी पाठक, रविंद्र महली, मुनेश्वर उरांव, संजय ठाकुर, जगमनिया कुमारी, राजेश बड़ाईक, झड़ी उरांव, राजकुमार भगत, अग्नि उरांव, रानी उरांव, संजय उरांव, अशोक उरांव, दिलबहार अंसारी, सहित कई के नाम शामिल हैं।

# जल्द निकाली जायेगी निविदाः कमलेश सिंह

**हुसैनाबाद क्षेत्र की चार सड़कों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता


कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र की चीर प्रतीक्षित हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड की चार ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्रामीण सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की एक-एक ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त किया जा रहा है। 90 फीसदी गांव की सड़क समस्या का निदान कर दिया गया है। छह माह के अंदर बाकि के बचे हुए 10 फीसदी गांव की सड़कों को भी दुरुस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन सड़को की स्वीकृति मिली है, उसमें हुसैनाबाद के कजरात नावाडीह स्टेशन से शिवा बीघा पीडब्ल्यूडी मेन रोड भाया बहेरा, देवरी खुर्द बनकट मोड़ से देवरी स्कूल तक, जपला पथरा पथ बेनीकला यात्री शेड से बंधुबीघा सिरहा होते हुए आरइओ पथ सदाजल तक, पांति सिंघना मेन रोड नीमतर मोड़ से पांति बटाउखाप एवं बटुनाडीह होते हुए मेन रोड तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। विधायक ने कहा कि स्वीकृत सभी सड़कों की शीघ्र निविदा निकलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इन सड़कों पर करीब 1156.280 लाख रुपए खर्च आयेंगे। उन्होंने कहा कि जो लोग विकास को लेकर सवाल उठाते हैं उन्हें पीछे के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल का भी आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कहीं कोई समस्या है तो क्षेत्र का कोई भी नागरिक उन्हें जानकारी दें। उसका समाधान सम्मान के साथ होगा।

## सेना दिवस पर शहीदों को किया गया नमन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद कार्यालय में बुधवार को भारतीय सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर हुसैनाबाद के विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद और संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ रोशन कुमार के अलावा आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन उपस्थित रहे। सेना दिवस की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर भारत माता वंदन एवं शहीद जवानों को पुष्प अर्पित करते हुए वंदे मातरम के साथ की गई। इस दौरान वीर शहीदों को याद किया गया। संगठन संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने इस तिथि के महत्व को बताया। उन्होंने वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। नवजवानों को कैरियर बनाने में हमारा संगठन सार्थक सहयोग कर रहा है। वहीं, बीडीओ ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद दिया। संस्था के अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। मौके पर रामकिंकर सिंन्हा, दक्ष स्कूल के निदेशक तपेंद्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, रामेश्वर राम, लालधन ठाकुर, सीताराम सिंह, आरसी मेहता, रामटहल मेहता, वीर नारी प्रेमलता कुंवर, शिवपति कुंवर सिंह आदि उपस्थित थे।

## बाबा बिरनाथ की प्राण प्रतिष्ठा पर सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के बगीचा परिसर में बाबा बिरनाथ के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आचार्य सरोज वैध द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिरहा दुगोला गायन का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम का उद्घाटन महुदंड पंचायत के पूर्व मुखिया विजय यादव, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखलेश मेहता, राजद के युवा नेता रवि यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। दुगोला गायन बिरहा सम्राट बिहारी लाल यादव व गायिका इंदु रागिनी के बीच हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए दोनों गायकों ने बाबा बिर नाथ की महिमा का बखान किया। इसके बाद दोनों कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश प्रसाद यादव, राजेश्वर यादव, उदय सोनी, राजेश यादव, प्रमोद कुमार सिंह, महेंद्र यादव, उदय यादव, अजय यादव और सुनील यादव समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### शिक्षक किसी भी देश की रीढ़ होते हैं, आर्थिक विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान

# देश का सामाजिक-आर्थिक विकास उसकी शैक्षणिक दशा पर निर्भरः ई बालागुरुसामी

## विश्वविद्यालय एक खिड़की है, जहां से पूरी दुनिया देखी जा सकती है : संजीव

आजाद सिपाही संवाददाता


नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के 15वें स्थापना दिवस पर उपस्थित गणमान्य लोग।

**मेदिनीनगर।** झारखंड के राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो (डॉ) ई बालागुरुसामी ने कहा कि किसी भी देश का सामाजिक व आर्थिक विकास उसकी शैक्षणिक दशा पर निर्भर करता है। लेकिन आज भी इस क्षेत्र में बहुत सारी कमियां हैं। हमे ढेर सारी संभावनाएं तलाशने होगी और अत्यधिक परिश्रम से उसे प्राप्त करना होगा। उक्त बातें बुधवार को नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के 15वें स्थापना दिवस के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का कार्य मानव के व्यक्तित्व का निर्माण करना है। भारत के युवाओं को नैतिक रूप से मजबूत बनाना होगा। युवाओं को उपयोगी एवं कंप्टीटेंट बनाना होगा। तभी देश को फायदा होगा। शिक्षक किसी भी देश के रीढ़ होते हैं। किसी देश के आर्थिक विकास के लिए शिक्षकों का योगदान महत्वपूर्ण है। किसी भी देश को आगे बढ़ने को लेकर लक्ष्य रखना चाहिए। इसी तरह युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा। जीडीपी के कम होने पर कहा कि इसके लिए हम सभी भारतीय जिम्मेवार है। वहीं, राज्यपाल के ओएसडी संजीव राय ने कहा कि वे जिस पद है उसमें शिक्षकों का महत्पूर्ण योगदान है। किसी भी विश्वविद्यालय की समस्या को देखता हूं तो एक तरफ खुद को छात्र के तरफ से देखने की कोशिश करता हूं। विश्वविद्यालय एक खिड़की है। जहां से पूरी दुनिया देखी जा सकती है। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मनोज टंडन ने कहा कि यहां एक विधि कॉलेज की सख्त जरूरत है,जो कि पूरी तरह से सरकार की ओर से फंडेड होना चाहिए। वहीं, कुलपति प्रो डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि यह विश्वविद्यालय तीन जिलों से जुड़ा हुआ है। पहले किराये के भवन में विश्वविद्यालय संचालित होता था। यहां पर 10 मॉडल डिग्री कॉलेज खुल गया है, पर शिक्षक के अभाव के कारण पढ़ाई शुरू नहीं हो सका है। लेकिन एक-दो माह के अंदर पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी। विश्वविद्यालय गुणवतापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को दे इसका प्रयास किया जा रहा है। भारत युवाओं का देश है। देश के 65 प्रतिशत आबादी युवाओं का है। युवाओं से आशा है कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में अहम योगदान होगा। वहीं, कुलसचिव डॉ मृत्युंजय कुमार ने विवि के 15 वर्षों के सफर का रिपोर्ट पेश किया। उन्होंने कहा कि 2009 में चार अंगीभूत और नौ संबद्धता प्राप्त कॉलेज थे। लेकिन वर्तमान में सात अंगीभूत कॉलेज, छह स्थायी संबद्धता कॉलेज, 10 संबद्धता प्राप्त कॉलेज, एक मेडिकल कॉलेज, एक डेंटल कॉलेज, 12 बीएड कॉलेज, एक लॉज कॉलेज, सात नर्सिंग कॉलेज, दो फार्मेसी कॉलेज संचालित हो रहा है। मौके रिटायर प्राध्यापक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, छात्र और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### समाहरणालय व कचहरी के विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

# डीसी ने किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन रोकने का दिया निर्देश

**सदर एसडीओ कार्यालय में प्रदर्शित ईवीएम-वीवीपैट में मतदान कर किया अवलोकन**

## कार्यशैली में सुधार लायें पदाधिकारी-कर्मीः शशि रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता



सदर एसडीओ कार्यालय में प्रदर्शित इवीएम-वीवीपैट का अवलोकन करते हुए।

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने बुधवार को कार्यालय अवधि शुरू होने के करीब एक घंटे बाद ही अपने चेंबर से निकलकर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले वे समाहरणालय भवन में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इसके बाद समाहरणालय परिसर के बाहरी भाग अथार्त कचहरी परिसर में अवस्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में उपस्थित एवं अनुपस्थित कर्मियों की जानकारी ली। कार्यालयों में कर्मियों की अनुपस्थिति पर डीसी ने कड़ी नाराजगी जताई। विभिन्न कार्यालयों में उपस्थित कर्मियों से उनके सहयोगी कर्मियों के संबंध में कार्यालय अवधि में अनुपस्थिति का कारण पूछते हुए एक दर्जन से अधिक कर्मियों का वेतन रोके रखने का निर्देश दिया। डीसी के निरीक्षण के दौरान समाहरणालय के ब्लॉक-ए भवन में अवस्थित नजारत शाखा के नाजीर रामराज राम, अनुसेवक सुजीत कुमार अनुपस्थित पाए गए। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान देवेंद्र कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, शशि शुक्ल, सतीश दूबे, प्रतिमा देवी व सतेंद्र कुमार मेहता अनुपस्थित पाये गये। योजना शाखा के निरीक्षण में भी कर्मी अनुपस्थित मिले। इस पर डीसी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित भूमि संरक्षण कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां की पूर्णिमा कुमारी अनुपस्थित मिली। डीआरडीए शाखा के औचक निरीक्षण में एपीओ सुधीर कुमार अनुपस्थित पाए गये। इसके बाद डीसी समाहरणालय के बाह्य भाग में अवस्थित रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। यहां विजय कुमार गुप्ता व ब्रज किशोर राम अनुपस्थित पाए गये। डीसी ने अवर निबंधन कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा उपायुक्त निर्वाचन कार्यालय, लेखा कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा, जिला कोषागार कार्यालय, खासमहल कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण किया।

डीसी ने विभिन्न कार्यालयों एवं शाखाओं के औचक निरीक्षण में असंतोष व्यक्त करते हुए कार्यालय प्रधान एवं कर्मियों के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने सभी को कार्यशैली में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। कहा कि कार्यालय के निर्धारित अवधि में उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि आमजनों को परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने सभी कार्यालय कर्मियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने सभी को इमानदारी पूर्वक दायित्व निर्वहन की नसीहत दी। डीसी ने कार्यालय एवं कार्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। साथ ही दस्तावेजों-अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव व सुरक्षित करने का निर्देश कर्मियों को दिया।

# पूरे विधानसभा क्षेत्र में बिछाया जा रहा सड़कों का जाल : डॉ शशिभूषण मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के प्रयास से प्रखंड में पांच सड़क की स्वीकृति प्रदान हुई है। गौरतलब है कि नावागढ़ से असरिया तक,लोहरसी चट्टी से तितलंगी तक, लोहरसी से पिपराटांड़ होते हुए नौडीहा तक, पांकी बालूमाथ मुख्य पथ सोरठ से बालूडीह चोरया होते हुए सरईडीह तक, टाटीदिरी से होटवार तक यह सभी सड़क का बहुत जल्द टेंडर निकली जाएगी। यह सभी सड़क वर्षो से बहुत जर्जर हो चुकी थी। जगह-जगह पर गड्ढ़े हो गये थे। जिसमें आम जनता को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। विधायक ने कहा कि पांकी के पूरे विधानसभा में सड़के की जाल बिछाई जा रही है। विधानसभा के सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य चल रहा है। विधानसभा में वर्षो से उपेक्षित गांवों में सड़क नाली गली और पुल-पुलिया निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा प्रयास करता हूं कि पूरे राज्य में विकास के मामले में अव्वल रहे पांकी विधानसभा।

## 22 को ठाकुरबाड़ी में विराजेंगे श्रीरामललाः देवेंद्र




**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जैप 8 मुख्यालय के समीप ठाकुरबाड़ी में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। ठाकुरबाड़ी में बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य संरक्षक श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की एक ओर जहां श्रीराम नगरी अयोध्या में बड़े धूम धाम से 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं दूसरी ओर नीलांबर पीतांबरपूर के कोटखास ठाकुरबाड़ी में भी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। साथ ही पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन होगा। यज्ञ के मुख्य संरक्षक देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पूरे विधानसभा में जितने भी सनातन प्रेमी हैं वह कम से कम पांच दीपक ही क्यों ना हो 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में जरूर जलाएं। जिसमें कथाब्यास स्तुति जी द्वारा प्रवचन होगा। यज्ञ का कार्यक्रम 18 जनवरी को श्रीहनुमत पूजा, 19 जनवरी को कलश यात्रा, 20 जनवरी को मंडप प्रवेश, 21 जनवरी को मंडप पूजन एवं नगर भ्रमण, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ परिसर में भंडारा और 23 जनवरी को लेस्लीगंज थाना स्थित थानेश्वर महादेव मंदिर की पहली वर्षगांठ पर थानेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना एवं भंडारा का आयोजन के अलावा मध्य विद्यालय लेस्लीगंज के प्रांगण में संध्या में भक्ति जागरण का कार्यक्रम होगा। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका नुसरत जहां एवं नंदनी स्वराज, अंकित सिंह द्वारा भजन एवं झांकी की प्रस्तुति होगी। प्रेस वार्ता में संरक्षक चंद्रशेखर शुक्ला, अध्यक्ष अजीत तिवारी, महासचिव रामप्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष उमेश लाल, सचिव अवध किशोर राय, संयोजक कोटखास मुखिया जूली सिंह एवं राजन सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप सौंडिक, ओम प्रकाश गुप्ता, नगीना सिंह, बबलू सिंह, रामनारायण दूबे, त्रिभुवन दूबे, गौतम सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, अरविंद डिसिल्वा, राजीव सिंह, बलकेश पासवान सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे। यज्ञ कार्यक्रम का आयोजक सनातन धर्म सभा केंद्रीय समिति नीलांबर पितांबरपुर एवं निवेदक श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समिति है।

## बसपा ने विश्रामपुर में मनाया बहन मायावती का जन्मदिन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो बहन मायावती का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रमुख संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता मेहता, पलामू लोकसभा प्रभारी वकील विनोद सोनी, जिला अध्यक्ष अजय भारती व पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने संयुक्त रूप से केक काट कर पार्टी सुप्रीमो का जन्मदिन मनाया। अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में कहा कि केवल बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसने देश में कानून व्यवस्था कायम किया है। वहीं मायावती के जन्मदिवस कार्यक्रम में अच्छी खासी भीड़ देखी गई। पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सुप्रीमो मायावती के 68 वें वर्षगांठ पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। मौके पर पूर्व महासचिव शुनेश्वर राम, पुनीत अंबेडकर, वरीय बसपा नेता गोपाल राम, विधानसभा अध्यक्ष राजू राम, नाई महासभा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, अमेश राम, वीरेंद्र बौद्ध, सुनेश्वरा राम, पिंकू सोनी, विजय राम, विजय मंडेला, शिवनाथ पासवान, डॉ राजेश रवि, डॉ साबिर अंसारी, डॉ हरिओम, सत्येंद्र सिंह, प्रफुल्ल दूबे, नईमुद्दीन अंसारी, सुरेश यादव, अशोक पासवान, राम पूजन पासवान, जयप्रकाश मेहता, संजय मेहता, अनूप मेहता, सोहेल हक, अमित यादव, अनुज राम, नीतीश कुमार और इबरार अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने बुधवार को टाटा स्टील मास्टर्स 2024 के चौथे राउंड में बुधवार को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हरा दिया और इस टूर्नामेंट के पांचवे राउंड में जगह बना ली।

### विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ा : टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट के चौथे राउंड में वर्ल्ड चैंपियन को हराया

# ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद बने भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी


ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद ने बुधवार को टाटा स्टील मास्टर्स 2024 के चौथे राउंड में मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को हरा दिया। उन्होंने इस बड़ी जीत के साथ टूर्नामेंट के पांचवें राउंड में जगह बना ली है। वे विश्वनाथन आनंद के बाद क्लासिकल शतरंज के डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय हैं। इसी के साथ ही प्रगनानंद, विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर लाइव क्लासिकल शतरंज रैंकिंग में भारत के नंबर-1 चेस खिलाड़ी बन गए। 18 साल के प्रगनानंद 2748.3 रेटिंग अंकों के साथ दो स्थान की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 11वें स्थान पर पहुंच गए, जो आनंद से 0.3 ज्यादा है। यह प्रतियोगिता नीदरलैंड के विज्क आन जी में जारी है, जो 28 जनवरी तक चलेगी।

### सचिन तेंदुलकर ने की प्रगनानंद की तारीफ

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने सोशल मीडिया पर प्रगनानंद की तारीफ की है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, 'वर्ल्ड चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ इस जीत के लिए प्रगनानंद को बहुत-बहुत बधाई। 18 साल की छोटी उम्र में आपने न केवल खेल पर अपना दबदबा बनाया, बल्कि भारत के टॉप रेटेड खिलाड़ी भी बन गए।'

### सबसे कम उम्र के हैं ग्रैंडमास्टर

चेन्नई के रहने वाले प्रगनानंद ने 2018 में प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर का तमगा हासिल किया था। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के और उस समय दुनिया में दूसरे सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

### 10 साल की उम्र में बन गए थे इंटरनेशनल मास्टर

प्रगनानंद तमिलनाडु के रहने वाले हैं। उनका जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ था। उनके पिता रमेशबाबू तमिलनाडु स्टेट कॉपोर्रेशन बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में काम करते हैं, जबकि उनकी मां नागलक्ष्मी हाउस वाइफ हैं। प्रगननंदा 10 साल की उम्र में 2016 में शतरंज के सबसे युवा इंटरनेशनल मास्टर बने थे।

## सर्वेश्वरी आश्रम में 51 गरीबों के बीच कंबल वितरित

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी स्थित सर्वेश्वरी समूह शाखा कुंदरी आश्रम की ओर से मंगलवार को 51 गरीब, असहाय, वृद्ध व दिव्यांगों के बीच कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि एसबीआई शाखा प्रबंधक नवीन कुमार सिंह ने आश्रम शाखा मंत्री प्रीतम सिंह, रणधीर सिंह, रणधीर कुमार सिंह, रंजन कुमार, मनोहर सिंह ने संयुक्त रूप से बाबा अघोरेश्वर महाप्रभु एवं गुरू पद संभव राम जी की तस्वीर पर मल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कृष्णा दूबे, रोशन कुमार, राजू कुमार, सच्चिदानंद सिंह आदि मौजूद थे।**

## बजाज पल्सर का एन 150 बाइक लांच



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला-बी मोड़ स्थित एमके बजाज शो रूम में बुधवार को बजाज बाइक के एक नये मॉडल पल्सर एन 150 लॉन्च किया गया। इस नए मॉडल के बाइक की लांचिंग वरीय समाजसेवी सह शो रूम के प्रो गोपाल राम ने किया। गोपाल राम ने कहा कि रेहला जैसे छोटे जगह पर भी यह शो रूम ग्राहकों को बजाज बाइक का हर मॉडल मुहैया करा रहा है। उन्होंने एन 150 मॉडल बाइक की विशेषता से ग्राहकों को अवगत कराया। साथ हो बाइक जुलूस भी निकाला गया। जिसकी शुरूआत बीमोड़ स्थित एम के बजाज शो रूम से हुआ। जो विश्रामपुर नगर भ्रमण करते हुऐ स्थानीय पंचमुखी मंदिर परिसर पहुंचा। इसके बाद कंपनी के लोगो ने बजाज पल्सर एन 150 से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी ग्राहकों को दी गई। इस मौके पर प्रशांत सिन्हा, ललित सिंह, कुणाल सिंह, अभिषेक तिवारी और अमित कुमार गुड्डू सहित कंपनी के कई लोग मौजूद थे।

## सिंदरी कारखाना के शिलान्यास समारोह में शामिल होंगे प्रधानमंत्री : बिरंची नारायण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 27 जनवरी को धनबाद आगमन, अयोध्या में भगवान श्रीराम के नव निर्मित भव्य मंदिर का को लेकर प्रचार-प्रसार और आगामी अन्य कार्यक्रमों के आलोक में बोकारो विधानसभा भाजपा की बैठक बुधवार को बोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवास पर संपन्न हुई जिसमें झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण खुद उपस्थित रहे। इस दौरान विषय प्रवेश प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहितलाल सिंह और संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने की। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धनबाद के सिंदरी प्लांट के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। उसके बाद बलियापुर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफलता के लिए बूथ से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता जुटे हुए है। आगामी पांच और 26 फरवरी को बोकारो विधानसभा क्षेत्र से हजारों रामभक्त अयोध्या जाएंगे। वहीं, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहितलाल सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आना हम सभी के लिए गौरव की बात है। जब भी मोदी जी आये धनबाद के लिए नई सौगात लेकर आये हैं। बोकारो विधानसभा क्षेत्र से हजारों लोग धनबाद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, सभी मंडलों के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, आदि उपस्थित थे। इस मौके पर दिलीप श्रीवास्तव, कमलेश राय, अशोक पप्पू, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, केके बोराल, अविनाश कुमार, राघवेंद्र कुमार, सुजीत चक्रवर्ती, मुकेश राय, तारा साह, पन्नालाल कांदू, हरीश सिंह और दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

## सहयोगियों के साथ धनसार के जगन्नाथ मंदिर में सांसद पीएन सिंह ने सफाई की



धनबाद (आजाद सिपाही)। अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा तक देश के सभी तीर्थ स्थलों और मंदिरों की सफाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान का आह्वान किया गया है। इस कड़ी में बुधवार को धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह धनसार जगन्नाथ मंदिर परिषद में साफ सफाई करते नजर आए। इस दौरान मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय झा, मानस प्रसून प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, मौसम सिंह, जयंत चौधरी, अखिलेश सिंह, मिथिलेश सिंह और महेश राउत आदि मौजूद थे।

## झारखंड ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण-रजत पदक जीतने वाली छात्राओं का हुआ सम्मान




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं ने तीसरी झारखंड महिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक एवं रजत पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस खेल में वेट ग्रुप-40 में श्रुति महतो ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि वेट ग्रुप-44 में कुमारी आकांक्षा ने स्वर्ण पदक व पृषा शाह ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस खेल का आयोजन झारखंड ताइक्वांडो समिति के अधीन 11-12 जनवरी को धनबाद में संपन्न हुआ। डीएवी की प्रार्थना सभा में प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने इन सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने कहा कि खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। कहा कि विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच व टीम वर्क की भावना का विकास होता है।

## कोयलांचल में कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों में बांटे जा रहे कंबल




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बढ़ती ठंड को देखते हुए सिंदरी विधायक इंद्रजीत माहतो की पत्नी सह भाजपा नेत्री तारा देवी के नेतृत्व में बुधवार को जरूरतमंदों के बीच बेलगड़ीया बजरंगबली ग्राउंड प्रांगण में लगभग 100 से अधिक कंबल का वितरण किया गया। जहां इस बढ़ती ठंड को देखते हुए, प्रशासन और समाजसेवियों की ओर से भी लगातार जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है। वहीं, भाजपा नेत्री तारा देवी ने भी जरूरत के अनुसार गरीबों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर पश्चिम मंडल के अध्यक्ष मंटू रवानी, अरविंद सिंह, महामंत्री बिरंची सिंह, विजय रवानी, पंकज सिंह, सपन बनर्जी, वकील सिंह, उपेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, राहुल मिश्रा, अशोक महतो, हरेकृष्ण रवानी आदि मौजूद थे।

### शादी के दो साल बाद विवाहिता का पेड़ से लटकता मिला था शव

# दहेज के लिए हत्या, दोषी पति सास को 10-10 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता




**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के आरोपी बसंत कुमार महतो और बसंती देवी को दोषी पाने पर 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। गौरतलब हो कि गिरिडीह ज़िला के बगोदर थाना अंतर्गत तुक तुको निवासी सूचक टिकेश्वर महतो ने पेक नारायणपुर थाना प्रभारी के समक्ष बयान दर्ज कराया था कि उसकी बेटी पूनम कुमारी की शादी पेक नारायणपुर थाना अंतर्गत मुंगो रंगामाती निवासी बसंत कुमार महतो के साथ 14 जून 2020 में हुई थी। शादी के बाद ससुराल में एक महीने तक सबकुछ ठीकठाक रहा। पर उसके बाद पति, सास एवं ससुराल वाले दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने लगे। इस बीच 30 सितंबर 2022 को पूनम ने फोन कर बताया कि अगर दहेज नहीं देने पर ससुराल वाले हत्या कर देंगें। इस बीच एक अक्टूबर 2020 को ससुराल वालों की ओर से फोन कर बताया गया कि उनकी बेटी (पूनम) कहीं चली गई है। उक्त खबर को सुनकर जव वे लोग बेटी के ससुराल मूंगो रंगामाटी पहुंचे तो घर में कोई नहीं था। खोजबीन करने पर जंगल में खेत के पास पेड़ पर बेटी का शव लटकते पाया गया। गले में साड़ी का फंदा लगा हुआ था। मृतका के पिता ने विश्वास के साथ दावा किया कि उनकी पुत्री को उसके पति बसंत कुमार महतो, बसंती देवी एवं ससुराल वालों ने मिलकर जान से मारकर साक्षय छिपाने के लिए पेड़ में लटका दिया। उक्त बयान के आधार पर पेक नारायणपुर थाना में मामला दर्ज किया गया। इसके बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय अनील कुमार के न्यायालय में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश अनिल कुमार ने दहेज हत्या में बसंत कुमार महतो और बसंती देवी को दोषी करार देते हुए 10-10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद दोषियों बसंत महतो और बसंती देवी को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया ।

## जीवन में मानव सेवा ही सबसे सर्वोपरि : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**भाजपा नेता (पूर्व आइजी) ने जरूरतमंद लोगों के बीच किया कंबल वितरण**



जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण करते लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता (पूर्व आइजी) लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने ठंड को देखते हुए बुधवार को धनवार के बरजो भाजपा कार्यालय में क्षेत्र के कई असाहय व जररूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल पाकर सभी लोगों में खुशी देखी गई। इस दौरान लक्ष्मण सिंह ने कहा कि बढ़ते ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया, ताकि लोग इस कपकंपाती ठंड से बच सके। जीवन में मानव सेवा ही सबसे सर्वोपरी है। इसलिए हमलोग मानव सेवा का प्रयास कर रहे और भाजपा का लक्ष्य भी यही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस तरह का कार्यक्रम उनकी ओर से आयोजित किया जाता है। आने वाले वर्षों में भी इस तरह का कार्यक्रम होता रहेगा। मौके पर पवन सिंह, नकूल राय, विभूति नारायण, अजय राय, महेश राय, प्रमोद राय, इम्तियाज अली, रामचंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## राजगंज गुहीबांध सड़क किनारे भू-धंसान, पांच दुकानें ध्वस्त



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास-राजगंज मुख्य मार्ग पर स्थित गुहीबांध सड़क किनारे भू धंसान में पांच दुकानों के जमींदोज हो गई। इसमें ईदगाह मोहल्ला राम पूजन नगर निवासी मो नवाब कि (राजा फर्नीचर) की पांच दुकानों में रखे लगभग पांच लाख के सामान व मोहम्मद रब्बानी के वेल्डिंग का दो लाख का सामान गोफ में समा गया। इसकी खबर पाकर बुधवार को बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद घटनास्थल पहुंचे और जायजा लिया। पीड़ितों को यथासंभव मदद का भरोसा दिया। वहीं बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो भी मौके पर पहुंचे और लोगों से मिले। घटना के लिए पूर्व एसपी संजीव कुमार को दोषी ठहराया। कहा कि केंद्र सरकार को मामले की जानकारी देकर अविलंब संजीव कुमार पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे। वहीं, पूर्व मंत्री व विधायक जलेश्वर महतो जदयू प्रदेश महासचिव दीप नारायण सिंह, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल, रति लाल टुड्डू, राजेंद्र प्रसाद आदि ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ितों की मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर जिले में कांग्रेस कर रही बैठक व यात्रा

## 2024 लोकसभा चुनाव में देश की जनता मोदी व भाजपा सरकार को देगी उचित जवाव : संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** सिंदरी विधानसभा अंतर्गत बलियापुर प्रखंड के मुकुंदा गांव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी के जिले में आगमन कार्यक्रम को सफल व ऐतिहासिक बनाने को लेकर बुधवार को कांग्रेस की सभा हुई। साथ ही पदयात्रा कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से प्रखंडों एवं नगरों के बूथ स्तर तक संगठन को धारदार व मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। संगठन सशक्तिकरण को लेकर जिला के सभी विधानसभा में पंचायत एवं वार्ड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार की जमकर आलोचना की। कहा कि मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। आरोप लगाया कि भाजपा के हर फैसले से आम जनता त्रस्ट हैं। नोटबंदी, लॉकडाउन, जीएसटी, कृषि कानून, अग्निवीर और अब हिट एंड रन कानून से देश का हर वर्ग परेशान है। मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्तमान में देश की स्थिति दयनीय होने के साथ ही आर्थिक व्यवस्था भी चरमरा गई है। महंगाई व बेरोजगारी चरम पर हैं। लोग मोदी सरकार का असली चेहरा देख चुके हैं। आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में देश की जनता भाजपा सरकार को उचित जवाब देगी। लगे हाथ संतोष सिंह ने बताया कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ों न्याय यात्रा के माध्यम से आर्थिक विषमता के मुद्दे उठाये। भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी जी के नेतृत्व में 14 जनवरी से 20 मार्च तक निकाली जाने वाली 6200 किलोमीटर लंबी भारत न्याय यात्रा 14 राज्यों के 85 जिलों से होकर गुजरेगी, यह यात्रा आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय के लिए है। इसका उद्देश्य लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। मौके पर बलियापुर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ईदु अंसारी, संतोष कुमार मोदक, धनेशवर सिंह, मनोज मोदक, राजू बाउरी, खगेंद्र मोदक, अर्जुन गोराई, मदन गोराई, सुभाष महतो उमेश भूईया, सुनिल रवानी, अशोक कर्मकार, विनय महतो, दारू भुईया, पप्पू निशाद, सुधन महतो, खेदानत मोदक आदि थे।


**झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,**
**कोडरमा वन प्रमण्डल**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त पदार्थों के विरूद्व प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बिन्देश्वर यादव (वाहन स्वामी), पिता – बाबूलाल यादव, साकिन – बंगाई, पो0+थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 03/16 | एस0 मॉडल ट्रक | BPM-8362 | ढीबरा | 18.02.16 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | इस्लाम मियाँ, पिता – हफीज खान, ग्राम – गझण्डी, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 19/16 | शक्तिमान ट्रक | DIS-220 | ढीबरा | 21.08.16 | श्री राजकुमार सिंह, प्रभारी वनपाल |
| 3 | संतोष यादव (वाहन स्वामी), पिता – स्व0 लाटो यादव, साकिन – सिमरिया, पो0 – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 24/16 | टाटा 407 | BR-27B-2072 | ढीबरा | 23-10-16 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 4 | उमेश यादव, पिता – सुकर यादव, साकिन – पारहो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 14/17 | (1) टाटा 407 ट्रक (2) शक्तिमान ट्रक | BR-14G-7722 BR-20G-6825 | ढीबरा | 25.04.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | रामेश्वर साव, पिता – स्व0 बंधु साव, साकिन – बेहराडीह, पो0 – सरमाटांड़ थाना – जयनगर, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 26/17 | पिकअप भैन | JH-12F-7883 | लकड़ी (चिरान पटरा) | 07.10.17 | श्री बिन्देश्वरी उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 6 | नईम खान, पिता – शरिफ खान, साकिन – पाण्डेडीह बाजार, थाना – धनवार, जिला – गिरिडीह। | 09/17 | बेलेरो पिकअप भैन | JH-11L-0591 | लकड़ी (पटरा) | 26.01.17 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 7 | सूरज कुमार शर्मा (वाहन स्वामी), पिता – रामदेव शर्मा, ग्राम + पो0 + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 06/17 & 07/17 | (1)पिकअप भैन (2) टाटा 407 ट्रक | (1) JH-12C-6482 (2) BR-17G-9243 | ढीबरा | 08.02.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 8 | गणेश प्रसाद सिंह, पिता – चड़कू सिंह उर्फ चरकू सिंह, साकिन –बंगाखलार, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 67/18 | जे0सी0बी0 | ईंजन नं0 H00177625 चेचिस नं0 HAR3DXSS03600046 | ढीबरा | 16.12.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 9 | फिरोज अंसारी, पिता – रजाक अंसारी, ग्राम – ढोढ़ाकोला, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 27/19 | टाटा 709 मिनी ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 02.12.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 10 | अज्ञात | 44/20 | टाटा 407 | JH-02F-0800 | ढीबरा | 11.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 11 | रवि मेहता, पिता – हरीलाल मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 05/20 | जे0सी0बी0 मशीन | बिना नम्बर का | ढीबरा | 19.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 12 | शंभु राणा, पिता – स्व0 भैरो राणा, ग्राम – बिरजामू, पो0 – बगड़ो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 03/20 (mics) | – | – | लकड़ी | 01.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 13 | दीपक यादव, पिता – महेश यादव, साकिन – तेतरीयाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 08/20 | टैम्पू | बिना नम्बर का | ढीबरा | 11.02.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 14 | आजाद मेहता, पिता – वृजनन्दन मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 10/21 | जे0सी0बी0 मशीन | मतपंस छवण श्र00046673 | ढीबरा | 09.03.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 15 | गोविन्द मेहता, पिता – स्व0 लालजीत मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना –डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 11/21 | कमाण्डर जीप | बिना नं0 का | ढीबरा | 20.03.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 16 | राजेश साव, पिता – भगवान साव, साकिन – महथाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 02/21 | मारूती भैन | ठ.38क.7457 | ढीबरा | 22.12.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 17 | मिथलेश कुमार मेहता, पिता – स्व0 वजीर मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 03/21 | टाटा 709 | ठ.11 ।.9648 | ढीबरा | 04.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 18 | संजय कुमार मेहता, पिता – स्व0 कार्तिक मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 01/21 | (1) शक्तिमान ट्रक (2) मोटर साईकिल होण्डा साईन | (1) बिना नं0 का (2) श्र.12ज्ञ.9157 | ढीबरा | 14.12.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 19 | इश्वरी मेहता उर्फ इसर मिस्त्री, पिता – स्व0 बहादुर मेहता, ग्राम – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 29/21 | महिन्द्र 475क् | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.08.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | सूरज शर्मा, पिता – रामदेव शर्मा, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 27/21 | पिकअप भैन | श्र.12६8265 | ढीबरा | 27.07.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 21 | मनोज साव, पिता – लक्ष्मण साव, साकिन – गोरियाडीह, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 17/21 | सवारी गाड़ी | श्र.12ठ.0846 | लकड़ी | 03.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 22 | बसंत मेहता, पिता – लक्ष्मण मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 20/21 | 10 चक्का ट्रक | ठत्27ळ.0829 | सफेद पत्थर | 27.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 23 | विवेक मेहता उर्फ लल्लू मेहता, पिता – लखन मेहता, साकिन – विधीन पीण्डा, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 39/21 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.10.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 24 | दिवाकर सिंह, पिता – बद्री सिंह, साकिन – दिबौर, पो0 – मेघातरी, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 31/18 | पिकअप भैन | श्र.10ळ.1574 | ढीबरा | 24.07.17 | राजेश एफ0 लकड़ा, स0ख0पदा0, कोडरमा |
| 25 | बिन्देश्वरी मेहता, पिता – रामेश्वर मेहता, साकिन – तेतरीयाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 31/22 | कमाण्डर जीप | बिना नं0 का | ढीबरा | 17.12.21 | नागेशनाथ कुजुर, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 26 | बिमल यादव, पिता – धनेश्वर यादव, साकिन – बरदारधाम, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 17/22 | सोनालीका ट्रैक्टर क्स734 | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | भोलाराम, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 27 | किशोर यादव, पिता – तुलसी यादव, साकिन – लहरियाडीह, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 08 | 30/22 | तीन 407 | बिना नं0 का | ढीबरा | 27.09.21 | हरिचन्द्र लागूरी, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 28 | भीमलाल कुमार मेहता, पिता – छोटन मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 04 | 47/22 | कमाण्डर जीप | ड्र54क.0246 | ढीबरा | 07.06.22 | महेन्द्र मिश्रा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 29 | सोनु चन्द्रवंशी, पिता – अर्जुन राम, साकिन + थाना – बरही, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 04 | 66/18 | 407 ट्रक | बिना नं0 का | लकड़ी | 05.06.18 | उपेन्द्र कुमार यादव, स0अ0नि0, चंदवारा |
| 30 | मो0 शमशाद, पिता – मो0 मकबुल, साकिन – मायापुर, थाना – टाटी झरीया, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 06 | 49/22 | ट्रक | श्र.02ठष्.4358 | पत्थर | 28.07.20 | सोनी प्रताप, पु0अ0नि0, तिलैया |
| 31 | राहुल जसवाल, पिता – नरेश जसवाल, साकिन – सहपुर, थाना – कटकमसंडी, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 02 | 28/21 | 6 चक्का 609 | बिना नं0 का | ढीबरा | 17.02.21 | लव कुमार, पु0अ0नि0, डोमचाँच |
| 32 | दीपु मेहता, पिता – स्व0 सीयाराम मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 29/22 | दस चक्का ट्रक | श्र.02६2529 | ढीबरा | 19.11.21 | हरिशचंद्र लगूरी, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 33 | राजु यादव, पिता – चुरामन यादव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 48/22 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 27.12.21 | पंचम तिग्गा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 34 | पप्पु कुमार राम, पिता – शिवशंकर राम, साकिन – पुरनानगर, थाना + जिला – कोडरमा। | 42/21 | ट्रक | श्र.12ठ.6543 | ढीबरा | 11.07.21 | रंजीत कुमार झा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 35 | कृष्णा मेहता, पिता – ज्ञानचंद मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 19/18 & 20/18 | ट्रक | श्र.12६3347 | ढीबरा | 07.01.18 | रवि किशोर प्रसाद, स0अ0नि0, जयनगर |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अन्तर्ग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 19.01.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 19.01.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

PR 316268 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


## प्रो रश्मि मिश्र की पुस्तक युविका का विमोचन



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रोफेसर रश्मी मिश्र द्वारा युविका नामक कविता संग्रह 16 जनवरी को रोटेरियन जय श्री महांति द्वारा भुवनेश्वर स्थित स्थानीय होटल में विमोचन किया गया। प्रोफेसर रश्मी मिश्र और डॉ लिता महापात्र द्वारा प्रोफेसर रश्मी मिश्र ने महिला के अंधेरे से पवित्र मुक्ति और मानसिक मुक्ति के लिए शारीरिक बाधाओं पर आधारित संग्रह के बारे में बात की। इसमें डॉ मंजु पटनायक, चिन्मय जेना और प्रोफेसर गोपा रंजन मिश्र, डॉ दीपा पाढी उपस्थित थे।

## अगले 24 घंटों में राज्य में बारिश की संभावना है

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अगले 24 घंटों में राज्य में बारिश की संभावना। मौसम विभाग ने हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। बारिश का असर केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर और पुरी जिलों के कुछ स्थानों पर देखा जा सकता है। मौसम केंद्र ने 20 तारीख तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इसी तरह, कालाहांडी, कंधमाल, कोरापुट, नबरंगपुर, सुंदरगड, केंऊझर और झारसुगुड़ा जिलों में घने कोहरे की स्थिति हो सकती है। मौसम केंद्र ने पीली चेतावनी जारी की है। इसी तरह मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी और सर्दी पड़ने की संभावना है। प्रदेश में दो दिन तक बारिश की संभावना है। 17 तारीख को बरगड, सुंदरगड, झारसुगुड़ा, केंऊझर, संबलपुर, देवगड़ और मयूरभंज के कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसी तरह, मौसम विभाग ने सुंदरगड, क्योंझर, देवगड, मयूरभंज, अंगुल, ढेंकानाल, जाजपुर, बालेश्वर और भद्रक जिलों के कुछ स्थानों पर बारिश की पूर्वानुमान की है।

### कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का सिर्फ नारा दिया

# हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

तिरुअनंतपुरम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 जनवरी को आंध्र प्रदेश-केरल दौरे पर हैं। बुधवार (17 जनवरी) की सुबह पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल के गुरुवायूर मंदिर और त्रिप्रयार श्रीराम मंदिर में पूजा की। दोपहर करीब 1 बजे उन्होंने कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड से जुड़े 4000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने एनार्कुलम में भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारियों के सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हमें वोटर को बताना होगा कि 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी, तब



आये दिन आतंकी हमले होते थे। आज भारत को दुनिया विश्व मित्र के रूप में देख रही है। गल्फ देशों में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने पांच दशकों तक सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया। पिछले 9 सालों के दौरान हमारी सरकार में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इससे पता चलता है कि हमने विकास के लिए जो रास्ता चुना है वो सही है। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का फॉर्मूला देते हुए कहा कि हमारा संकल्प होना चाहिए हम अपना बूथ जीतेंगे। हम एक बूथ जीत सकते हैं तो केरल में चुनाव जीत सकते हैं। आपको अधिक मेहनत करनी होगी और हर मतदाता पर ध्यान देना होगा। केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी गठबंधन यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय है। हमें ये लोगों तक पहुंचाना होगा।

# लक्ष्मण सिंह ने पूजित अक्षत कलश के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

राजधनवार। श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश के साथ बुधवार को भाजपा सहित विभिन्न हिंदू संगठनों के द्वारा धनवार प्रखंड क्षेत्र के गादी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। राम भक्तों ने यह यात्रा गादी दुर्गा मंदिर प्रांगण से जय श्री राम का नारा लगाते हुए निकला और गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए लोगों को पूजित अक्षत देकर अगामी 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में पूजा- पाठ एवं आरती करने तथा घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाने का आग्रह किया। भक्तों के उद्घोष से पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा।



पूजित अक्षत कलश के साथ निकाली गयी शोभायात्रा में शामिल लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

इस दौरान लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसी को लेकर लोगों को निमंत्रण दिया जा रहा है कि प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन लोग मंदिर में पूजा पाठ करे और अपने-अपने घरों में दीपक जला कर दीपावली मनायें। यात्रा में विजय पांडेय, नकूल राय, राजेंद्र राय, अनील राय, केदार राय, रंजीत राय, महेश्वरी राय, लालजीत राय, रामलखन राय, रामदेव राय, दामोदर राय, प्रकाश राय, सवंतक पांडेय, रोहित चौधरी आदि सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव ने 19वां स्थापना दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

भूवनेश्वर। एनटीपीसी बोंगाईगांव ने अपने संयंत्र परिसर में अपना 19वां स्थापना दिवस मनाया। करुणाकर दास सीजीएम एनटीपीसी बोंगाईगांव ने प्रशासनिक भवन परिसर में एनटीपीसी ध्वज फहराया, जिसके बाद एनटीपीसी गीत और केक काटा गया। एनटीपीसी रंग के गुब्बारे दास द्वारा संजय पांडेय जीएम (प्रोजेक्ट) इंदुरी एस रेड्डी जीएम (रखरखाव) आशुतोष विश्वास जीएम (ऑपरेशन) जीएम थांगजोम कमांडेंट सीआईएसएफ विभागीय की उपस्थिति में छोड़े गये। विभिन्न विभागों, यूनियनों और एसोसिएशनों के प्रमुख और कर्मचारी, बर्दवी शिकला लेडीज क्लब और सीआईएसएफ के सदस्य उपस्थित थे। दास ने कहा कि 16 जनवरी 2006 को रखी गयी एनटीपीसी बोंगाईगांव की आधारशिला ने न केवल पूरे बीटीआर क्षेत्र में विकास के द्वार खोले हैं। दास ने स्टेशन की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे एनटीपीसी बोंगाईगांव आज न केवल संचालन और रखरखाव के कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ा है, बल्कि राज्य और देश के पूरे बिजली मानचित्र पर एक सकारात्मक छवि भी बनायी है। स्टेशन ने वित्त वर्ष 22-23 में 5026.88 एमयू की उच्चतम बिजली उत्पादन और वित्त वर्ष 22-23 में 76.51% का पीएलएफ, वित्त वर्ष 21-22 में 4201.45 एमयू की पिछली पीढ़ी को पार कर लिया।



सीएम नवीन पटनायक ने श्रीमंदिर परिक्रमा परियोजना का शुभारंभ किया।

# एनटीपीसी तालचेर थर्मल नवाचार और सामुदायिक विकास के प्रति दृढ़ है



आजाद सिपाही संवाददाता

भूवनेश्वर। एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने अपनी 1320 मेगावाट (स्टेज-III: 2 एक्स 660) परियोजना को विकसित करने में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। ओड़िशा के लिए 50% बिजली आपूर्ति रखने के साथ, यह परियोजना आस-पास के राज्यों को बिजली प्रदान करके देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। हाल ही में एक कार्यक्रम में, एनटीपीसी तालचेर थर्मल के कार्यकारी निदेशक गौतम देब ने आसपास के क्षेत्रों में सामुदायिक विकास के लिए संगठन के समर्पण को रेखांकित किया। उन्होंने बुनियादी ढांचे में वृद्धि, कौशल विकास और स्वास्थ्य देखभाल पहल सहित विभिन्न पहलों के कार्यान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने टिप्पणी की, तालचेर थर्मल स्थायी पहलों के माध्यम से परिधीय समुदाय के उत्थान की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है जो उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान देता है।

आगामी संयंत्र के पर्यावरणीय प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, देब ने जोर देकर कहा, नयी सुविधा कार्बन उत्सर्जन को कम करने और भूमि पदचिह्न को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी, जो कड़े पर्यावरण मानकों के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करेगी। एनटीपीसी तालचेर थर्मल तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर दोहरे फोकस के साथ उद्योग का नेतृत्व करना जारी रखता है, जो एक टिकाऊ और लचीली ऊर्जा भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।




# वेदांता एल्युमीनियम स्टार्टअप्स के सहयोग से अपने डिजिटल नवाचारों का प्रदर्शन करता है

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर, भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम, 90 विविध परियोजनाओं पर लगभग 60 अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के साथ अपने सहयोग का जश्न मना रहा है। विनिर्माण की पारंपरिक धारणाओं से परे जाकर, कंपनी उद्योग 4.0 प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर रही है। अपने कार्यों में परिचालन उत्कृष्टता और नवीनता लाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण (एनएलपी), मशीन लर्निंग (एमएल) ड्रोन तकनीक, कंप्यूटर विजन, रोबोटिक्स और बहुत कुछ।



राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के उपलक्ष्य में, कंपनी ने अपने सहयोग के सफल परिणामों को प्रदर्शित करने और वेदांत एल्युमीनियम के महत्वपूर्ण संचालन में उभरती प्रौद्योगिकियों के प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए बहुमुखी ज्ञान-साझाकरण सत्र के लिए कई प्रमुख स्टार्टअप को आमंत्रित किया। इनमें कंपनी के स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी, बिजली संयंत्र, खदानें, सामग्री प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला और एचएसई (स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण) प्रथाएं जैसे विविध परिदृश्य शामिल हैं।

'स्टार्टअप इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' के लोकाचार के अनुरूप, यह प्रयास कंपनी की पहल, वेदांत स्पार्क, एक अद्वितीय वैश्विक कॉर्पोरेट नवाचार, त्वरक और उद्यम कार्यक्रम का एक अभिन्न पहलू था जो स्टार्टअप को बड़े पैमाने पर प्रभाव पैदा करने के लिए सशक्त बनाता है। बड़े पैमाने पर व्यावसायिक चुनौतियों को हल करने के लिए परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर। वेदांता स्पार्क प्रोजेक्ट के तहत, वेदांता एल्युमीनियम ने इंस्मेल्टरों में परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए भविष्य कहनेवाला और निदेर्शात्मक विश्लेषण, महत्वपूर्ण उत्पादन मापदंडों की निरंतर निगरानी के लिए आईओटी समाधान, तैयार माल की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए उन्नत मॉडलिंग, बिजली संयंत्रों के स्टार्टअप अनुकूलन जैसी परियोजनाओं के लिए गहन तकनीकी स्टार्टअप के साथ साझेदारी को बढ़ावा दिया है। कर्मचारियों के सुरक्षा प्रशिक्षण के लिए एआर/वीआर/एक्सआर सिमुलेशन, ड्रोन-आधारित निगरानी, और भी बहुत कुछ।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# पूर्व तट रेलवे ने 46 रेलवे कर्मचारियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही सवांददाता

भूवनेश्वर। पूर्व तट रेलवे ने आज भुवनेश्वर के रेलवे ऑडिटोरियम में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2023 मनाया। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने




सभी रेलकर्मियों को लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उनके 247 अथक प्रयास के लिए बधाई दी। इस अवसर पर, मेधावी रेलवे पुरुषों और महिलाओं को उत्कृष्ट सेवा और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण के लिए महाप्रबंधक का विशेष पुरस्कार विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार सौंपा गया। व्यक्तिगत स्तर पर कुल मिलाकर 46 रेलवे कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, संकट के दौरान रेल ट्रैफिक बहाली टीम के लिए दो समूह पुरस्कार प्रदान किये गये। पूर्व तट रेलवे में सर्वश्रेष्ठ होने के लिए खुर्दा रोड रेलवे जोन को समग्र दक्षता शील्ड से सम्मानित किया गया। वाल्टेयर रेलवे डिवीजन में श्रीकाकुलम रोड रेलवे स्टेशन को बड़े स्टेशन श्रेणी में और संबलपुर रेलवे डिवीजन में बरगड़ रोड स्टेशन को छोटे स्टेशन श्रेणी में स्वच्छता शील्ड से सम्मानित किया गया है। विशिष्ट रेलवे सेवा पुरस्कार 2023 के अन्य अतिथियों में पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष दिव्या शर्मा, अतिरिक्त महाप्रबंधक शरद कुमार श्रीवास्तव शामिल थे जबकि सभी प्रमुख विभागीय अधिकारी, खुर्दा रोड, संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक और वाल्टेयर रेलवे जोन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**